

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 5 | अंक : 179 | सोमवार, 10 अगस्त 2026 | श्रावण माह, कृष्ण, द्वादशी, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 5 रुपया


## महाराष्ट्र: बारामती एयरपोर्ट पर प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त, टेकऑफ से पहले हुआ हादसा

**एजेंसी समाचार**

**बारामती।** पुणे जिले की बारामती हवाई पट्टी के पास अचानक एक प्रशिक्षण विमान हादसे का शिकार हो गया। घटना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और अब हादसे की वजह पता लगाने में जुटी है। क्या विमान में तकनीकी गड़बड़ी आई थी या इसके पीछे कोई और वजह थी? पढ़िए रिपोर्ट-

निजी कंपनी का एक प्रशिक्षण विमान रविवार को महाराष्ट्र के पुणे जिले में बारामती हवाई पट्टी के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हादसा दोपहर करीब साढ़े 12 बजे हुआ। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने बताया कि प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान बारामती हवाई पट्टी में एक विमान (वीटी-एसईएक्स) रनवे से बाहर निकल गया। विमान में कैप्टन चिराग शशिकांत डोइफोडे और कैडेट अभिजीत जुंद्रे सवार थे। वे विमान के चक्कर लगाने और आपात स्थिति में लैंडिंग के अभ्यास कर रहे थे।



एसपी ने बताया कि अभ्यास के दौरान विमान पूरी तरह रुक नहीं पाया। वह रनवे 29 के अंतिम हिस्से से आगे निकल गया और पक्की सतह से बाहर चला गया। उन्होंने बताया कि हादसे में किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

महाराष्ट्र के तत्कालीन उपमुख्यमंत्री अजित पवार की इसी तरह की एक दुर्घटना में मौत के करीब सात महीने बाद बारामती में फिर विमान हादसा हुआ है।

जनवरी में अजित पवार समेत पांच लोगों की मौत बारामती हवाईअड्डे के पास एक विमान हादसे में हुई थी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) नेता अजित पवार, उनके निजी सुरक्षा अधिकारी और सहायक के साथ दो कॉकपिट क्रू सदस्य विमान में सवार थे। इनमें पायलट-इन-कमांड सुमित कपूर और फर्स्ट ऑफिसर शांभवी पाठक शामिल थे। उनका लियरजेट 45 विमान 28 जनवरी को दूसरी बार लैंडिंग की कोशिश के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

इससे पहले 13 मई को भी निजी कंपनी का एक दूसरा प्रशिक्षण विमान बारामती में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई थी। विमान में केवल प्रशिक्षु पायलट सवार था और वह हादसे के बाद सुरक्षित बच गया था। यह दुर्घटना बारामती हवाई पट्टी वाले इलाके से सटे गोजुबावी गांव के पास हुई थी। लैंडिंग से ठीक पहले विमान का एक हिस्सा बिजली के खंभे से टकरा गया था।

एक अधिकारी ने कहा था, चश्मदीदों से मिली शुरूआती जानकारी के मुताबिक विमान काफी कम ऊंचाई पर उड़ रहा था। इसी दौरान उसमें तकनीकी खराबी आ गई। क्रैश लैंडिंग के दौरान विमान का एक हिस्सा कथित तौर पर बिजली के खंभे से टकराया और इसके बाद वह जमीन से जा टकराया।

### प्रदेश में मंगलवार से छात्रवृति के लिए आवेदन कर सकेंगे छात्र

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की पूर्वदशम, दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के तहत वर्ष 2026- 27 के लिए आवेदन प्रक्रिया 11 अगस्त से शुरू होगी। छात्र 11 से 25 अगस्त तक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकेंगे। जबकि वर्ष 2026-27 सत्र के नए (फ्रेश कैटेगरी में शामिल) छात्र 11 अगस्त से 21 सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के जरिये पिछले 9 वर्षों में करीब 22 करोड़ से अधिक छात्रों को आर्थिक सहायता मिल चुकी है। वर्ष 2025-26 में पिछड़ा वर्ग के 36 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को पूर्वदशम और दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत आर्थिक सहायता प्रदान की गई। पूर्वदशम यानी कक्षा 9 और 10 की छात्रवृत्ति योजना के तहत 8.88 लाख छात्रों के बैंक खातों में कुल 219.64 करोड़ रुपये की धनराशि भेजी गई थी। इस अवधि में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के तहत इंटरमीडिएट से लेकर उच्च शिक्षा तक के 27.86 लाख छात्रों को कुल 2882.02 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी गई थी।

## लाल किले पर अभेद्य सुरक्षा

### 20 हजार जवानों की तैनाती, चप्पे-चप्पे पर CCTV कैमरे; एंटी-ड्रोन सिस्टम भी तैयार

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली.** दिल्ली के लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए 15 से 20 हजार सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे। सुरक्षा व्यवस्था में एनएसजी, कमांडो, स्नाइपर, एनडीआरएफ और क्यूआरटी शामिल होंगी। लाल किले और आसपास एक हजार से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। एंटी-ड्रोन सिस्टम भी सक्रिय रहेंगे।

दिल्ली के लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। डीसीपी नॉर्थ राजा बांठिया ने बताया कि सुरक्षा तैनाती की योजना को मानव बल और तकनीकी तैनाती, दो हिस्सों में बांटा गया है। समारोह के दौरान विभिन्न एजेंसियों के करीब 15 से 20 हजार सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे।

उन्होंने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था में दिल्ली पुलिस की ट्रैफिक यूनिट, नॉर्थ जिला की टीमें, स्थानीय पुलिस, पीसीआर, स्पेशल ब्रांच और स्पेशल सेल के साथ अन्य सुरक्षा बल शामिल होंगे। इसके अलावा बड़ी संख्या में



अर्धसैनिक बलों की कंपनियां, कमांडो और एनएसजी की टीमें भी तैनात रहेंगी। इनमें हिट टीमें और स्नाइपर भी शामिल होंगे।

किसी भी संभावित आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए एनडीआरएफ की टीम भी मौजूद रहेगी। वहीं, क्विक रिएक्शन टीमें रणनीतिक स्थानों और वॉचटावर पर तैनात की जाएंगी। तकनीकी सुरक्षा व्यवस्था के तहत लाल किले और आसपास के इलाकों में एक हजार से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इनकी निगरानी के लिए कंट्रोल रूम बनाए गए हैं, जहां प्रशिक्षित कर्मी कैमरों की लाइव फीड पर नजर रखेंगे। जमीनी स्तर पर त्वरित कार्रवाई करने वाली टीमों के लिए भी विशेष स्थान निर्धारित किए गए हैं।

डीसीपी ने बताया कि जरूरत के अनुसार विभिन्न स्थानों पर वीडियो एनालिटिक्स तकनीक का भी इस्तेमाल किया गया है। इसमें फेसियल रिकग्निशन सिस्टम नंबर प्लेट रिकग्निशन और घुसपैठ का पता लगाने वाली प्रणाली शामिल है।

## जमात-ए-इस्लामी पर शिकंजा: यूएपीए मामले में 26 ठिकानों पर पुलिस का छापा

**एजेंसी समाचार**

**सोपोर.** प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) से जुड़े यूएपीए मामले की जांच के तहत सोपोर पुलिस ने रविवार को पुलिस जिला सोपोर में 26 स्थानों पर एक साथ तलाशी अभियान चलाया। ये तलाशी जेईआई के नेताओं, सदस्यों और कार्यकताओं से जुड़े आवासीय एवं अन्य परिसरों में की गई। अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों से आपत्तिजनक दस्तावेज, साहित्य और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद कर जब्त किए गए हैं। जब्त सामग्री की जांच की जा रही है ताकि प्रतिबंधित संगठन से जुड़े अन्य लोगों गतिविधियों और संभावित नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाई जा सके।पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई प्रतिबंधित संगठनों और उनसे जुड़े नेटवर्क के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है। तलाशी की पूरी कार्रवाई निर्धारित कानूनी प्रक्रिया और नियमों के तहत की गई। सोपोर पुलिस ने कहा कि गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल पाए जाने वाले व्यक्तियों या संगठनों के खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। मामले में आगे की जांच जारी है।

## महिला आरक्षण विधेयक को अकाली दल का समर्थन: शिअद ने केंद्र से की ये मांग, BJP से गठबंधन पर क्या बोले गुलजार?

**एजेंसी समाचार**

**अमृतसर.** शिअद के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री गुलजार सिंह ने कहा परिसीमन और महिला आरक्षण विधेयक पंजाब के हित, शांति और समृद्धि के लिए हैं। इसको लेकर हमारी केंद्र सरकार से सहमति बनी है। परिसीमन और महिला आरक्षण विधेयक पर पूर्व मंत्री और शिरोमणी अकाली दल के नेता गुलजार सिंह ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा अकाली दल हमेशा महिलाओं के पक्ष में रहा है और आगे भी रहेगा। यह सार्वजनिक हित का मामला है। परिसीमन भी जनता के हित में है इसलिए हमने इसका समर्थन करने का फैसला लिया है। आने वाले विधेयक पंजाब के हित, शांति और समृद्धि के लिए हैं। यह निर्णय पार्टी अध्यक्ष ने लिया है। वहीं, उन्होंने भाजपा के साथ गठबंधन की संभावना के बारे में प्रतिक्रिया देते हुए



कहा इस बारे में पार्टी अध्यक्ष फैसला लेंगे। फिलहाल अभी हमारा भाजपा से विधेयकों के समर्थन पर सहमति बनी है। बता दें कि शिरोमणि अकाली दल ने केंद्र सरकार से महिला आरक्षण विधेयक तत्काल लागू करने की मांग की है। पार्टी ने सभी राज्यों में संसदीय सीटों की संख्या में 50 फीसदी बढ़ोतरी के केंद्र के प्रस्ताव का समर्थन किया। ये फैसले शनिवार को अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर बादल की अध्यक्षता में हुई वरिष्ठ नेताओं की बैठक में लिए गए। बैठक के एजेंडे अहम माने गए क्योंकि सुखबीर बादल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर लौटे थे। सुखबीर ने कहा कि अकाली दल महिला आरक्षण विधेयक के साथ परिसीमन प्रक्रिया को भी तुरंत आगे बढ़ाने के पक्ष में है। पार्टी लोकसभा में पेश सभी राज्यों की संसदीय सीटों में 50 फीसदी बढ़ोतरी के प्रस्ताव का समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि परिसीमन प्रक्रिया निष्पक्ष और समान होनी चाहिए।

## भारतीय कानून मानने ही होंगे: मेटा को सरकार का साफ संदेश; एल्गोरिदम पर भी नजर

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** सरकार ने स्पष्ट किया है कि भारत में मेटा के प्लेटफॉर्म को भारतीय कानूनों और स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप काम करना होगा। बातचीत का केंद्र कंपनी के पूरे एल्गोरिदम को बदलना नहीं, बल्कि कंटेंट मॉडरेशन, उरअट, डीपफेक और सिंथेटिक कंटेंट से जुड़े मौजूदा सिस्टम को अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाना है। सरकार खास तौर पर स्थानीय भाषाओं और सांस्कृतिक संदर्भों की बेहतर समझ, संवेदनशील मामलों में मानव समीक्षा तथा हटाए गए हानिकारक कंटेंट को दोबारा रिकमेंड होने से रोकने पर जोर दे रही है। मेटा और टी३ के बीच तकनीकी बातचीत जारी रहेगी और अगले सप्ताह फिर बैठक होने की संभावना है। हालांकि कुछ चिंताएं अब भी बनी हुई हैं, अधिकारियों ने कहा कि मेटा के साथ हालिया बातचीत का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्लेटफॉर्म की गाइडलाइंस और कंटेंट पॉलिसी पूरी तरह भारतीय कानूनों के अनुरूप हों।

## मथुरा में छह दिसंबर को होगी कारसेवा

### साधु-संतों का एलान- कृष्णा लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे

**एजेंसी समाचार**

**मथुरा।** मथुरा में कारसेवा के लिए राधाकुंड क्षेत्र के जुल्हैंदी स्थित चित्रगुप्त पीठ में हवन यज्ञ किया गया। इसके बाद साधु-संतों की बैठक हुई, जिसमें छह दिसंबर को श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर कारसेवा की घोषणा की गई।

मथुरा के राधाकुंड क्षेत्र के जुल्हेंदी स्थित चित्रगुप्त पीठ में रविवार को सुबह से ही पुलिस प्रशासन की नजर टिकी रही। कारसेवा को लेकर सुबह पीठ में हवन पूजन हुआ। हवन पूजन के बाद साधु संतों ने बैठक की। जिसमें छह दिसंबर को श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर कार सेवा की घोषणा की गई। इस दौरान चित्रगुप्त पीठ के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस तैनात रही।

राधाकुंड स्थित चित्रगुप्त पीठ में हवन यज्ञ के बाद 'कृष्णा लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे' नारे के साथ साधु संतों ने कारसेवा का शंखनाद किया। साधु संतों ने छह दिसंबर को श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर



कार सेवा की घोषणा की है। स्वामी सच्चिदानंद महाराज ने कहा कि नौ अगस्त को श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर कार सेवा का एलान किया था लेकिन सावन मास में कावड़ यात्रा के चलते कारसेवा स्थगित करनी पड़ी। शंखनाद के दौरान बड़ी संख्या में साधु संत पहुंचे और उन्होंने अपना समर्थन दिया। गौरलतब है कि छह दिसंबर को ही अयोध्या में कारसेवकों ने विवादित ढांचे को गिराया था।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर निर्माण के इरादे से मंगाए गए गुलाबी पत्थरों की पहली खेप शुक्रवार की देर रात पहुंच गई थी। ये पत्थर भरतपुर स्थित बंसीपहाड़पुर से मंगाए गए हैं। इन्हीं पत्थरों से अयोध्या में श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण किया गया है। चित्रगुप्त पीठाधीश्वर स्वामी सच्चिदानंद महाराज ने ये पत्थर मंगवाए हैं। उन्होंने कहा था कि 9 अगस्त को आश्रम से विधिवत कारसेवा की घोषणा होगी। इसके लिए भव्य कार्यक्रम रखा गया है। इसमें 13 अखाड़ों से साधु-संतों को बुलाया गया है। श्रीकृष्ण का भव्य मंदिर उनकी जन्मभूमि पर बनाया जाएगा। इसके लिए गुलाबी रंग के पांच हजार मीट्रिक टन पत्थरों का ऑर्डर दिया था।

### यूपी में छात्रवृत्ति घोटाले की आशंका!: पोर्टल पर 115 स्कूलों का डाटा मिला निष्क्रिय

**एजेंसी समाचार**

**ग्रेटर नोएडा.** गौतम बुद्ध नगर में छात्रवृत्ति योजना के मास्टर डाटा में बड़ी संख्या में विद्यालयों के निष्क्रिय और डुप्लीकेट लॉगिन सामने आए हैं। जांच में पता चला है कि पूर्वदशम कक्षा 9-10 छात्रवृत्ति योजना के मास्टर डाटा में दर्ज 175 विद्यालयों में केवल करीब 60 विद्यालय ही पिछले वर्षों से सक्रिय हैं। इसी तरह दशमोत्तर कक्षा 11-12 छात्रवृत्ति योजना के 133 विद्यालयों में केवल करीब 55 विद्यालय ही सक्रिय मिले हैं। बाकी विद्यालय या तो निष्क्रिय हो चुके हैं या एक ही विद्यालय के एक से अधिक लॉगिन बने हुए हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी की ओर से जिला विद्यालय निरीक्षक को यह जानकारी दी गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक चंद्र शेखर ने बताया कि जिला समाज कल्याण अधिकारी की ओर से छात्रवृत्ति योजना के मास्टर डाटा में प्रदर्शित विद्यालयों के नामों का परीक्षण किया गया। इसमें बड़ी संख्या में ऐसे विद्यालय मिले, जिनका अब योजना में सक्रिय संचालन नहीं हो रहा है। कुछ मामलों में एक ही विद्यालय के एक से अधिक लॉगिन भी बने हुए हैं। उन्होंने बताया कि छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा अब सीएमओ डैशबोर्ड की रैंकिंग के आधार पर शासन और जिला स्तर पर की जा रही है। मास्टर डाटा में फर्जी तरीके से अधिक विद्यालय प्रदर्शित होने से जिले की रैंकिंग प्रभावित हो सकती है। इसी को देखते हुए निष्क्रिय और डुप्लीकेट विद्यालयों के नाम मास्टर डाटा से हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई है।छात्रवृत्ति में भी घोटाले की आशंका जताई जा रही है। कुछ विद्यालयों की ओर से छात्रवृत्ति के पात्र छात्र-छात्राओं का आवश्यक डाटा अभी तक पोर्टल पर अपलोड नहीं किया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी विद्यालयों को निर्देश दिया है कि छात्रवृत्ति संबंधी डाटा का तत्काल सत्यापन कर 10 अगस्त तक कार्यालय जिला समाज कल्याण में निष्क्रिय एवं डुप्लीकेट छात्रवृत्ति डाटा पोर्टल पर सबमिट कराना सुनिश्चित करें।

## एअर इंडिया फ्लाइट में टर्बुलेंस के बाद पायलट के डोप टेस्ट से उठे सवाल

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली .** एअर इंडिया के प्रवक्ता ने पूरे मामले पर प्रतिक्रिया दी है। एयरलाइन ने पायलट के डोप टेस्ट में पॉजिटिव पाए जाने की न तो पुष्टि की है और न ही इसे खारिज किया है।

थाईलैंड के फुकेट से दिल्ली आ रही एअर इंडिया की फ्लाइट को मंगलवार (4 अगस्त) को तेज टर्बुलेंस का सामना करना पड़ा। दिल्ली पहुंचने के बाद फ्लाइट के पायलट का ह्यसाइकोएक्टिव सब्सटेंसह्न (डोप) टेस्ट किया गया। सूत्रों के मुताबिक, इसमें कैप्टन के पॉजिटिव पाए जाने की जानकारी सामने आई है। हालांकि, एअर इंडिया के प्रवक्ता ने अभी इस मामले की पुष्टि नहीं की है।

एअर इंडिया के प्रवक्ता ने मामले पर प्रतिक्रिया दी है। एयरलाइन ने पायलट के डोप टेस्ट में पॉजिटिव पाए जाने की न तो पुष्टि की है और न ही इसे खारिज किया है। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि तय नियमों के तहत फ्लाइट की लैंडिंग के बाद पायलटों का पोस्ट-फ्लाइट स्क्रीनिंग टेस्ट कराया गया था। हालांकि, टेस्ट के नतीजे अभी तक एयरलाइन के साथ साझा नहीं



किए गए हैं। ऐसे में एअर इंडिया फिलहाल किसी निष्कर्ष पर टिप्पणी करने की स्थिति में नहीं है।

प्रवक्ता के मुताबिक, एअर इंडिया नागरिक उड्डयन नियमों के तहत क्रू मेंबर्स का नियमित ड्रग टेस्ट कराता है। ये टेस्ट किसी खास फ्लाइट या ऑपरेशनल घटना से अलग भी किए जाते हैं। एयरलाइन ने कहा कि जरूरत पड़ने पर वह संबंधित अधिकारियों के साथ सहयोग करती रहेगी। दरअसल, उड़ान संख्या अक-2379 ने मंगलवार (4 अगस्त) सुबह 8:41 बजे फुकेट से 134 यात्रियों के साथ दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी। करीब डेढ़ घंटे बाद दिल्ली पहुंचने से पहले क्रूज चरण में विमान तेज टर्बुलेंस की चपेट में आ गया। यात्रियों के मुताबिक, विमान करीब दो से तीन मिनट तक तेज झटकों के साथ डगमगाता रहा। झटके इतने तेज थे कि केबिन की सीलिंग भी क्षतिग्रस्त हो गई।

### DGCA कर रहा हर पहलू की जांच

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) इस मामले की हर एंगल से जांच कर रहा है। जांच में मुख्य तौर पर इन बिंदुओं पर फोकस है।

## शाहबाद में गोली लगने से ग्रामीण की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**– एसपी और एएसपी ने गांव पहुंचकर की मामले की जानकारी**
**– सुसाइड नोट भी मिला, पुलिस गहनता से जांच में जुटी**

**– जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर/शाहबाद।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लोधीपुर में ग्रामीण के सीने में गोली लगने से मौत हो जाने की खबर से गांव में क्षेत्र में मातम छा गया। परिजनों ने मृतक के बड़े भाई पर हत्या का आरोप लगाते हुए



इनसेट में मृतक फोटो - राजेश। सीएचसी पर जानकारी लेते एसपी अनिल कुमार और एएसपी अनुराग सिंह।

कोतवाली शाहबाद में तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम लोधीपुर निवासी राजेश (45) पुत्र स्वराज सिंह के गोली लगने की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने यह आरोप लगाया। परिजनों को दोपहर करीब 12 बजे सूचना मिली कि राजेश रक्तरंजित अवस्था में गांव के ही एक खेत में पड़े हैं। सूचना पाकर घबराए परिजन तुरंत घटनास्थल पहुंचे और 112 पुलिस को कॉल किया। मौके पर पहुंची पुलिस राजेश को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहबाद ले गई, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही एसपी अनिल कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने गांव पहुंचकर मामले की जानकारी की।

परिजनों का आरोप है कि 22 मई 2026 को राजेश ने अपने भाई के बेटे के विरुद्ध छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कराया था, जिसे वापस लेने का दबाव उन पर बनाया जा रहा था। परिजनों के अनुसार सुबह करीब 9 बजे राजेश के पास किसी का फोन आया था, जिसके बाद वह मौके पर गए। मृतक की जेब से पुलिस को एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसमें उन्होंने अपने भाई, भतीजे सहित आठ अन्य लोगों से जान को खतरा बताते हुए आत्महत्या करने की बात लिखी है।पुलिस अधीक्षक के अनुसार मामले के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद सच्चाई सामने लाते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। तहरीर दी जा रही है।

## आयोग के तीन सदस्यों का इस्तीफा राज्यपाल ने किया मंजूर, कल से CID शुरू करेगी पूछताछ

**एजेंसी समाचार**

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आयोग के तीन सदस्यों अजिता भट्टाचार्य, अनीमा हांसदा और जमाल अहमद के पद से दिए गए इस्तीफे स्वीकार कर लिए हैं। झारखंड लोक भवन की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, राज्य सरकार की सिफारिश के आधार पर राज्यपाल ने यह फैसला लिया।

राजभवन की ओर से बताया गया कि तीनों सदस्यों ने जेपीएससी में अपने पद से इस्तीफा दिया था। राज्य सरकार की सिफारिश के बाद राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने इन इस्तीफों को स्वीकार कर लिया।

यह फैसला ऐसे समय में आया है जब झारखंड में जेपीएससी-जेएसएससी भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर छात्र आंदोलन कर रहे हैं। छात्र संगठनों की ओर से परीक्षाओं की प्रक्रिया में सुधार और कथित अनियमितताओं की जांच समेत कई मांगें उठाई जा रही हैं।

अधिकारियों के अनुसार, सीआईडी की टीम सोमवार को डॉ. अजीता भट्टाचार्य, मंगलवार को डॉ. अनिमा हांसदा और बुधवार को डॉ. जमाल अहमद से पूछताछ करेगी। आवश्यकता पड़ने पर तीनों को दोबारा भी बुलाया जा सकता है। इससे पहले जांच एजेंसी जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व मुख्य सचिव एल. खियांग्ते से चार चरणों में पूछताछ कर चुकी है। इस दौरान उनसे परीक्षा प्रक्रिया और आयोग की ओर से लिए गए फैसलों को लेकर कई अहम सवाल किए गए थे।

## एक नजर

### 13 अगस्त को निकलेगी तिरंगा यात्रा, कैबिनेट मंत्री ने की तैयारियों की समीक्षा

**आंवला।** आगामी 13 अगस्त को प्रात: 10 बजे कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह के कैंप कार्यालय से तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा की व्यवस्थाओं को लेकर रविवार को कैंप कार्यालय पर मंत्री ने मंडल अध्यक्षों और प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपने और आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। मंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं से यात्रा में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस दौरान मझगवां ब्लॉक प्रमुख यशवंत सिंह, पूर्व चेयरमैन संजीव सक्सेना, जिला महामंत्री रामनिवास मौर्य, अनमोल गुप्ता, देवेंद्र सागर, राजवीर प्रधान, रामवीर प्रजापति, संजय अग्रवाल उर्फ बॉबी, सूरजपाल मौर्य, मीना मौर्य, कमला रस्तोगी, कुसुम लता शर्मा आदि मौजूद रहे।

# उचसिया में दो घरों की सेफ अलमारियां साफ

## चोर फरार, बिजली गुल होने का फायदा उठाकर चोरों ने दी वारदात को अंजाम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फतेहगंज पूर्वी।** थाना क्षेत्र के गांव उचसिया में शनिवार देर रात बिजली गुल होने का फायदा उठाकर चोरों ने दो घरों को निशाना बना लिया। चोर दोनों मकानों की सेफ अलमारियों से सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। एक मकान में चोर वेंटिलेशन के रास्ते दाखिल हुए, जबकि दूसरे मकान के आगे बनी छोटी चारदीवारी फांदकर अंदर घुसे। सुबह घटना की जानकारी होने पर पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दी। आरोप है कि घटना के बाद भी पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

पीड़ित विवेक सिंह पुत्र जयवीर सिंह ने तहरीर में बताया कि 9 अगस्त की सुबह करीब छह बजे परिवार के लोग घर के बाहर आंगन में सो रहे थे। इसी दौरान


जेवरात गायब होने के बाद खाली बैग दिखाता युवक। -जागरण मोर्चा

चोर वेंटिलेशन के रास्ते मकान में दाखिल हुए और सेफ अलमारी से एक सोने की अंगूठी, एक सोने का मंगलसूत्र, दो जोड़ी सोने की वाली, एक सोने की नथ और एक जोड़ी चांदी की पायल चोरी कर ली। चोर ज्वेलरी का मिनी बैग भी अपने साथ बाहर ले गए। बाद में जेवर निकालकर बैग का


सेफ लाकर तोड़कर महिला के आभूषण ले गए चोर। -जागरण मोर्चा

खोल और डिब्बियां नाली के पास फेंक दीं। दूसरे पीड़ित संजीव पुत्र बाबूराम ने बताया कि चोर मकान के आगे बनी छोटी चारदीवारी फांदकर घर में दाखिल हुए। इसके बाद सेफ अलमारी से पांच पेंडल वाली सोने की माला, एक जोड़ी सोने के झाले, दो जोड़ी चांदी की पायल, दो सोने के ओम, चांदी की



- एक घर में वेंटिलेशन तो दूसरे में छोटी चारदीवारी फांदकर घुसे
- पीड़ितों ने पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया

कंठी और चांदी के सिक्के चोरी कर लिए। चोरों ने कुछ सामान गन्ने के खेत में ले जाकर रखा था। तलाश के दौरान खेत से सिर्फ खाली बैग मिला, जबकि जेवर गायब थे। ग्रामीणों के मुताबिक शनिवार देर रात करीब 12 बजे गांव की बिजली आपूर्ति बाधित थी। अंधेरे का फायदा उठाकर चोर वारदात को अंजाम देने के लिए मौका तलाशते रहे। बिजली आने के बाद ग्रामीण सो गए और सुबह चोरी का पता चला। पीड़ितों का आरोप है कि थाने पहुंचकर घटना बताने पर एक दारोगा ने उनकी मदद करने के बजाय उन्हें ही हड़काते हुए कहा, "मैं तुम्हारे घर की रखवाली करूंगा आकर? तुम सबके होते हुए चोरी कैसे हो गई।" इससे पीड़ितों और ग्रामीणों में नाराजगी है। दोनों पीड़ितों ने 9 अगस्त को पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। हालांकि खबर लिखे जाने तक पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करना मुनासिब नहीं समझा था। ग्रामीणों ने रात में पुलिस गश्त बढ़ाकर चोरों का जल्द खुलासा करने की मांग की है।

# चिकेन शाप पर बिक्री करने के दो आरोपी भेजे जेल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** श्रावण मास में मुख्य तथा संपर्क मार्गों के आसपास नानवेज की बिक्री को लेकर प्रशासन की सख्त मनाही तथा लोगों की चौकसी के बाद भी धंधेबाज अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। अगर यूं कहें कि ऐसे लोग कानून व्यवस्था को चुनौती देकर सामाजिक सद्भाव को भी पलीता लगाने को आमादा हैं तो कुछ गलत नहीं होगा।

मालूम हो, कि गुजरी सात अगस्त को ही रोडवेज के निकट एक दुकान पर बिरयानी की बिक्री होते देख विहिप तथा अन्य हिंदुवादी संगठनों द्वारा जताए गये रोष के बाद पुलिस ने मोहल्ला लोधीपुर निवासी सलमान को गिरफ्तार किया था। दंडस्वरूप पुलिस ने सलमान की दुकान का शटर और काउंटर आदि भी जेसीबी के जरिये ढहा दिया था। बावजूद इसके, इस घटना से कोई सबक नहीं लिया गया। शनिवार देर रात फिर किसी माध्यम से पुलिस को मुंडिया गली के समीप स्थित एक चिकेन शाप पर बिरयानी तथा मांस की बिक्री होने की सूचना मिली तो आननफानन पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देख मौके पर हड़कंप मच गया। पूरी दुकान की पड़ताल कर पुलिस ने बिरयानी तथा मांस की बिक्री से संबंधित सामान कब्जे में ले लिया साथ ही मौके पर मिले दो लोगों को अपनी गिरफ्त में ले लिया। इस दौरान तमाम तमाशाई भी जमा हो गये जिन्हें पुलिस ने इधर उधर हटाया। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ कर दुकान से संबंधित जानकारी जुटाई। आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद पुलिस ने उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया। आरोपियों में इरफान पुत्र अकील अहमद मोहल्ला शेर नगर तथा मोहल्ला मोहम्मदपुर निवासी उवैस पुत्र शराफत शामिल हैं।


कवंडियों को हलुए का प्रशाद एवं फल वितरित किए गए। -जागरण मोर्चा

# प्रशासनिक तौर पर शिवभक्त कांवड़ियों का हुआ भव्य स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** सावन के पवित्र महीने में हरिद्वार से जल लेकर वापस लौट रहे कांवड़ियों का उत्तराखण्ड सीमा के नजदीक टोल प्लाजा के आसपास बनाए गए राहत शिविर में प्रशासन की ओर से जोरदार स्वागत किया गया। यहाँ शिवभक्तों को कुछ समय ठहराकर आलू छोले, हलुआ तथा केले का प्रसाद बितरण किया गया। प्रसाद वितरण कार्यक्रम में पुलिस के जवानों ने भी अपना योगदान दिया। एसडीएम गोपाल शर्मा, तहसीलदार भानु प्रताप सिंह, लेखपाल संदेश कुमार सुचारू व्यवस्था की निगरानी कर शिवभक्तों को आगे विदा करते रहे।

# कछला रवाना हुए शिवभक्तों का स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मीरगंज।** धनेली गोटिया से कांवड़ यात्रा लेकर बड़ी संख्या में शिवभक्त रविवार को कछला धाम के लिए रवाना हुए। कांवड़िये कछला धाम पहुंचकर गंगाजल लेकर सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। यात्रा को लेकर शिवभक्तों में खासा उत्साह दिखाई दिया।

धनेली गोटिया से कछला धाम के लिए रवाना हुए शिवभक्तों का न्यू चिश्ती हॉस्पिटल पर स्वागत किया गया। न्यू चिश्ती हॉस्पिटल के अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी आजाद समाज पार्टी के डॉ. जावेद अख्तर ने शिवभक्तों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया तथा माल्यार्पण किया। इसके बाद कांवड़ियों को जलपान कराया गया और उनकी मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए उन्हें कछला



धाम के लिए रवाना किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं में भगवान शिव के प्रति आस्था और भक्ति का भाव नजर आया। कांवड़िये हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना करते हुए शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित यात्रा का संकल्प लिया। स्वागत कार्यक्रम में गुलजारी लाल वर्मा, इसरार अली, नवी अहमद अंसारी, डॉ. विलेश गंगवार, अब्देश सिंह, पूर्व प्रधान पुत्र जुबैर अहमद, महंत शिवम तथा उपमहंत मंगली प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने शिवभक्तों को शुभकामनाएं दीं और उनकी यात्रा सफल होने की कामना की कांवड़िये कछला धाम से गंगाजल लेकर सोमवार को अपने क्षेत्र के शिवालयों में पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। यात्रा को लेकर क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है।

# एक लाख और बाइक के लिए विवाहिता को मारपीट कर दो बेटियों संग घर से निकाला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फरीदपुर (बरेली)।** विवाह के 9 वर्ष बीत जाने के बाद भी ससुराल वालों ने दहेज की मांग करते हुए पीड़िता को मारपीट कर दो बेटियों समेत घर से निकाला। पीड़िता ने अपने पति, सास-ससुर और ननद पर अतिरिक्त दहेज के लिए जान से मारने की कोशिश करने और दो मासूम बेटियों के साथ घर से बाहर निकालने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। ग्राम पिपरथरा निवासी पीड़िता ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उसका विवाह लगभग 9 वर्ष पूर्व अवधेश कुमार के साथ हुआ था। शादी के समय महिला के माता-पिता ने अपनी हैसियत से बढ़कर दान-दहेज दिया था। लेकिन शादी के कुछ समय बाद ही पति अवधेश, ससुर मूंगा लाल, सास सुधा और ननद सरोज व सुनीता ने लगातार 1 लाख नकद, मोटर साइकिल, फ्रिज और वाशिंग मशीन की मांग करते हुए उसे और प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। मांग पूरी न होने पर उसके साथ आए दिन गाली-गलौज और मारपीट की जाती थी। बीच में समझौता होने के बाद वह अपने पति के साथ हिमाचल प्रदेश में रहकर फैक्ट्री में मजदूरी करने लगी और अपनी पूरी कमाई पति को देती रही, लेकिन ससुराल वालों का लालच कम नहीं हुआ। विगत होली के त्योहार पर ससुराल पक्ष के लोगों ने एकजुट होकर पीड़िता की बेरहमी से पिटाई की। आरोपियों ने उसकी दोनों बेटियों के साथ उसे इस हिदायत के साथ घर से निकाल दिया कि यदि अब खाली हाथ वापस आई तो जान से मार दिया जाएगा। पीड़िता अपने मायके ग्राम बुधौली पहुंची और तभी से माता-पिता के साथ रह रही है। पीड़िता के परिजनों ने मामले को सुलझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन ससुराल पक्ष अपनी जिद पर अड़ा रहा। आखिरकार मजबूर होकर पीड़िता ने फरीदपुर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# पांच जत्थों में कांवड़िए कछला रवाना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आंवला।** सावन में शिव तेरस को भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए आंवला से रविवार को सैकड़ों की संख्या में शिवभक्त पांच जत्थों में कछला गंगा घाट के लिए रवाना हुए। कांवड़िए कछला से गंगाजल लेकर सोमवार देर रात तक आंवला लौटेंगे। मंगलवार को नगर में कांवड़ यात्रा के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी और विभिन्न शिवालयों में भगवान शिव का जलाभिषेक किया जाएगा।

कांवड़ियों के जत्थे कस्बे के कच्चा कटरा, किशन टोला, बजरिया, मोहब्बत गंज गौटिया और ताड़गंज से रवाना हुए। दोपहर के समय सभी जत्थे पुरैना चौराहा पर एकत्र हुए। यहां सभासद राम बहादुर, संजय अग्रवाल उर्फ बॉबी, सुनील यादव, सुनील श्रीवास्तव और रामवीर प्रजापति आदि ने



कांवड़ियों का पटका पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद पूजा-अर्चना के साथ जत्थों को कछला के लिए रवाना किया गया।

पुरैना चौराहा पर पुलिस की ओर से बनाए गए शिविर में इंस्पेक्टर बीनू सिंह ने अन्य पुलिसकर्मियों के साथ कांवड़ियों को पटका पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से माहौल शिवमय हो गया। कछला से गंगाजल लेकर लौटने के बाद कांवड़िए आंवला में निर्धारित स्थानों पर रात्रि विश्राम करेंगे। मंगलवार सुबह रामलली धर्मशाला से शोभायात्रा निकलेगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गांव गुलड़िया स्थित प्राचीन गौरी शंकर मंदिर पहुंचेगी। यहां कांवड़िए गंगाजल से भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। नगर के अन्य शिवालयों में भी श्रद्धालु जलाभिषेक करेंगे। पूर्व भाजपा आंवला जिलाध्यक्ष वीर सिंह पाल ने बताया कि कांवड़ यात्रा श्रद्धा और आस्था के साथ निकाली जा रही है।

# कांवड़ियों का जत्था जल लेने के लिए रवाना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फरीदपुर (बरेली)।** सावन के द्वितीय सोमवार को कांवड़ चढ़ाने को फरीदपुर से कांवड़ियों का जत्थे हुए रवाना। नगर के मोहल्ला परा साईं बाबा मंदिर के पास से शिवभक्तों का जत्था साईं बाबा मंदिर पर पूजा-अर्चना व भगवान पहलेश्वर नाथ का जलाभिषेक करने का संकल्प लेकर कछला गंगा घाट को रवाना हुआ। सोमवार को कांवड़ियों का जत्था निर्धारित मार्ग से मोहल्ला मिर्धान होते हुए मोहल्ला परा के रास्ते ग्राम पहलऊ पहुंचेगा। जहां गांव में स्थित पौराणिक शिव मंदिर में कांवड़िए भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। कांवड़ यात्रा को लेकर शिवभक्तों में जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष के साथ



जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने कांवड़ जत्थे को मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं। प्रशासन की ओर से भी कांवड़ यात्रा को लेकर सतर्कता बरती गई। पुलिस की निगरानी में कांवड़ियों को रवाना कराया गया। सुरक्षा व्यवस्था में कोतवाली प्रभारी राधेश्याम, कस्बा इंचार्ज उपनिरीक्षक जसवीर सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा। कांवड़ यात्रा में महंत राहुल पाठक, उप महंत गौरव पाण्डेय, सुमित राठौर, हर्षित राठौर, अभिषेक राठौर, विकास राठौर, राज सैनी, आशुतोष पाण्डेय, अनुज कश्यप, श्रवण गुप्ता, भोले महंत सिपट्टर लाल, उप महंत वीरेंद्र पाठक, सुधीर उर्फ पिन्टू शर्मा, लक्ष्मण सिंह, रामनिवास, अरुण बाजपेई, अरविंद पाण्डेय, सुशील, जगवीर सहित अन्य शिवभक्त शामिल रहे।

# काम पर गये पति के पीछे दो बच्चों संग पत्नी को ले उड़ा युवक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फरीदपुर (बरेली)।** काम पर गए व्यक्ति की गैरमौजूदगी में उसकी पत्नी और दो बच्चों को एक युवक मोटरसाइकिल पर बैठाकर अपने साथ ले गया। घटना के बाद पीड़ित पति ने स्थानीय थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरीदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भगवन्तापुर निवासी पीड़ित ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि बीती 5 अगस्त की सुबह करीब 9 बजे वह किसी काम से अपने घर से निकला था। इसी बीच शाहजहाँपुर जिले के खुदागंज थाना क्षेत्र के ग्राम कायस्थान का रहने वाला उम्मेद अली पुत्र रियाजुद्दीन उसके घर पहुंचा और उसकी 23 वर्षीय पत्नी व दो बच्चों को अपने साथ लेकर चला गया। पीड़ित ने बताया कि जब वह शाम करीब 5 बजे काम से वापस अपने घर लौटा, तो उसे अपनी पत्नी और बच्चे वहां नहीं मिले। अनहोनी की आशंका होने पर जब उसने गांव में छानबीन और पूछताछ शुरू की, तो ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने एक व्यक्ति को उसकी पत्नी और दोनों बच्चों को मोटरसाइकिल पर बैठाकर ले जाते हुए देखा था। पीड़ित ने जब आरोपी उम्मेद अली के रिश्तेदारों और करीबियों से संपर्क किया, तो इस बात की पुष्टि हुई कि उम्मेद अली ही उसकी पत्नी व बच्चों को लेकर गया है। पीड़ित काफी समय तक अपनी पत्नी और बच्चों के लौटने का इंतजार करता रहा, लेकिन जब न तो वे वापस आए और न ही कोई फोन आया, तो उसने पुलिस की शरण ली।

# कांवड़ शुभारंभ : विधायक ने शिवभक्तों को परोसा भोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मीरगंज।** सावन माह में हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे कांवड़ियों की सेवा और सुविधा के लिए नेशनल हाईवे किनारे गांव कुल्छा खुर्द के पास लगाए गए कांवड़ सेवा शिविर का रविवार शाम चार बजे शुभारंभ हुआ। विधायक डॉ. डीसी वर्मा और एसडीएम निधि शुक्ला ने फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया। इसके बाद विधायक ने शिविर में पहुंचे शिवभक्तों को अपने हाथों से भोजन परोसकर सेवा की और उनका हालचाल जाना।इसके साथ ही पूजा अर्चना कर शिव आरती का गायन किया गया।कांवड़ियों की सुविधा के लिए तहसील प्रशासन की ओर से सभी के सहयोग से स्थापित किए गए शिविर में भोजन, पेयजल और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक



व्यवस्थाएं की गई हैं। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से शिवभक्तों को प्राथमिक उपचार किट भी उपलब्ध कराई गई।

उद्घाटन के दौरान विधायक डॉ. डीसी वर्मा और अधिकारियों ने शिविर में कांवड़ियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने भोजन, पेयजल समेत अन्य सुविधाओं की जानकारी ली और कांवड़ियों से बातचीत कर उनकी यात्रा तथा रास्ते में मिल रही सुविधाओं के बारे में पूछा।विधायक डॉ. डीसी वर्मा ने कहा कि शिवभक्तों की सेवा करना सौभाग्य की बात है। उन्होंने स्वयं कांवड़ियों को भोजन परोसकर सेवा की। एसडीएम निधि शुक्ला और तहसीलदार आशीष कुमार सिंह ने भी भोजन परोसने में सहयोग किया।प्रशासन के मुताबिक शिविर में कांवड़ियों



के लिए भोजन, पेयजल, प्राथमिक उपचार किट समेत अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। नेशनल हाईवे से गुजरने वाले शिवभक्तों को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने के साथ उनकी जरूरतों का भी ध्यान रखा जा रहा है। कांवड़ यात्रा के दौरान हाईवे पर यातायात और सुरक्षा व्यवस्था की लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि श्रद्धालुओं की यात्रा सुचारु और सुरक्षित रूप से पूरी हो सके। इस दौरान तहसीलदार आशीष कुमार, नायब तहसीलदार सिमरन मथानिया, लेखपाल पुष्पेंद्र पटेल, लोकेंद्र सिंह, तेजपाल फौजी, रामनारायण गुप्ता, चरणजीत टोनी, अजय वीर सिंह, राजेश गंगवार, डॉक्टर रोहन दिवाकर, हेमलता समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड विज्ञापन दर
रूपये - 500/-
साईज 40 SQCM (कलर)
अपने विज्ञापन अब देश भर में पहुंचाएं
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें:
7579849555, 9627739857
9997745413

## एक नजर

### FET में बीटेक समेत चार पाठ्यक्रमों में प्रवेश काउंसलिंग आज

**बरेली।** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (FET) में शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए बीटेक, बीटेक लेटरल एंट्री, एमटेक और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की उपलब्ध सीटों पर प्रवेश के लिए आज 10 अगस्त को काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। काउंसलिंग FET ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेंटर में सुबह नौ बजे से शुरू होगी। विश्वविद्यालय के अनुसार, बीटेक प्रथम वर्ष में प्रवेश जेईई स्कोर अथवा 10+2 (पीसीएम) के अंकों की मेरिट के आधार पर होगा। बीटेक लेटरल एंट्री में सीयूईटी स्कोर अथवा डिप्लोमा के अंकों को आधार बनाया जाएगा। बीएससी उत्तीर्ण विद्यार्थी भी बीटेक लेटरल एंट्री के लिए पात्र होंगे। एमटेक में पहले GATE मेरिट को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके बाद उपलब्ध सीटों पर अन्य पात्र अभ्यर्थियों को मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा।

# पत्नी से विवाद के बाद युवक की मौत

## तेजाब पिलाने का आरोप, परिजनों ने पत्नी समेत चार लोगों को ठहराया जिम्मेदार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने उसकी पत्नी, मकान मालिक और दो अन्य लोगों पर मारपीट के बाद जबरन तेजाब पिलाने का गंभीर आरोप लगाया है। हालत बिगड़ने पर युवक को अस्पताल में छोड़कर आरोपी चले गए। जानकारी मिलने पर परिजन उसे दूसरे अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। चक महमूद निवासी इस्माईल पुत्र मुन्ना अपनी पत्नी गौसिया के साथ कांकर टोला में किराए के मकान में रहता था। परिजनों का कहना है कि कुछ समय बाद गौसिया की मकान मालिक सलीम से नजदीकियां बढ़ने लगीं। इस बात को लेकर इस्माईल और उसकी पत्नी के बीच विवाद होने लगा था। परिवार के मुताबिक, 27 जुलाई को इस्माईल ने दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। इसके बाद उसने पत्नी का विरोध किया और मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी। विवाद बढ़ने के बाद इस्माईल ने सलीम का मकान खाली कर दिया और अब्दुल के यहां रहने लगा। परिजनों का आरोप है कि मकान बदलने के बाद भी गौसिया और सलीम के बीच संपर्क बना रहा। इस बात को लेकर इस्माईल पत्नी से लगातार नाराज चल रहा था। परिजनों के मुताबिक, गुरुवार रात गौसिया ने सलीम के साथ मिलकर अंसार और इकरार की मदद से इस्माईल को पकड़ लिया। आरोप है कि उसके साथ मारपीट की गई और जबरन तेजाब पिला दिया गया। हालत बिगड़ने पर उसे बारादरी क्षेत्र के एक अस्पताल में छोड़ दिया गया। आरोपियों के वहां से चले जाने के बाद किसी तरह परिजनों को घटना की जानकारी मिली। परिजन इस्माईल को वहां से स्टेडियम रोड स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने उपचार शुरू किया, लेकिन उसकी हालत गंभीर बनी रही। शुक्रवार रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। घटना से जुड़ा इस्माईल का एक वीडियो भी सामने आया है, जो मौत से पहले का बताया जा रहा है। वीडियो में वह पत्नी गौसिया से विवाद होने की बात कहता नजर आ रहा है। परिजनों ने वीडियो पुलिस को सौंपते हुए इसे मामले की जांच में शामिल करने की मांग की है। पुलिस वीडियो की सत्यता और उसमें कही गई बातों के साथ घटनाक्रम के अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है। मृतक के भाई ताजीम ने बारादरी थाने में अपनी भाभी गौसिया, कांकर टोला निवासी सलीम पुत्र कुन्दू, अंसार पुत्र इसरार और इकरार पुत्र इसरार के खिलाफ तहरीर दी है। ताजीम ने चारों पर इस्माईल को तेजाब पिलाकर उसकी जान लेने का आरोप लगाया है। मृतक की मां बरीश ने भी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। बारादरी इंस्पेक्टर विजेंद्र सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर प्राप्त हुई है। पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है। वीडियो और घटना से जुड़े अन्य साक्ष्यों को भी जांच में शामिल किया जा रहा है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पीड़ित का आरोप: जानलेवा हमले की बात दबा रही पुलिस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** फरीदपुर थाना क्षेत्र में खेत की बटाई को लेकर हुए विवाद में एक बुजुर्ग पर धारदार हथियार से हमला करने का आरोप लगा है। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित के बेटे ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि खेत मालिकों ने उसके पिता को रास्ते में घेरकर मारपीट की और सिर पर धारदार हथियार से वार कर दिया। पीड़ित का यह भी आरोप है कि शिकायत देने के बाद पुलिस एफआईआर में जानलेवा हमले की बात हटाने का दबाव बना रही है। इसी वजह से अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। ग्राम सब्दलपुर निवासी युवक के मुताबिक, उसने फरवरी में गांव के ही वीरेंद्र और कल्लू पुत्रगण कालीचरन के छह बीघा खेत में सहमति से गन्ने की फसल बटाई पर लगाई थी। मेहनत के बाद फसल तैयार हुई तो आरोप है कि खेत मालिक बटाई छोड़ने का दबाव बनाने लगे। पीड़ित के अनुसार, चार अगस्त की रात करीब 8:15 बजे उसके पिता भूरे साइकिल से दूध लेकर डेयरी जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में वीरेंद्र और कल्लू ने उन्हें घेर लिया और गाली-गलौज शुरू कर दी। इसी दौरान वीरेंद्र ने धारदार हथियार से उनके सिर पर वार कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगने से वह सड़क पर गिर पड़े। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाया। परिजन घायल भूरे को जिला अस्पताल ले गए, जहां उनका उपचार चल रहा है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपी दबंग प्रवृत्ति के हैं और उसे तथा उसके पिता को खतरा है। उसने पुलिस से मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है।

# इलाज के दौरान मरीज की हुई मौत डॉक्टर के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

जागरण मोर्चा कार्यालय





**बरेली।** पीलीभीत बाईपास स्थित चंद्रलोक अस्पताल में पैर के संक्रमण का उपचार करा रहे मरीज की मौत के बाद परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर बारादरी पुलिस ने अस्पताल के डॉ. हिमांशु अग्रवाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डॉक्टर ने आरोपों को खारिज करते हुए इलाज में किसी तरह की लापरवाही से इनकार किया है। इज्जतनगर के आशुतोष सिटी निवासी अरुण कुमार के अनुसार उनके भाई अनूप कुमार के पैर में संक्रमण था। वह डायबिटीज से भी पीड़ित थे। तबीयत बिगड़ने पर 30 मई को उन्हें चंद्रलोक अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों के मुताबिक, उपचार के दौरान एक, छह और 14 जून को पैर के तीन ऑपरेशन किए गए। अरुण का आरोप है कि 18 जून को अस्पताल के रिकॉर्ड में अनूप को डिस्चार्ज दिखाया गया, लेकिन दो दिन बाद तक अस्पताल में रखा गया। घर पहुंचने के बाद हालत फिर बिगड़ गई। इसके बाद परिजन उन्हें वेदांता अस्पताल ले गए, जहां 26 जून को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने सीएमओ कार्यालय में शिकायत की। जांच के लिए बनी चिकित्सकीय समिति ने विशेषज्ञ जांच की जरूरत बताई, जिसके बाद मामला लखनऊ मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। पुलिस अब अस्पताल के रिकॉर्ड और उपचार से जुड़े दस्तावेजों की जांच कर रही है। डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने कहा कि उपचार में कोई लापरवाही नहीं हुई और उनके खिलाफ दर्ज मुकदमा गलत है।

# भोजीपुरा में टला बड़ा रेल हादसा, ट्रैक्टर से टकराई एक्सप्रेस ट्रेन

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** भोजीपुरा थाना क्षेत्र में रविवार को बंद रेलवे फाटक का बैरियर तोड़कर एक ट्रैक्टर रेलवे ट्रैक पर पहुंच गया। इसी दौरान ट्रैक पर आ रही एक्सप्रेस ट्रेन की ट्रैक्टर से टक्कर हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया।

बताया गया कि फाटक बंद होने के बावजूद ट्रैक्टर चालक बैरियर तोड़कर रेलवे ट्रैक पर पहुंच गया। इसी बीच एक्सप्रेस ट्रेन वहां पहुंच गई और ट्रैक्टर से टक्कर हो गई। हालांकि, समय रहते ट्रेन को नियंत्रित कर लिया गया, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। घटना में फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हादसे के बाद रेलवे और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। रेलवे अधिकारियों की ओर से हादसे के कारणों और ट्रैक्टर चालक की भूमिका की जांच की जा रही है।

# डी-फार्मा में दाखिले का झांसा देकर शातिर ने छात्र से एक लाख ठगे

जागरण मोर्चा कार्यालय

- एडमिशन नहीं हुआ तो रकम मांगी
- आरोपी ने फोन बंद किया, कोर्ट के आदेश पर मुकदमा

**बरेली।** डी-फार्मा में दाखिला कराने का भरोसा देकर छात्र से एक लाख रुपये लेने का मामला सामने आया है। आरोप है कि रकम लेने के बाद न तो छात्र का एडमिशन कराया गया और न ही पैसे लौटाए गए। कई बार संपर्क करने के बावजूद आरोपी टालमटोल करता रहा और बाद में फोन उठाना बंद कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर कोर्ट के आदेश के बाद इज्जतनगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शेरगढ़ के वार्ड आठ निवासी जयराय पुत्र शंकर राय के अनुसार कुछ समय पहले उसके मोबाइल पर विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश से संबंधित व्हाट्सएप संदेश आए थे। इसी दौरान उसकी बातचीत हरीशंकर नाम के व्यक्ति से हुई। आरोपी ने खुद को एडमिशन और रजिस्ट्रेशन कराने वाला बताते हुए डी-फार्मा में दाखिला दिलाने का भरोसा दिया। जयराय अपने पिता और परिचित के साथ बीडीए कॉलोनी स्थित मठ लक्ष्मीपुर में आरोपी के कार्यालय पहुंचा। वहां अन्य छात्र और उनके अभिभावक भी मौजूद थे। भरोसा होने पर जयराय ने अलग-अलग तारीखों में फोन-पे और यूपीआई के माध्यम से कुल एक लाख रुपये दे दिए। इसके बाद आरोपी लगातार एडमिशन जल्द होने की बात कहकर समय टालता रहा। काफी इंतजार के बाद भी दाखिला नहीं हुआ तो छात्र ने रकम वापस मांगी। आरोपी ने पैसे लौटाने का आश्वासन दिया, लेकिन बाद में संपर्क बंद कर दिया। कार्यालय पहुंचने पर वहां ताला मिला। पुलिस से शिकायत पर कार्रवाई न होने पर छात्र ने अदालत की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस लेनदेन, व्हाट्सएप संदेश और कार्यालय से जुड़े तथ्यों की जांच कर रही है।

# शिविर में बालिका कांवड़ियों का हुआ भव्य सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** महिला आयोग सदस्य पुष्पा पांडे ने रविवार आंवला तहसील क्षेत्र के भमोरा स्थित कांवड़ सेवा शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में पहुंचकर बालिका कांवड़ियों सहित अन्य कांवड़ यात्रियों से संवाद किया तथा उनका सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

महिला आयोग सदस्य ने कांवड़ सेवा शिविर में महिला कांवड़ियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने महिला कांवड़ियों के लिए उपलब्ध विश्राम, पेयजल, स्वच्छता, शौचालय, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली तथा व्यवस्थाओं को मौके पर देखा। उन्होंने कांवड़ यात्रियों से बातचीत कर यात्रा के दौरान उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। कांवड़ यात्रियों ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा, यातायात प्रबंधन तथा सेवा-सुविधाओं के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। महिला आयोग सदस्य पुष्पा पांडे ने कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे व्यापक प्रबंधों की प्रशंसा की। उन्होंने विशेष रूप से महिला कांवड़ियों की सुविधा, सुरक्षा एवं सम्मान को ध्यान में रखते हुए की गई व्यवस्थाओं को सराहनीय बताया।

उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान महिला एवं बालिका कांवड़ियों की आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखा जाना आवश्यक है। जिला प्रशासन द्वारा कांवड़ यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयास प्रशंसनीय हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं सेवा शिविर संचालकों से अपील की कि कांवड़ यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा सेवा एवं सहायता की भावना के साथ व्यवस्थाएं निरंतर सुचारू रखी जाएं। इस अवसर पर प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी, सेवा शिविर के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कांवड़ यात्री उपस्थित रहे।

# आज नगर भ्रमण पर निकलेंगे बाबा महाकाल

**बरेली।** बाबा महाकाल पालकी सेवा ट्रस्ट की ओर से आज, 10 अगस्त सोमवार को बरेली में बाबा महाकाल की भव्य पालकी यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा की तैयारियों को लेकर रविवार को एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष ब्रजवासी लाल अग्रवाल ने बताया कि शाम चार बजे श्यामगंज स्थित सेठ गिरधारी लाल मंदिर से बाबा चांदी की पालकी पर आरूढ़ होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे।इस यात्रा में बाबा बारह ज्योतिर्लिंगों के स्वरूप में दर्शन देंगे, जबकि भगवान कालभैरवनाथ और मां अन्नपूर्णा रथ पर सवार रहेंगी। यात्रा श्यामगंज से शुरू होकर साहू गोपीनाथ, बांस मंडी, सिकलापुर और कालीबाड़ी होते हुए वापस मंदिर पहुंचेगी। मार्ग में विभिन्न आकर्षक झांकियां भी सजाई जाएंगी।

# रामगंगा तट पर कांवड़ सेवा शिविर शुरू

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** सावन माह में शिवभक्त कांवड़ियों की सेवा के लिए श्री नाथ नगरी सेवा समिति की ओर से रामगंगा तट पर 18वां कांवड़ सेवा शिविर संचालित किया जा रहा है। शिविर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में कांवड़िये पहुंच रहे हैं और उन्हें विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

समिति के प्रदेश अध्यक्ष शोभित अग्रवाल ने बताया कि भगवान शिव की कृपा से शिविर पूरे सावन माह तक जारी रहेगा। कांवड़ियों की धार्मिक मान्यताओं और नियमों को ध्यान में रखते हुए यहां प्राथमिक चिकित्सा, सुबह का अल्पाहार, दोपहर व रात का भोजन, व्रतधारियों के लिए फलाहार और रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गई है। प्रदेश महामंत्री बंटी ठाकुर ने बताया कि शिविर संचालन में जिला प्रशासन का सहयोग मिल रहा है। जिला चिकित्सालय की ओर से चिकित्सकों की टीम उपलब्ध कराई गई है। नगर निगम पानी के टैंकर, शौचालय और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं में सहयोग कर रहा है। उन्होंने शिवभक्तों और कांवड़ यात्रियों से शिविर का लाभ लेने की अपील की। शिविर में सोनू भईया, श्रावण गुप्ता, सुधीर कुमार सिंह, सुधीर श्रोत्रिय, शलभ अग्रवाल, निहाल किशोर, सोनू सैनी, अशोक देवल, अनिल सिंह, पीयूष अग्रवाल, राहुल उप्पल, रिजु रस्तोगी और विशाल चंद्रा समेत अन्य कार्यकर्ता सेवा में जुटे हैं।

- 18वें सेवा शिविर में भोजन, फलाहार, चिकित्सा और विश्राम की व्यवस्था

# उर्स-ए-रजवी में लंगर की खिदमत करते-करते इसरार हुसैन का इंतकाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** उर्स-ए-रजवी में जायरीन की खिदमत के लिए लंगर लेकर आए इसरार हुसैन का कुल के दौरान अचानक निधन हो गया। वह लंगर व्यवस्था में साथियों के साथ सेवा कार्य में जुटे थे। इसी दौरान उनकी तबीयत बिगड़ी और वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े। साथी उन्हें आनन-फानन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

दरगाह आला हजरत के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी के मुताबिक इसरार हुसैन भुता लंगर कमेटी से जुड़े हुए थे। वह बीसलपुर के पास स्थित शेखापुर गांव से लंगर लेकर उर्स-ए-रजवी में पहुंचे थे। कुल के मौके पर बड़ी संख्या में जायरीन के लिए लंगर की व्यवस्था की गई थी। इसरार भी अन्य सदस्यों के साथ व्यवस्था संभालने और जायरीन की सेवा में जुटे थे। रविवार को लंगर बांटने के दौरान अचानक उनकी हालत बिगड़ गई। कुछ ही पल में वह लड़खड़ाकर बेहोश होकर गिर पड़े। साथी उन्हें जिला अस्पताल ले गए, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही लंगर कमेटी और उनके साथ आए लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। इसरार के इंतकाल की सूचना मिलने पर सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने दुख जताया। उन्होंने मरहूम की मगफिरत के लिए दुआ की और परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की

# 4.22 लाख लोगों तक पहुंची शीतल जल सेवा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** पार्थ गौतम फाउंडेशन के तीसरे वार्षिक 'निःशुल्क शीतल जल सेवा' अभियान का सफल समापन हो गया। 9 मई 2026 से चले अभियान के दौरान शहर में 4.22 लाख से अधिक लोगों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराया गया। फाउंडेशन के संस्थापक एवं इनवर्टिस विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर पार्थ गौतम के नेतृत्व में संचालित यह अभियान बरेली के महापौर डॉ. उमेश गौतम की जनसेवा की सोच से प्रेरित था। करीब 12 सप्ताह तक चले अभियान के तहत कचहरी, सुभाष नगर पुलिया, 84 घंटा मंदिर, मदीनाथ पुलिया, किला क्रॉसिंग, सिविल लाइंस स्थित हनुमान मंदिर, श्यामतगंज चौराहा, संजय नगर चौराहा, सेलेक्शन प्वाइंट चौराहा और आदिनाथ चौक समेत 10 प्रमुख स्थानों पर जल सेवा केंद्र बनाए गए। यहां यात्रियों, दिहाड़ी मजदूरों, रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं, डिलीवरी कर्मियों, ऑटो चालकों और अन्य नागरिकों को लगातार शीतल पेयजल उपलब्ध कराया गया। फाउंडेशन के अनुसार, अभियान के दौरान प्रत्येक सप्ताह औसतन 35,200 लोगों तक सेवा पहुंची। जल सेवा केंद्रों को कोल्ड स्टोरेज सुविधाओं से लैस किया गया था और पूरे दिन निर्बाध जल उपलब्धता के लिए नियमित निगरानी की गई। अभियान के समापन पर पार्थ गौतम ने कहा कि स्वच्छ पेयजल प्रत्येक व्यक्ति की बुनियादी आवश्यकता है। भीषण गर्मी में कोई भी व्यक्ति इस सुविधा से वंचित न रहे, यही अभियान का उद्देश्य था। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों को शिक्षा के साथ समाज के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। फाउंडेशन भविष्य में भी सामुदायिक कल्याण, शिक्षा और सामाजिक विकास से जुड़ी पहल जारी रखेगा।

# इज्जतनगर मंडल में 17 अगस्त तक चलेगा 'हर घर तिरंगा' अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** भारतीय रेल की ओर से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इस वर्ष 17 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य लोगों को अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित करने के साथ तिरंगे के प्रति भावनात्मक जुड़ाव और सम्मान की भावना को मजबूत करना है।

अभियान के तहत 15 अगस्त को घरों, कार्यालयों, संस्थानों, रेलवे स्टेशनों और सार्वजनिक स्थानों पर तिरंगा फहराया जाएगा। विभिन्न आयोजनों के दौरान देशभक्ति गीत 'वंदे मातरम्' की लिरिक्स भी बजाई जाएंगी। इज्जतनगर मंडल में अभियान को लेकर विभिन्न जनजागरूकता और देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें देशभक्ति गीत प्रतियोगिता, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता, वाद-विवाद, स्वच्छता अभियान, जागरूकता रैली, पौधरोपण, देशभक्ति आधारित नुक्कड़ नाटक, 'फिट इंडिया रन तिरंगा दौड़' और रक्तदान शिविर शामिल हैं। इन कार्यक्रमों के जरिए रेलकर्मियों, यात्रियों और आम लोगों को राष्ट्रप्रेम, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के प्रति जागरूक किया जाएगा। अभियान के दौरान लोग तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर अपनी भागीदारी भी दर्ज करा सकेंगे। इसके लिए निर्धारित वेबसाइट के माध्यम से सेल्फी साझा करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

# स्व. सरनाम सिंह यादव की स्मृति में शेखूपुर में विशाल पौधारोपण कार्यक्रम

## सांसद आदित्य यादव समेत कई नेताओं ने किया पौध वितरण, हजारों लोगों की भागीदारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम टुंगसैय्या में शनिवार को स्वर्गीय सरनाम सिंह यादव की स्मृति में एक विशाल पौधारोपण एवं फलदार पौध वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बदायूं के सांसद आदित्य यादव उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व मंत्री आबिद रज़ा एवं पूर्व विधायक प्रेमपाल सिंह यादव शामिल हुए। आयोजन का संयोजन पूर्व डीजीसी जवाहर सिंह यादव एवं एडवोकेट भानू यादव द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में हजारों की संख्या में ग्रामीणों, किसानों एवं क्षेत्रवासियों ने भाग लिया। इस दौरान आम, कटहल, अमरूद, करौंदा, जामुन और आंवला समेत विभिन्न प्रकार के फलदार पौधों का वितरण किया गया। अतिथियों के करकमलों से बड़ी संख्या में पौधे किसानों को दिए गए, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आय के अतिरिक्त स्रोत को भी बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।


पौधरोपण करते सपा के सांसद आदित्य यादव व पूर्व मंत्री आबिद राजा। -जागरण मोर्चा


शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र में पौधारोपण का कार्यक्रम जिसमें मौजूद रहे सपा के दिग्गज नेता। -जागरण मोर्चा

मुख्य अतिथि सांसद आदित्य यादव ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं और इनका संरक्षण प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल भी करें। साथ ही उन्होंने वर्ष 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने का दावा करते हुए किसानों और बेरोजगार युवाओं को उनका हक दिलाने का आश्वासन दिया।

विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह पौधारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का कार्य नहीं बल्कि सामाजिक जागरूकता का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जिस तरह ये पौधे आने वाले महीनों में विकसित होंगे, उसी प्रकार समाजवादी विचारधारा भी मजबूत होगी और वर्ष 2027 में प्रदेश में समाजवादी सरकार बनने का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने किसानों, बेरोजगारों और शोषित वर्ग के उत्थान के लिए संघर्ष जारी रखने की बात कही। पूर्व विधायक प्रेमपाल सिंह यादव ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि पौधे लगाना जितना महत्वपूर्ण है, उनका संरक्षण उससे भी अधिक जरूरी है। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन की आधारशिला हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम के आयोजक जवाहर सिंह यादव ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण, शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन बदायूं के महासचिव संदीप मिश्रा, समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव उदयवीर शाक्य, जिला उपाध्यक्ष सुनील यादव, बदायूं विधानसभा अध्यक्ष अतुल पटेल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख कृष्ण पाल सिंह गुरु, अवनीश यादव, प्रधान अल्लापुर श्रीपाल सिंह, प्रधान फतेहपुर उदयवीर सिंह, प्रधान पतौरा रोहतास यादव, सोमेंद्र यादव, भानू यादव सहित बड़ी संख्या में प्रधान, पूर्व प्रधान और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इटावा से पधारे आचार्य जगराम देव, राष्ट्रीय अध्यक्ष मानव उत्थान सेवा समिति ने की, जबकि संचालन वी.के. सिंह द्वारा किया गया। पूरे कार्यक्रम में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला और पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। शेखूपुर विधानसभा में भले ही सपा जिलाध्यक्ष के बेटे हिमांशु यादव विधायक हैं। लेकिन इस बार सपा पूर्व मंत्री आबिद रजा पर दाव लगा सकती है। सपा सांसद आदित्य यादव भी उनके साथ अब कंधे से कंधा मिलाकर क्षेत्र के विकास का एजेंडा भी

## संक्षेप समाचार

### पुरानी रंजिश में बुजुर्ग महिला को जमकर पीटा, मौत

**बदायूं।** पुरानी रंजिश को लेकर दंबगों का एक युवक से विवाद हो गया इसके बाद दबंग घर में घुस आए और परिवार के साथ मारपीट करने लगे। बीच-बचाव करने पहुंची बुजुर्ग महिला को भी हमलावरों ने जमकर पीटा। जिसमें वह गंभीर रुप से घायल हो गई और उनकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव काशी नगला निवासी जयदेवी (70) पत्नी देशराज के बेटे धनपाल का शनिवार को गांव के कुछ लोगों से पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया था। आरोप है कि इसके बाद हमलावर घर में घुस आए और परिवार के साथ मारपीट करने लगे। परिवार के बचाव में आई बुजुर्ग महिला जयदेवी को भी हमलावरों ने नहीं बख्शा और उनके साथ जमकर मारपीट की। जिसमें वह गंभीर रुप से घायल हो गई और उनकी मौत हो गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। परिवार वालों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचे विधायक राजीव सिंह बब्बू भैया



राहत सामग्री वितरित करते दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह। -जागरण मोर्चा

**उसहैत।** थाना उसहैत क्षेत्र के ग्राम पंचायत जटा के मजरा खेड़ा जलालपुर खाम में रविवार को बाढ़ प्रभावितों के लिए राहत सामग्री वितरण कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह उर्फ बब्बू भैया उपस्थित रहे। उनके साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधानगण एवं बड़ी संख्या में पत्रकार भी मौजूद रहे। कैंप के दौरान कुल 352 बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरित की गई। इनमें जटा ग्राम पंचायत खेड़ा जलालपुर खाम के 200, प्रेमी नगला के 39, ठकुरी नगला ग्राम पंचायत खजुरा पुख्ता के 29 तथा जसवंत नगला के 24 परिवार शामिल रहे। राहत सामग्री में खाद्य एवं दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं शामिल थीं। प्रत्येक परिवार को बोरी के अंदर 10 किलो आटा, 10 किलो चावल, 2 किलो अरहर दाल, 2 किलो चना, 2 किलो भुना चना, 1 किलो नमक, 1 लीटर रिफाइंड या सरसों का तेल, हल्दी, मिर्च, सब्जी मसाला और चीनी दी गई। इसके अलावा बोरी के बाहर 10 किलो आलू और 2 .5 किलो लइया भी प्रदान की गई। गैर-खाद्य सामग्री में तिरपाल, मोमबत्ती, माचिस, नहाने व कपड़े धोने के साबुन, सैनिटरी पैड, डिस्पोजल बैग, डेटॉल/सेवलॉन, सूती कपड़ा, तौलिया, 18 लीटर की बाल्टी और मग भी वितरित किए गए। इस दौरान विधायक बब्बू भैया ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा भी की। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने भी स्थिति का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर आपदा में जनता के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने आश्वस्त किया कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशासन की ओर से लोगों को सुरक्षित पेयजल के लिए पानी उबालकर या क्लोरीन की गोली का उपयोग करने, मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी लगाने तथा स्वच्छता बनाए रखने की सलाह दी गई।

# प्रेमी के घर पहुंची किशोरी, मामा पर 10 हजार में बेचने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिनावर।** थाना बिनावर क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी के प्रेमी के घर पहुंचने के बाद मामला तूल पकड़ गया है। किशोरी ने अपने मामा पर उसे दस हजार रुपये में बेचने का आरोप लगाया है, जबकि उसने प्रेमी युवक पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। इस पूरे घटनाक्रम के बाद पुलिस मामले की गहन जांच में जुट गई है और मेडिकल कराने के साथ मुकदमा दर्ज करने की तैयारी कर रही है।

किशोरी का फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के रहने वाले एक युवक से पिछले करीब दो साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताया जा रहा है कि हाल ही में किशोरी अपने प्रेमी के घर पहुंच गई, जिसके बाद मामला सामने आया। किशोरी का आरोप है कि उसके मामा ने उसे रुपये लेकर युवक के पास भेजा, जबकि दूसरी ओर यह भी चर्चा है कि शादी से इनकार करने पर आरोप लगाए गए हैं।

पुलिस के अनुसार, मामला पूरी तरह स्पष्ट नहीं है और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। किशोरी के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और उसे न्यायालय में पेश करने की तैयारी की जा रही है, ताकि उसके बयान मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज हो सकें। मेडिकल परीक्षण भी कराया जा रहा है, जिससे आरोपों की सच्चाई सामने आ सके।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शुरुआती जांच में प्रेम प्रसंग का मामला भी सामने आया है, लेकिन किशोरी के लगाए गए आरोपों को गंभीरता से लिया जा रहा है। बयानों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले में सच्चाई क्या है, यह जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

# हस्तकरघा परंपरा सांस्कृतिक चेतना और आत्मनिर्भरता की प्रतीक : रवि जी समदर्शी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**उझानी।** नगर के मेरे राम आश्रम में आयोजित हैंडलूम उत्सव में भारतीय हस्तकरघा परंपरा, स्वदेशी उत्पादों और आत्मनिर्भरता के महत्व पर वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए। रवि जी समदर्शी महाराज ने कहा कि भारतीय हस्तकरघा परंपरा हमारी सनातन सांस्कृतिक चेतना, शिल्प-कौशल और श्रम-साधना की अनुपम अभिव्यक्ति है। हथकरघे पर तैयार होने वाले वस्त्र केवल परिधान नहीं, बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही कला, परंपरा और सृजनशीलता के जीवंत दस्तावेज हैं। उन्होंने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देकर स्थानीय बुनकरों और शिल्पकारों की आजीविका को मजबूत करें। देश की अर्थव्यवस्था को स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। स्वदेशी का आग्रह राष्ट्रहित, सांस्कृतिक अस्मिता और आर्थिक स्वाभिमान से जुड़ा है। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी आवश्यकता की वस्तुओं में स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देनी चाहिए। गायत्री परिवार के संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में श्रम को साधना, स्वावलंबन को जीवन-मूल्य और लोकमंगल को परम ध्येय माना गया है। हस्तकरघा उद्योग हमारी सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करता है। स्वदेशी उत्पादों को अपनाना केवल खरीदारी नहीं, बल्कि बुनकरों, श्रमिकों और कारीगरों के परिश्रम के प्रति सम्मान व्यक्त करना है। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता मिलने से आर्थिक संसाधनों का प्रवाह स्थानीय स्तर पर बना रहेगा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। समाज के प्रत्येक वर्ग को स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाकर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करने में योगदान देना चाहिए। समाजसेवी आदित्य गुप्ता और देवेंद्र पाल ने गायत्री मंत्र का पटका पहनाकर रवि जी समदर्शी महाराज को सम्मानित किया। इस मौके पर सौम्या शर्मा, हेमंत आदि मौजूद रहे।


राम आश्रम पर हैंडलूम उत्सव पर रवि जी समदर्शी महाराज को गायत्री मंत्र का पटका पहनाकर सम्मानित करते देवेंद्र पाल और आदित्य गुप्ता। -जागरण मोर्चा

# पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फंदे से लटककर दी जान

## चार साल की बेटी के सिर से उठा पिता का साया, पुलिस ने कराया पोस्टमॉर्टम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**वजीरगंज।** कस्बे में पारिवारिक विवाद के चलते एक युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। शनिवार रात पत्नी से कहासुनी के बाद 32 वर्षीय युवक ने घर के अंदर फंदे से लटककर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।


मृतक अर्पित।

जानकारी के अनुसार कस्बा वजीरगंज के आंवला तिराहा निवासी अर्पित (32) पुत्र सुधीर चौहान का शनिवार रात किसी बात को लेकर अपनी पत्नी से विवाद हो गया। विवाद के बाद उसने आवेश में आकर घर के जाल में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जब परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने तुरंत उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।


युवक के आत्महत्या करने की सूचना पर घर के सामने लगी भीड़। -जागरण मोर्चा

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच-पड़ताल की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक अपने पीछे पत्नी और चार वर्षीय मासूम बेटी आरोही को छोड़ गया है, जिससे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि अर्पित शराब का आदी था और इसी बात को लेकर घर में अक्सर विवाद होता रहता था। शनिवार रात भी शराब को लेकर ही पति-पत्नी के बीच कहासुनी हुई थी, जिसके बाद उसने यह कदम उठा लिया।

सीओ बिसौली अंशुमन श्रीवास्तव ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया है और रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# भीषण गर्मी में बिजली कटौती से परेशान उपभोक्ताओं का प्रदर्शन, जेई को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**उसहैत।** भीषण गर्मी के बीच अंधाधुंध विद्युत कटौती से परेशान उपभोक्ताओं का आक्रोश रविवार को उसहैत विद्युत उपकेंद्र पर देखने को मिला। खेड़ा जलालपुरपुख्ता के दर्जनों उपभोक्ताओं ने उपकेंद्र पर तैनात अवर अभियंता (जेई) रामकिशोर श्रीवास्तव को शिकायती पत्र सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की।

उपभोक्ताओं ने बताया कि गांव के एक मोहल्ले में पिछले कई दिनों से विद्युत आपूर्ति लगातार बाधित हो रही थी, जिससे करीब 50 से 60 घरों में बिजली गुल रही। भीषण गर्मी में लोग बिजली संकट से जूझने को मजबूर थे। ग्रामीणों के अनुसार, मोहल्ले में अवनीश के घर के पास लगे विद्युत पोल से आपूर्ति बार-बार बाधित हो रही थी। कई बार लाइनमैन को सूचना देकर बिजली चालू कराई गई, लेकिन कुछ ही देर बाद तार टूट जाने से आपूर्ति फिर बाधित हो जाती थी।


प्रदर्शन करते बिजली उपभोक्ता। -जागरण मोर्चा

समस्या के स्थायी समाधान की मांग को लेकर बड़ी संख्या में उपभोक्ता उपकेंद्र पहुंचे और जेई को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान चंदन गुप्ता, विशनू सक्सेना, श्रीराम, ओमप्रकाश, मजले राठौर, रामकिशन, करण सिंह, बाबूराम, ओम शरण, अजय पाल, आयुष, प्रेमपाल, जोगिंदर राणा, पप्पू, ओमकार, संजू, राजू, ओमकार चौहान, बुधपाल, शेर सिंह, प्रदीप, राजवीर ठाकुर, स्वदेश, तेजपाल, धनपाल, आसाराम, देशराज, शिवराज, नन्हे राठौर और सुखपाल सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

इस संबंध में जेई रामकिशोर श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जांच कर ली गई है और समस्या का समाधान कर दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्युत आपूर्ति के तार अवनीश के घर की छत से होकर गुजर रहे थे, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती थी। इसी कारण वह तारों को हटा देता था, जिससे आपूर्ति बाधित हो जाती थी।

जेई ने बताया कि संबंधित व्यक्ति को समझा-बुझा दिया गया है और जल्द ही उचित व्यवस्था कर तारों को वहां से हटाकर सुरक्षित तरीके से आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी, ताकि भविष्य में उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

**हादसा** — कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव गौरामई की घटना, पुलिस ने शुरु की जांच

# डीजे लगी ट्रॉली में उतरा करंट, एक कांवड़िये की मौत, सात बच्चे झुलसे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव गौरामई में डीजे लगी ट्रैक्टर-ट्राली में करंट उतरने से एक कांवड़िए की मौत हो गई। जबकि सात बच्चे गंभीर रुप से झुलस गए। झुलसे बच्चों को जिला अस्पताल और मेडीकल कालेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। पुलिस ने घटना की जांच शुरु कर दी है। हादसा शनिवार देरशाम करीब 8 बजे हुआ। कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव गौरामई निवासी रोहित कुमार (20) समेत गांव के 60-70 कांवड़िए कछला गंगाघाट से गंगाजल लेने जा रहे थे। ग्राम प्रधान हसरत खान ने बताया कछला गंगाघाट से गंगाजल लेकर सभी कांवड़ियों को शाहजहांपुर के पटना देवकली मंदिर जाकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करना था। कांवड़ यात्रा के लिए ट्राली में डीजे व जनरेटर लगाया गया था। रात में सभी लोग कछला जाने की तैयारी कर रहे थे। ट्राली पर बच्चों समेत कांवड़िए सवार थे। डीजे पर कांवड़िए डांस कर रहे थे। इसी दौरान रास्ते में ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से लाउडस्पीकर टकरा गया। जिससे ट्राली में करंट दौड़ने लगा। जिससे ट्राली में तेज धमाके के साथ आग लग गई। जिससे कांवड़ियों में अफरातफरी मच गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने बिजली विभाग को सूचना देकर बिजली आपूर्ति बंद कराई। हादसे में रोहित की मौत हो गई। जबकि गांव के विपेंद्र (15), अंशू दिवाकर (12), प्रशांत (14), बृजेश (13), तेजवीर (8), सौरभ (6) व दमेश (9) गंभीर रुप से झुलस गए। आनन-फानन में सभी को जिला अस्पताल व मेडीकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां सभी का उपचार जारी है। वहीं, पुलिस ने रोहित के शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया है। रोहित की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। एसपी सिटी अभिषेक सिंह ने बताया कि गांव के लोग ट्रैक्टर-ट्राली में लगे डीजे पर डांस कर रहे थे। अचानक डीजे में करंट दौड़ने लगा। जिसमें एक युवक की मौत हो गई और सात बच्चे झुलस गए। जिनको मेडीकल कालेज व जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। घटना कांवड़ यात्रा से संबंधित नहीं थी। किसी भी कांवड़िए को कोई क्षति नहीं पहुंची है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।


मृतका जयदेवी।


जयदेवी के परिजन। -जागरण मोर्चा

# पुत्र की चाहत में पत्नी को जमकर पीटा, इलाज के दौरान मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** पुत्र की चाहत में पति ने अपनी पत्नी के साथ बेरहमी से मारपीट कर दी। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। ससुराल वाले इलाज के लिए उसे अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद मृतका के मायके पक्ष में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गांव पड़ौआ निवासी शेर सिंह ने अपनी पुत्री प्रवेश (30) की शादी लगभग 10 वर्ष पहले उझानी थाना क्षेत्र के गांव बरामय खेड़ा निवासी विजय पुत्र लाखन सिंह के साथ की थी। शादी के बाद प्रवेश ने एक पुत्री को जन्म दिया। इसके बाद उसने दूसरे बच्चे के रुप में एक पुत्र को जन्म दिया। जिसकी जन्म के बाद मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पति पुत्र न होने को लेकर पत्नी से अक्सर प्रताड़ित करता था।आरोप है कि इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई,जिसके बाद पति ने पत्नी को जमकर पीट दिया। मारपीट में गभीर रुप से घायल महिला की हालत बिगड़ती गई। परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे,जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उधर,मायके वालों का कहना है कि पति ने प्रवेश की तबियत खराब होने की सूचना दी। जब वह उसकी ससुराल पहुंचे,तब तक प्रवेश की मौत हो चुकी थी। मायका पक्ष की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही। इंस्पेक्टर उझानी प्रवीण कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


मृतका प्रवेश।


परिजन। -जागरण मोर्चा

# गंगाजल लेकर लौटे डॉ. शैलेश पाठक का शहर में भव्य स्वागत

## 25 हजार ग्रामीणों संग कांवड़ यात्रा, बढ़ते जनसमर्थन से सियासी हलचल तेज

जागरण मोर्चा कार्यालय



स्वागत समारोह में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष के साथ अन्य भाजपा के बड़े नेता रहे शामिल।



शहर में स्वागत के दौरान लगी भारी भीड़। -जागरण मोर्चा



स्वागत सम्मान में पहुंचे भाजपा के जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता भाजपा के नेता उमेश राठौर भाजपा नेता आशीष शाक्य। -जागरण मोर्चा

**दातागंज।** सावन माह में कांवड़ यात्रा से गंगाजल लेकर लौटे भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक का शहर में जोरदार और भव्य स्वागत किया गया। शहर में प्रवेश करते ही समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया। डीजे की धुनों और जयकारों के बीच निकले स्वागत जुलूस ने पूरे माहौल को भक्तिमय और उत्सवी बना दिया। बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने गले मिलकर उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनकी इस धार्मिक यात्रा को ऐतिहासिक बताया।

प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने अपने आवास के सामने डॉ. शैलेश पाठक का विशेष स्वागत किया। उन्होंने फूल-मालाओं से लादकर उनका अभिनंदन किया और कहा कि इतना विशाल जनसमूह किसी भी नेता के साथ बहुत कम देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि यह जनसमर्थन डॉ. पाठक की लोकप्रियता और क्षेत्र में उनकी मजबूत पकड़ को दर्शाता है।

बताया जा रहा है कि डॉ. शैलेश पाठक इस बार कांवड़ यात्रा में करीब 25 हजार से अधिक ग्रामीणों को साथ लेकर गए थे। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी ने इस यात्रा को खास बना दिया। यात्रा के दौरान अनुशासन, व्यवस्थाओं और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे यह आयोजन क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। स्वागत कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने कहा कि डॉ. पाठक लगातार क्षेत्र में सक्रिय रहकर जनता के बीच काम कर रहे हैं। यही कारण है कि उनका जनाधार तेजी से बढ़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वे अब केवल एक नेता नहीं, बल्कि क्षेत्र की जनता के मसीहा बनकर उभर रहे हैं।

राजनीतिक दृष्टि से भी इस आयोजन को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में बढ़ते जनसमर्थन को देखकर विरोधियों के भी होश उड़ गए हैं। कई लोगों ने यह भी कहा कि अगर भाजपा नेतृत्व ने डॉ. शैलेश पाठक पर भरोसा जताया, तो उनकी जीत लगभग तय मानी जा रही है।

कार्यक्रम में डॉ. पाठक के परिवार की भी चर्चा रही। उनकी बेटी शिप्रा पाठक, जो 'वाटर वूमेन' के नाम से देश-विदेश में पहचान बना चुकी हैं, का नाम भी लोगों की जुबान पर रहा। सामाजिक कार्यों और जल संरक्षण के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना करते हुए लोगों ने कहा कि परिवार की यह छवि भी डॉ. पाठक की लोकप्रियता को मजबूती देती है। इसके साथ ही यह भी चर्चा रही कि शिप्रा पाठक की संघ में मजबूत पकड़ है, जिससे राजनीतिक समीकरणों पर भी प्रभाव पड़ रहा है। इस कारण विरोधी खेमे में भी हलचल देखी जा रही है। समूचे कार्यक्रम में उत्साह और ऊर्जा का माहौल देखने को मिला। डीजे की धुनों पर झूमते कार्यकर्ता, फूलों की बारिश और जयकारों से गूंजता शहर, इस स्वागत को यादगार बना गया। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि आने वाले समय के राजनीतिक संकेत भी देता नजर आया।

# कांवड़ यात्रा को लेकर डीएम-एसएसपी का कछला घाट व मार्ग निरीक्षण, 'जीरो इंसिडेंट-जीरो एक्सीडेंट' का लक्ष्य

जागरण मोर्चा कार्यालय



कछला गंगा घाट पर डीएम और एसएसपी निरीक्षण करते हुए। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा-2026 को सकुशल, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी बदायूं अवनीश राय और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने शनिवार को कछला गंगा घाट एवं कांवड़ यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का गहन जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीएम और एसएसपी ने कछला गंगा घाट पर नौकायन कर पूरे घाट क्षेत्र का अवलोकन किया। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुचारु आवागमन और व्यवस्थाओं की गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं, ताकि कांवड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

अधिकारियों ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर सड़क की स्थिति, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, अस्थायी शौचालय, चिकित्सा सहायता केंद्र, एम्बुलेंस, विद्युत आपूर्ति, पार्किंग व विश्राम स्थलों का निरीक्षण किया। साथ ही सीसीटीवी निगरानी और यातायात प्रबंधन की तैयारियों को भी परखा गया। उन्होंने निर्देश दिए कि व्यवस्थाओं का लगातार निरीक्षण किया जाए और किसी भी कमी को तत्काल दूर किया जाए।

एसएसपी अंकिता शर्मा ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह सुदृढ़ रखी जाए। यात्रा मार्ग, प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। ड्यूटी पर तैनात सभी अधिकारी और कर्मचारी पूरी सतर्कता, अनुशासन और संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्व निभाएं तथा श्रद्धालुओं की सहायता को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय बनाए रखते हुए किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अन्य प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे।

# कांवड़ यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, एसपी सिटी व सीओ सिटी ने किया भव्य स्वागत

## डॉ. शैलेश पाठक की यात्रा की लखनऊ तक गूंजी गूंज, 30-40 हजार लोगों की सहभागिता



डॉक्टर शैलेश पाठक की कावड़ यात्रा पर पुष्प वर्षा करते सीओ सिटी राहुल पांडेय।



भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉक्टर शैलेश पाठक अपने समर्थकों के साथ कावड़ यात्रा में।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** श्रावण मास में निकाली गई कांवड़ यात्रा के दौरान शहर में उस समय उत्साह का माहौल देखने को मिला, जब भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक अपने समर्थकों के साथ इंदिरा चौक पहुंचे। इस दौरान एसपी सिटी अभिषेक सिंह और सीओ सिटी राहुल पांडेय ने कांवड़ यात्रा का भव्य स्वागत किया। अधिकारियों ने पुष्पवर्षा कर कांवड़ियों का अभिनंदन किया और व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया।

इंदिरा चौक पर डॉ. शैलेश पाठक के पहुंचते ही भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हजारों की संख्या में मौजूद कार्यकर्ता और समर्थक शर्मा डीजे की धुन पर झूमते नजर आए। पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल रहा और "बम-बम भोले" के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। यात्रा के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

बताया जा रहा है कि यह कांवड़ यात्रा अपने भव्य स्वरूप के कारण चर्चा का विषय बनी हुई है। एलआईयू की रिपोर्ट के अनुसार इस यात्रा में करीब 30 से 40 हजार लोगों की सहभागिता रही, जो जिले में अब तक की सबसे बड़ी कांवड़ यात्राओं में से एक मानी जा रही है। डॉ. शैलेश पाठक की इस कांवड़ यात्रा की गूंज जिला ही नहीं, बल्कि लखनऊ तक पहुंची है। राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर भी इस आयोजन की चर्चा हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और कार्यकर्ताओं का एक साथ शामिल होना अपने आप में एक बड़ा आयोजन है। प्रशासन ने यात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पूरे रूट पर पुलिस बल तैनात किया था। अधिकारियों के अनुसार यात्रा पूरी तरह सुरक्षित और व्यवस्थित रही।

# कांवड़ियों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, दो घायल

## कछला जा रहे श्रद्धालुओं का वाहन अनियंत्रित, डीएम-एसएसपी ने किया निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय



हादसे की सूचना पर पहुंची एसएसपी अंकिता शर्मा एसपी सिटी अभिषेक सिंह।

**बदायूं।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र में शुक्रवार रात कांवड़ियों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में दो लोगों को मामूली चोटें आईं, जिन्हें उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। राहत की बात यह रही कि घटना में कोई भी व्यक्ति गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ।

जानकारी के अनुसार ग्राम डहरपुर खुर्द, दातागंज निवासी करीब 12 लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली से कछला गंगा घाट पर जल भरने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान सिविल लाइन क्षेत्र में बालाजी मंदिर के पास ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाया। घटना की सूचना पर जिलाधिकारी बदायूं अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभिषेक कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर राहुल पांडेय भी मौके पर मौजूद रहे। पुलिस प्रशासन ने बताया कि सभी घायल खतरे से बाहर हैं और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। वहीं, कांवड़ यात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था और सतर्कता बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

# मामा समेत दो पर नाबालिग को 10 हजार में बेचने पर मुकदमा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिनावर।** नाबालिग किशोरी ने मामा पर 10 हजार रुपये में उसे बेचने का आरोप लगाया है। किशोरी ने दूसरे युवक पर जबरन कार में ले जाकर दो दिन तक रखने और दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। परिजनों को घटना की जानकारी मिलने पर किशोरी को वापस लाया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मामला मुजरिया थाना क्षेत्र के एक गांव का है। महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पिता की मौत के बाद करीब एक साल से वह बिनावर थाना क्षेत्र के एक गांव में अपने मामा इजरायल के घर रह रही थी। किशोरी ने आरोप लगाया कि चार अगस्त को इजरायल ने उसे फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के अजीम नाम के युवक को दस हजार रुपये में बेच दिया। आरोप है कि अजीम उसे जबरन कार में बैठाकर अपने गांव ले गया। वहां उसे दो दिन तक रखा गया और उसके साथ दुष्कर्म किया गया। घटना की जानकारी किशोरी के भाई और परिवार के लोगों को हुई तो वे अजीम के गांव पहुंचे और किशोरी को वापस लाने का प्रयास किया। परिवार के लोगों के दबाव के बाद किशोरी को उसके घर छोड़ दिया गया। घर पहुंचने के बाद किशोरी ने परिजनों को पूरी घटना बताई। इसके बाद शुक्रवार देर रात परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तहरीर के आधार पर मामा इजरायल और अजीम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# दातागंज की जनता मेरा परिवार, स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर बड़ा ऐलान : डॉ. शैलेश पाठक

जागरण मोर्चा कार्यालय



प्रेस वार्ता में दिल की बात कहते भाजपा नेता डॉक्टर शैलेश पाठक। -जागरण मोर्चा

**दातागंज।** भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक ने प्रेस वार्ता के दौरान क्षेत्र की जनता के प्रति अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि दातागंज की जनता उनका परिवार है और परिवार के हर सुख-दुख में शामिल होना उनका परम कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास और स्नेह ने उन्हें हमेशा सेवा के लिए प्रेरित किया है, और वे हर परिस्थिति में लोगों के साथ खड़े रहने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

प्रेस वार्ता में डॉ. पाठक क्षेत्र के स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गंभीर नजर आए। उन्होंने कहा कि दातागंज क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए सराय क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज खोलने की योजना बनाई जा रही है। इस मेडिकल कॉलेज के बनने से न केवल दातागंज बल्कि पूरे जिले के लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज में गरीब और जरूरतमंद लोगों को निशुल्क इलाज उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को बड़ी राहत मिलेगी। इसके साथ ही आसपास के जिलों के मरीजों को भी इसका लाभ मिलेगा, जिससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर और मजबूत होगा। डॉ. शैलेश पाठक ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल विकास करना ही नहीं, बल्कि हर व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचाना है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आने वाले समय में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में भी कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की जाएंगी।

प्रेस वार्ता के दौरान बड़ी संख्या में समर्थक और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने उनके विचारों का समर्थन किया और क्षेत्र के विकास के लिए उनके प्रयासों की सराहना की।

मदद | केमिस्ट एसोसिएशन उझानी ने कल्याण सिंह चौक पर लगाया कैंप

# कांवड़ यात्रियों के लिए उझानी में नि :शुल्क औषधि शिविर का शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय



शिविर का उद्घाटन करते संस्था के लोग। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** श्रावण मास के पावन अवसर पर कांवड़ यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उझानी में निःशुल्क प्राथमिक उपचार एवं औषधि वितरण शिविर का शुभारंभ किया गया। यह शिविर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, जनपद बदायूँ के निर्देशन में केमिस्ट एसोसिएशन उझानी द्वारा कल्याण सिंह चौक पर लगाया गया।

शिविर का उद्घाटन उपजिलाधिकारी न्यायिक तहसील सदर बदायूँ कुमार चन्द्र बाबू तथा औषधि निरीक्षक लवकुश प्रसाद ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान इस प्रकार के शिविर श्रद्धालुओं के लिए बेहद उपयोगी साबित होते हैं।

शिविर में कांवड़ यात्रियों को निःशुल्क प्राथमिक उपचार के साथ आवश्यक औषधियां उपलब्ध कराई जा रही हैं। आयोजकों ने बताया कि श्रावण मास के दौरान बड़ी संख्या में गुजरने वाले कांवड़ियों को स्वास्थ्य संबंधी किसी भी परेशानी में तुरंत सहायता प्रदान करना ही इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है।

इस अवसर पर अवधेश गोयल, शिव स्वरूप गुप्ता, मोहित अग्रवाल, प्रदीप साहू, डॉ. हबीब कादरी, डॉ. दीपक सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार बाइक फिसलने से तीन कांवड़िया घायल

**बिनावर।** कछला गंगा घाट पर जल भरने जा रहे तीन कांवड़िया रविवार दोपहर हादसे में घायल हो गए। बरेली जिले के नवाबगंज निवासी 15 वर्षीय सचिन पुत्र राजकुमार, 18 वर्षीय गुड्डू पुत्र बबलू और पीलीभीत जिले के बीमरखेड़ा निवासी 15 वर्षीय कपिल पुत्र हरदेव सिंह एक ही बाइक से कछला जा रहे थे। दोपहर करीब 1:30 बजे थाना बिनावर क्षेत्र के खुनक गांव के पास तेज रफ्तार बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई। हादसे में तीनों घायल हो गए। मौके पर जुटे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। डायल 112 की पीआरबी ने तीनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया।

# मिशन शक्ति टीम की सतर्कता से युवती बरामद, परिजनों को सकुशल सौंपा

जागरण मोर्चा कार्यालय





मिशन शक्ति टीम के साथ बरामद की गई युवती व उसके परिजन। -जागरण मोर्चा

**बिनावर।** थाना बिनावर क्षेत्र में मिशन शक्ति टीम की सक्रियता एक बार फिर सामने आई, जब टीम ने अभियान के तहत एक युवती को बरामद कर उसे सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

जानकारी के अनुसार मिशन शक्ति टीम क्षेत्र में खोए हुए व्यक्तियों की तलाश में जुटी हुई थी। इसी दौरान एक व्यक्ति ने टीम प्रभारी बाबू सिंह के मोबाइल पर फोन कर सूचना दी कि एक युवती को एक व्यक्ति बहला-फुसलाकर कहीं ले जा रहा है। सूचना मिलते ही मिशन शक्ति टीम तत्काल मौके पर पहुंची और सूचना देने वाले व्यक्ति से संपर्क कर संदिग्ध युवक व युवती की पहचान कराई।

मौके पर पहुंची महिला कांस्टेबल सोनिका ने तत्परता दिखाते हुए युवती को अपने संरक्षण में लिया। जब उससे साथ मौजूद युवक के बारे में पूछताछ की गई तो युवती ने बताया कि वह उसे नहीं जानती और वह अकेली है। इसके बाद टीम युवती को थाने ले आई। थाने में पूछताछ के दौरान युवती ने अपना नाम आनिया निवासी बारादरी, जिला बरेली बताया। इसके बाद मिशन शक्ति टीम ने तुरंत उसके परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने पर परिजन थाना बिनावर पहुंचे, जहां आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद युवती को उनके सुपुर्द कर दिया गया। अपनी बेटी को सकुशल पाकर परिजनों ने राहत की सांस ली और मिशन शक्ति टीम की तत्परता व कार्यशैली की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

## एक नजर

### 12 को रामपुर आएंगे शिवपाल यादव



**रामपुर।** 12 अगस्त को सपा के पूर्व मंत्री और राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव हेलीकॉप्टर से जौहर विवि पहुंचेंगे। जहां सपा कार्यकर्ता उनको हेलीपैड पर स्वागत करेंगे। उसके बाद वह जौहर विवि में पढ़ रहे छात्रों से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा पिछले जौहर विवि को बचाने के लिए धरने पर बैठे छात्र-छात्राओं से मुलाकात करेंगे। उसके बाद सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खां से से मुलाकात करेंगे। जिसका एक पत्र जिला कारागार प्रशासन को उपलब्ध कराया गया है। बाद में शिवपाल पूर्व सांसद तंजीन फात्मा से मुलाकात करेंगे। दोपहर दो बजे लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे। हालांकि अभी कार्यक्रम प्रशासन को नहीं मिला है। वहीं 14 अगस्त को सपा नेता आजम खां का जन्म दिन सपा कार्यालय पर मनाया जाएगा।

# ट्रेन की चपेट में आने से मंदबुद्धि युवक की मौत

## सिविल लाइंस पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** ट्रेन की चपेट में आने से मंदबुद्धि युवक की मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। उसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जहां परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।



मृतक का फाइल फोटो।

सिविल लाइंस के आवास विकास निवासी तीस वर्षीय राजकुमार मंदबुद्धि के थे। बताया जाता है कि वह अक्सर शराब पिया करते थे। कल भी शराब के नशे में वह सीआरपीएफ चुंगी के पास रेलवे ट्रैक पर पहुंच गए थे। इस दौरान अचानक से ट्रेन आ जाने के बाद कारण वह चपेट में आ गए थे। जहां मौके पर ही मौत हो गई थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। उसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जहां परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।



अस्पताल में बैठे मृतक के परिजन। -जागरण मोर्चा

**मजदूर की उपचार के दौरान मौत :** पाड़ से गिरकर घायल हुए सुखलाल की उपचार के दौरान मौत हो गई।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया है।सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। भोट थाना क्षेत्र के गांव कोयली का मझरा निवासी सुखलाल बगी गांव में 7 अगस्त को काम कर रहे थे कि अचानक से पाड़ से गिर जाने के कारण वह घायल हो गए थे। आस पास के लोगों ने उनको अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां 9 अगस्त को मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, मृतक सुखलाल अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनके परिवार में पत्नी सरस्वती (लगभग 50 वर्ष) और चार बच्चे हैं, जिनमें दो बेटे और दो बेटियां शामिल हैं। बड़ी बेटी रेशम 25 वर्ष की है, जबकि रेखा 18 वर्ष, अर्जुन 17 वर्ष और रोहित 16 वर्ष के हैं।एक बेटी की शादी हो चुकी है। परिवार के पास करीब सात बीघा जमीन थी, लेकिन उनकी आजीविका मुख्य रूप से मजदूरी पर निर्भर थी।सुखलाल की मौत के बाद परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। मृतक की बेटी रेखा ने ठेकेदार बाबू पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि ठेकेदार ने तुरंत किसी अच्छे अस्पताल में भर्ती कराया होता, तो उनके पिता की जान बच सकती थी।

## शाहबाद बिलारी स्टेट हाइवे पर बाईकों की भिड़ंत, एक की मौत दो जख्मी

**शाहबाद।** क्षेत्र के मंगोली गांव के पास हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों को सीएचसी से जिला अस्पताल भेज दिया गया।



मृतक इमरान।

रविवार को मोहल्ला कानून गोयान निवासी रशीद और इमरान सैफनी से दवा लेकर घर लौट रहे थे। मंगोली के पास सामने से बाइक से टक्कर हो गई। इसमें तीनों सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। हादसे में इमरान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रशीद और सौदान सिंह घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## संक्षेप समाचार

### मेंटीनेंस के नाम पर सिर्फ खानापूरी, हो रही अंधाधुंध कटौती

**रामपुर।** बिजली निगम के मेंटीनेंस कार्य के नाम पर सिर्फ खानापूरी हो रही है। इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। ऐसे में उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से आपूर्ति नहीं मिल रही है। भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं का हाल-बेहाल है। विभागीय अधिकारी सिर्फ मेंटीनेंस कार्य कराए जाने के नाम पर सिर्फ खानापूरी कर रहे हैं। रविवार की रात करीब 1:30 बजे पहाड़ी गेट बिजलीघर से बिजली बंद कर दी गई। काफी देर तक बिजली नहीं आने पर उपभोक्ताओं ने संपर्क साधा तो मालूम हुआ कि मैक्स हास्पिटल के पास 11केवी लाइन में पेड़ों की कटाई-छटाई कराई गई। इसी वजह से करीब डेढ़ घंटे तक बिजली ठप रही। भीषण गर्मी में बिजली नहीं आने की वजह से उपभोक्ताओं को काफी परेशानी हुई। जबकि ऐसे में विभागीय जिम्मेदार मेंटीनेंस के नाम पर चौड़े-चौड़े दावे कर रहे हैं। अब ऐसे में रात में कौन सी लाइन में खराबी आ गई। जिसकी वजह से उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है। रविवार की रात अचानक से गायब लाइट होने से उपभोक्ता परेशान दिखाई दिए।

### टॉपर्स बच्चों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित



मुख्य अतिथि के साथ खड़े बच्चे। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** वीर खालसा सेवा समिति की ओर से लगभग 25 सालों से शहर के टॉपर्स बच्चों को समिति के द्वारा सम्मानित किया जाता है। रविवार को भी वीर खालसा सेवा समिति के जिले के टॉपर्स बच्चों को सम्मानित किया गया इस मौके पर 130 बच्चों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि वीर खालसा सेवा समिति बधाई पत्र है जो समय-समय पर बच्चों को सम्मानित करती है उनका हौसला बढ़ाती है। एडिशनल एसपी अनुराग सिंह ने कहा कि बच्चों को सम्मानित करना बहुत अच्छा कार्य है समिति को बधाई देते हैं जो हमेशा सामाजिक कार्य करती है। समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा बच्चों को सम्मानित करना। उनको प्रोत्साहित करना यह हमारा कर्तव्य है इस मौके पर अलका जैन, सोनिया गुप्ता, रानी गुप्ता, सरदार मनमीत सिंह, गुलशन अरोड़ा, सुखबीर सिंह, सुरजीत सिंह, सेवा सिंह, नारायण सिंह, मोनू सिंह, खुशवंत बाजवा, वजीर सिंह, कमलजीत सिंह, नारायण सिंह, रणजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, मौजूद रहे।

### सीएचसी परिसर में सरकारी पेड़ों को कम रेट में नीलाम करने का आरोप, मुख्यमंत्री से शिकायत

**शाहबाद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में लगे कीमती पेड़ों को कथित रूप से औने-पौने दामों पर बेचने और सरकार के राजस्व को भारी चूना लगाने का आरोप लगा है। इस संबंध में नगर निवासी अफरोज खां ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायत पत्र के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में लगे यूकेलिप्टस के कीमती पेड़ों को कथित तौर पर मिलीभगत करके कम रेट में बेच दिया गया। आरोप है कि इसमें अस्पताल के डॉक्टर की मिलीभगत रही है। आरोप यह भी कि पेड़ो की वास्तविक कीमत ज्यादा है, लेकिन मिलीभगत करके कम रेट में नीलाम कर दिया गया।

### कन्नगी गुप्ता ने तीज क्वीन का जीता खिताब

**रामपुर।** भारत विकास परिषद (संकल्प शाखा) द्वारा शाहबाद रोड स्थित होटल ग्रैंड रीजेंसी में तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रभक्ति की भावना से ओत-प्रोत वंदे मातरम् के सामूहिक गायन से हुआ। वंदे मातरम की गूंज से पूरा सभागार राष्ट्रप्रेम की भावना से सराबोर हो गया। इसके उपरांत विधिवत दीप प्रज्वलन एवं भगवान श्री गणेश की वंदना के साथ तीज महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया गया ।तीज महोत्सव के दौरान महिलाओं एवं बच्चों द्वारा शानदार गायन, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गईं। प्रतिभागियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को उल्लास एवं उत्सव के रंग में रंग दिया। बच्चों की प्रतिभा और महिलाओं के आत्मविश्वास एवं रचनात्मकता को देखकर उपस्थित सदस्यों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया ।कार्यक्रम में तीज पर्व की पारंपरिक भावना को जीवंत बनाए रखने के लिए विभिन्न मनोरंजक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इनमें तीज क्वीन, मेंहदी प्रतियोगिता, थाल सज्जा प्रतियोगिता तथा राखी मेकिंग प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं ।तीज महोत्सव का सबसे प्रमुख आकर्षण तीज क्वीन प्रतियोगिता रही। प्रतिभागियों ने पारंपरिक परिधानों, साज-सज्जा, आत्मविश्वास एवं अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कन्नगी गुप्ता ने तीज क्वीन का खिताब अपने नाम किया, जबकि अंशिका अग्रवाल रनर-अप रहीं। तीज क्वीन : प्रथम कन्नगी गुप्ता, रनर-अप अंशिका अग्रवाल, मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम प्राशाली अग्रवाल, द्वितीय मोहिनी अग्रवाल, तृतीय गरिमा अग्रवाल रही। थाल सज्जा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर करिश्मा खंडेलवाल, द्वितीय गरिमा अग्रवाल, तृतीय साक्षी अग्रवाल एवं नैनसी रस्तोगी रही। राखी मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम नैनसी रस्तोगी ,द्वितीय करिश्मा खंडेलवाल, तृतीय साक्षी अग्रवाल महिला सहभागिता ने कार्यक्रम को बनाया विशेष रही। भारत विकास परिषद (संकल्प शाखा), रामपुर के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सक्रिय सहभागिता ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष सी.ए. तुषार अग्रवाल, सचिव अर्पित खंडेलवाल, उपाध्यक्ष अभिषेक खनेजा, कोषाध्यक्ष डॉ. पुलकित अग्रवाल एवं महिला संयोजिका श्रीमती पूनम पांडे सहित अनेक सम्मानित सदस्य एवं उनके परिवार उपस्थित रहे ।इस अवसर पर सी.ए. साजल अग्रवाल, मुदित अग्रवाल, अमित सक्सेना, अमितराज अग्रवाल, अमित चावला, मुकुंद चांदीवाला, मोहित शोरी, सिद्धार्थ पांडे सहित शाखा के अनेक सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की ।कार्यक्रम के अंतिम चरण में भारत विकास परिषद (संकल्प शाखा), रामपुर के पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं कार्यक्रम में शानदार प्रस्तुतियां देने वाले नन्हे कलाकारों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया। विजेताओं एवं प्रतिभागियों के चेहरे पर खुशी और उत्साह देखते ही बनता था।




तीज क्वीन को सम्मानित करती महिला पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

### शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यालय पर पहुंचे एसपी और एएसपी, विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**शाहबाद।** रविवार को शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यालय पर रविवार को एसपी अनिल कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह का आगमन हुआ। इस दौरान एसपी ने स्थानीय पत्रकारों के साथ विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की और क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था व संवाद समन्वय पर अपने विचार साझा किए। बैठक के दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में एसोसिएशन के अध्यक्ष आफताब, महासचिव सिफत मियाँ, संस्थापक एहसान खां, कार्यकारी अध्यक्ष आकाश शंकर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शराफत हुसैन हस्सानी, कार्यकारी अध्यक्ष राजीव भटनागर, कार्यकारी अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, उपाध्यक्ष मुस्तफा हुसैन, कोषाध्यक्ष फैजी खां, उपाध्यक्ष जहीर खान, उपाध्यक्ष सुमित कश्यप, सचिव तकरीर अहमद, शाबेज खान और शावेज उर्फ छोटे सहित तमाम पत्रकार उपस्थित रहे। इस दौरान पुलिस अधिकारियों और पत्रकारों के बीच आपसी सहयोग और जनहित के मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई। अधिकारियों ने पत्रकारों की भूमिका को सराहते हुए समाज हित में निष्पक्ष पत्रकारिता के महत्व पर जोर दिया।

## प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के साथ मनाया स्थापना दिवस



पौधारोपण करते कंपनी के अधिकारी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक:** पेस्टीसाइड एवं फर्टिलाइजर्स निर्माण कंपनी ने शनिवार को अपना स्थापना दिवस पर्यावरण संरक्षण के नाम किया। कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सलावतपुर प्राथमिक विद्यालय पहुंचकर स्कूली बच्चों के साथ मिलकर पौधारोपण किया। कार्यक्रम में कंपनी के अधिकारी जयवीर सिंह ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर बल देते हुए सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने की शपथ दिलवाई। इस दौरान छात्र-छात्राओं को स्टेशनरी सामग्री वितरित कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर कंपनी के अधिकारी जयवीर सिंह, आदित मलिक, मुकेश चंद्र शर्मा, नवीन कुमार शर्मा, मुकेश कुमार यादव, प्रवेश, वीरपाल, सोमपाल, शंकर, रविपाल, भगवान दास, चंद्रपाल, धर्मेंद्र पाल, अनुकांश, शिवाकांत, शिवम आर्यन अनुज, देवेश, आदर्श, अनुष्का, काजल, गुंजन, भारती आदि उपस्थित रहे।

## मुफ्ती महबूब अली कादरी की इल्मी, मिल्ली सेवाओं पर सेमिनार

### सेमिनार में शाइख, शिक्षक, बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया प्रतिभाग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** मदरसा जामे उलूम फुरकानिया में हजरत किबला मुफ्ती मौलाना महबूब अली साहब कादरी रहमतुल्लाहि अलैह की इल्मी एवं मिल्ली सेवाओं के विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में उलमा, मशाइख, शिक्षक, बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता, विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने भाग लिया।

सेमिनार का शुभारंभ मदरसा जामे उलूम फुरकानिया के शोबा-ए-तिलावत के शिक्षक कारी फरहत सुल्तान खां की तिलावते-कलामे-पाक से हुआ। इसके बाद मदरसे के शिक्षक कारी मोहम्मद काशान खां ने बारगाहे-रिसालत में नात-ए-रसूल पेश करने का सौभाग्य प्राप्त किया। सेमिनार को संबोधित करते हुए मदरसे के वरिष्ठ शिक्षक एवं मुहद्दिस मौलाना मोहम्मद नासिर खां ने हजरत किबला मुफ्ती जी की इल्मी एवं मिल्ली सेवाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने हज़रत से संबंधित एक घटना का उल्लेख करते हुए बताया कि हमारे पीर व मुर्शिद हजरत मौलाना शाह रज्जीउद्दीन अहमद खां रहमतुल्लाहि अलैह ने हजरत मुफ्ती के बारे में फरमाया था कि एक बार जब उन्हें दिल का दौरा पड़ा तो उन्होंने कहा था कि अभी अल्लाह तआला को उनसे बहुत काम लेना है, इसलिए अभी उनके जाने का समय नहीं आया है। हजरत मुफ्ती के फतावों पर आधारित पुस्तक फतावा मुफ्ती आज़म, डॉ. ज़फर अली अंजुम की पुस्तक मिस्र की अदबी तहरीकात का भी औपचारिक विमोचन किया गया। कार्यक्रम के अंत में अजमेर स्थित ख्वाजा साहब की दरगाह के सज्जादानशीन सैयद वारिस हुसैन चिश्ती ने दुआ कराई। उनकी दुआ के साथ एक दिवसीय सेमिनार का समापन हुआ।



मदरसा फुरकानिया में आयोजित सेमिनार में पुस्तक का विमोचन करते उलमा। -जागरण मोर्चा

## किसानों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। शीघ्र निराकरण न होने पर आंदोलन को चेतावनी दी ।लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में ऑपरेशन एक एकजुटता के तहत हुई पंचायत में खाद, बिजली, राशन वितरण में धांधली और छुट्टा पशुओं का मुद्दा उठाया। जिलाध्यक्ष दरबारी लाल शर्मा ने कहा कि नई व्यवस्था लागू होने से किसानों को खाद नहीं मिल रही है । बिजली आपूर्ति का भी बुरा हाल है। राशन वितरण में धांधली हो रही है। किसान छुट्टा पशुओं से भी परेशान हैं। जिलाध्यक्ष ने अधि कारियों की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। इस बीच दौरान तहसीलदार पंचायत में पहुंचे । किसानों ने उन्हें ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष ने 20 से ज्यादा लोगों को भाकियू की सदस्यता ग्रहण कराई । इस अवसर पर प्रदेश सचिव दरियाब सिंह, मोहम्मद तालिब, जीराम यादव, राम बहादुर, राहत खां, भारत सिंह यादव, रामपाल सिंह, जुगनू, जाहिद नेता, हाफिज मुजक्किर, चन्ना खां, मनोज कुमार शर्मा, प्रतिभा सिंह ठाकुरदास लोधी, मथुरापुर रामपाल सिंह, वीर सिंह, राजपाल यादव, राहुल यादव युवा नेता राजपाल सिंह यादव, प्रमोद यादव, रामदास मौर्य, राजेंद्र सिंह यादव, भूप सिंह यादव, पप्पू यादव, डीपी यादव भी मौजूद रहे।



समस्याओं को लेकर प्रदर्शन करते किसान। -जागरण मोर्चा

## कांवड़ यात्री की मौत परिजनों में कोहराम

**शाहबाद।** कोतवाली क्षेत्र के जगेसर गांव निवासी अधेड़ की कांवड़ यात्रा से लौटते समय मौत हो गई। कावड़ यात्री की मौत से परिजनों में कोहराम छा गया। जगेसर गांव निवासी 55 वर्षीय सुखपाल पुत्र मुकुट सिंह की कांवड़ लेकर लौटते समय रास्ते में मौत हो गई।



मृतक सुखपाल।

ग्राम प्रधान के अनुसार सुखपाल बेड़े के ट्रैक्टर को चला रहे थे, बिलारी-मुरादाबाद हाइवे स्थित मोहन तखतपुर के पास उनके ट्रैक्टर की ई-रिक्शा से टक्कर हो गई। हादसे के बाद सुखपाल घबरा गए और उन्हें अटैक आने से मौत हो गई।

## जिले में नहीं होगी खाद की किल्लत, आई रैक

- 29 हजार से अधिक दुकानों पर भेजी गई बोरियां

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** किसानों ने लिए राहत भरी खबर है। यूरिया की एक ओर रैक रामपुर पहुंच गई है। रैक पहुंचने के तुरंत बाद खाद की बोरियों को मजदूर द्वारा ट्रकों और ट्रेक्टर ट्राली में लादकर सीधे निजी दुकानों के लिए रवाया गया। जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि रैक में लगभग 29,233 खाद की बोरियां है यह जिले की निजी दुकानों तक पहुंचाई जाएगी। जहां से किसान अपनी आवश्यकतानुसार इसे खरीदकर धान, गन्ना और अन्य फसलों में उपयोग करेंगे। बताया कि जनपद में पहले से ही लगभग 16 एमटी खाद उपलब्ध थी। नई रैक के आने के खाद की उपलब्धता और बढ़ गई है और जल्द ही दो ओर रैक रामपुर पहुंचने वाली है। जिससे किसानों को खाद की किल्लत का सामना नहीं करना पड़ेगा। वह यूरिया खाद केवल अपनी जरूरत के हिसाब से ही खरीदें। फसलों में निर्धारित मात्रा में इसका इस्तेमाल करें। जरूरत से ज्यादा खाद डालने से फसल को फायदा के बजाए नुकसान हो सकता है। इससे फसलों में बीमारियां और किट लगने की समस्या बढ़ने लगती है।



ट्राली में लदी खाद की बोरियां।

## नौकरी लगवाने के नाम पर साढ़े चार लाख रुपये ऐंठे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** पुलिस ने नौकरी लगवाने के नाम पर वादी से 4 लाख 95 हजार रुपये लेकर फर्जी नियुक्ति पत्र देने और रुपये वापस मांगने पर जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने के आरोप में वांछित आरोपी सतीश मौर्य को गिरफ्तार कर लिया है।

12 जुलाई 2026 को वादी ने ग्राम बन्दार थाना शाहबाद निवासी सतीश मौर्य पुत्र सुखलाल और मुनेन्द्र पुत्र नामालूम के विरुद्ध तहरीर दी थी।आरोप लगाया गया था कि वादी की पत्नी सहित अन्य तीन परिचित व्यक्तियों की नौकरी लगवाने के नाम पर वादी से 2 लाख 55 हजार रुपये ऑनलाइन और 2 लाख 40 हजार रुपये नगद लिए तथा स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया का फर्जी नियुक्ति पत्र थमा दिया। फर्जी नियुक्ति पत्र की शिकायत करने पर अभियुक्तों ने वादी को जातिसूचक गालियां देकर अपमानित किया। विवेचना के दौरान मुकदमे में संबंधित बीएनएस की धाराओं की वृद्धि की गई। पुलिस ने आरोपी सतीश मौर्य को उसके मकान से गिरफ्तार कर कार्यवाही की।




शाहबाद पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

**बैठक** वाल्मीकि कौम की एकता एवं सुरक्षा के लिए सर्वप्रथम युवाओं को आगे आना होगा : अभिषेक बाबू

## यूथ-विंग की नवयुक्त कार्यकारिणी का हुआ गठन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस (भीम) के राष्ट्रीय प्रमुख भीम अनार्य के निर्देशानुसार (यूथ विंग) प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक बाबू के नेतृत्व में यूथ-विंग की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मिलक, बिलासपुर, मुरादाबाद आदि जगहों के युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा रामपुर जिला अध्यक्ष(यूथ-विंग) जानू चौहान एवं मुरादाबाद जिला अध्यक्ष (यूथ-विंग) किरेन्दर वाल्मीकि भी अपनी टीम के साथ पहुंचे।इस अवसर पर भावाधस (भीम) यूथ-विंग की नवयुक्त कार्यकारिणी का गठन किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष (यूथ-विंग) अभिषेक बाबू ने कहा कि वाल्मीकि कौम की एकता एवं सुरक्षा के लिए सर्वप्रथम युवाओं को आगे आना होगा और वाल्मीकि समाज के लिए सामाजिक कार्य एवं नशाखोरी, अंधविश्वास जैसी कुरीतियों को दूर भागना होगा, तभी समाज तरक्की कर सकता है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एकलव्य वाल्मीकि ने कहा कि हमें संगठित रहने की जरूरत है संगठित रहने से ही समाज में एकता आएगी जिससे हम समाज को शिक्षा की ओर ले जाने का कार्य कर सकते हैं।

इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एकलव्य वाल्मीकि, (स्थानीय निकाय) जिला अध्यक्ष चौधरी विजय प्रकाश, भावाधस(भीम) मंडल अध्यक्ष शरद राज, (मुरादाबाद) जिला अध्यक्ष किरेन्दर वाल्मीकि, अंकित वाल्मीकि, संजय कुमार, (रामपुर) जिला अध्यक्ष जानू चौहान, आकाश वाल्मीकि, शिवम वाल्मीकि, भरत वाल्मीकि, साहिल सिंह, सोनू वाल्मीकि, आदर्श वाल्मीकि, सुमित चौहान, विनय चौधरी, कुणाल वाल्मीकि, यश सेठ आदि लोग उपस्थित रहे।



बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**एक नजर**

### फांसी पर झूलता मिला युवक का शव

**खुदागंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरी के निकट एक आम के बाग में युवक का सब गमछे से फंदा डालकर फांसी पर झूलता मिला, जिसकी पहचान रामपुर नवदिया निवासी युवक ने अपने मौसेरे भाई के रूप में की पुलिस ने मृतक के सब को कब्जे में लिया। रविवार को क्षेत्र के ग्राम अकबरी स्थित इंडेन गैस एजेंसी के पीछे एक आम के बाग में हरदोई जनपद के थाना हरपालपुर के गांव लच्छन पुरवा निवासी प्रभात पांडे उर्फ शिवा पुत्र स्वर्गीय श्रीकांत पांडे जो अपने मौसेरे भाई रामपुर नवदिया निवासी अभिषेक शुक्ला के यहां रहकर खुदागंज के जैन इंटर कॉलेज में पढ़ाई करता था जो कक्षा 10 का छात्र था रविवार सुबह 9 :00 बजे घर से निकला था की दोपहर अकबरी निवासी असगर अली ने पुलिस को सूचना दी कि बाग में एक युवक फांसी पर झूलता देखा गया है सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सबको कब्जे में लिया जिसकी पहचान अभिषेक शुक्ला ने अपने मौसेरे भाई प्रभात पांडे के रूप में की।

## उधार के रुपए वापस मांगने पर युवक को मारी गोली, रेफर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** कोतवाली क्षेत्र के जिला न्यायालय के पास स्कूटी से दुकान खोलने जा रहे युवक को दो बाइक सवार युवकों ने गोली मार दी गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सीएससी में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर होने पर युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया घटना की तैयारी कोतवाली में दी गई है घटना के पीछे रूपयों का लेनदेन बताया जा रहा है

कोतवाली क्षेत्र के कायस्थान मोहल्ला निवासी 22 वर्षीय युवक अक्षय कुमार गुप्ता पुत्र शिव ओम गुप्ता की 36 बी रेलवे फाटक के पास किराना की दुकान है रोजाना की तरह युवक सुबह 7 बजे दुकान खोलने घर से निकला स्कूटी सवारी का जब मुंसिफ रोड स्थित जिला न्यायालय के पास पहुंचा तो बाइक सवार दो युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया युग कौन है अक्षय पर तमंचा दान दिया विरोध करने पर तमंचे से निकली गोली अक्षय के दाएं पैर में जा लगी घटना के बाद अक्षय जमीन पर गिर गया और आरोपी बाइक लेकर फरार हो गए घायल युवक ने घटना की सूचना अपने परिजनों को दी परिजनों ने सूचना कोतवाली पुलिस को दी कुछ देर बाद पुलिस व परिजन मौके पर पहुंच गए घायल को उपचार के लिए सीएससी में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया।



चंदौसी सीएचसी मे युवक के गोली लगने के बाद जानकारी करती पुलिस।

घायल के पिता ने बताया कि उनके पुत्र ने तीन माह बहजोई निवासी परिचित को डेढ़ लाख रूपए उधार दिए थे रुपए वापस मांगने पर उक्त द्वारा उनके पुत्र पर तीन बार हमला कराया जा चुका है गत सोमवार को नेता स्थित सैनिक चौराहे पर भी उनके पुत्र पर कुछ युवको द्वारा तमंचा ताना गया था जिसकी तहरीर उनके द्वारा थाना बनियाठेर में दी गई थी उसके बाद कुछ लोगों ने दुकान पर उनके युवक पर पथराव किया था रविवार को आरोपियों ने उनके पुत्र को गोली मार दी घटना की तहरीर घायल युवक की बहन वर्षा की ओर से कोतवाली में दी गई है फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच जांच की प्रभारी निरीक्षक संत कुमार ने बताया कि टीम गठित कर हमलावरों की तलाश की जा रही है।

## महिला को सांप ने डसा, रेफर

### इससे पहले भी तीन लोगों को डस चुका है सांप, बालिका की हो चुकी है मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव गनेशपुर में मैं की आई महिला को सांप ने डस लिया महिला को उपचार के लिए सीएससी लाया गया जहां हालत नाजुक होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया इससे पूर्व सांप गांव में एक ही परिवार के 3 लोगों को डस चुका है जिसमें एक बच्ची की मौत तक हो चुकी है

थाना केला देवी क्षेत्र के गांव खिन्नी अमावती निवासी पूजा पत्नी राजू अपने मायके थाना कुडफतेहगढ़ क्षेत्र के गांव गणेशपुर आई हुई है महिला रविवार को अपनी वर्षीय पुत्री बंसी को घर के बाहर शौच करा रही थी कुछ देर बाद महिला पुत्री को लेकर घर में आ गई और करीब चार घंटे बाद महिला की हालत बिगड़नी शुरू हो गई देखा तो महिला के बाय पर के पंजे के पास सांप के कांटे का निशान था प्रियंक महिला को उपचार के लिए सीएससी लेकर पहुंचे जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। बता दे कि गांव गनेशपुर निवासी विनोद ने बताया कि उनके घर में छिपा जहरीला सांप पिछले चार दिनों से लगातार परिवार के सदस्यों को निशाना बना रहा था। शनिवार को उनकी सात वर्षीय बेटी सुनहरी घर में खेल रही थी। इसी दौरान सांप ने उसे डस लिया। परिजन आनन-फानन में उसे चन्दौसी के एक निजी अस्पताल ले गए, लेकिन शुरुआत में उन्हें सांप के काटने का पता नहीं चल सका, जिससे रविवार को इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई। रविवार को ही सुनहरी की चाची संगीता के पैर की उंगली में सांप ने फिर डस लिया। हालत गंभीर होने पर परिजनों ने उन्हें चन्दौसी के अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ से डॉक्टरों ने उन्हें मेरठ रेफर कर दिया। संगीता का इलाज अभी मेरठ के निजी अस्पताल में चल रहा है। परिवार अभी इन दो हादसों से उबर भी नहीं पाया था कि मंगलवार देर रात करीब ढाई बजे सांप ने सुनहरी के चाचा प्रमोद यादव को सोते समय दाहिने हाथ की उंगली में काट लिया। दर्द होने पर जब प्रमोद ने लाइट जलाई तो बेड पर सांप बैठा दिखाई दिया। शोर मचाने पर पहुंचे परिजनों ने इस बार घबराने के बजाय हिम्मत दिखाई और सांप को पकड़कर एक डिब्बे में बंद कर दिया। सांप को डिब्बे में बंद करने के बाद परिजन तुरंत प्रमोद को इलाज के लिए बदायूं मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां उनका उपचार जारी है। परिजनों के अनुसार अब प्रमोद की हालत में सुधार आ रहा है।

## पुलिस ने पकड़ा टप्पेबाजी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** कोतवाली पुलिस ने नेत्रहीन लोगों के नाम पर रूपये एकत्र कर लोगों से टप्पेबाजी करने वाले अन्तर्राज्यीय गैंग के 5 अभियुक्त/अभियुक्ता को गिरफ्तार किया है पुलिस ने उनके पास से दो जोड़ी कुंडल व 5 हजार रुपए की नकदी बरामद की है जिनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के आनंद विहार कॉलोनी निवासी महिला नारायणी देवी पत्नी भगवान दास ने 8 अगस्त को कोतवाली में तहरीर दी थी महिला की तहरीर पर पुलिस ने एक महिला सहित तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था पीड़ित महिला का आरोप था कि 8 अगस्त को दो अज्ञात व्यक्ति व एक महिला द्वारा उनसे रास्ता पूछने के बहाने साथ साथ चलने लगे और एकान्त जगह आने पर घेर कर मारने का भय दिखाकर जबरन दोनों कानों के सोने के कुंडल लूटकर ले गए। घटना का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि अभियुक्तों का एक अन्तर्राज्यीय टप्पेबाजी का गिरोह है जो राजस्थान, हरियाणा व पश्चिमी उत्तर प्रदेश आदि स्थानों पर टैप्पे बाजी करते हैं। अभियुक्त नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड नाम से अन्धे व्यक्तियों के नाम पर पैसे इकट्ठे करने का काम करते है। जो लोगों से 100, 50 रुपए का डोनेशन लेते थे तथा लोगों को लखनऊ एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड नाम की पर्ची देते थे। गैंग के सदस्य माया व राजू (जो पति-पत्नी है) बुजुर्ग महिलाओं



टप्पेबाजी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का खुलासा करते एसपी। -जागरण मोर्चा

**▸ पुलिस ने आरोपियों से बरामद किया दो जोड़ी कुंडल व 5 हजार रुपए नगद**

एवं जिन महिलाओं के नाक या कान में आभूषण होते थे उनको टारगेट कर चिन्हित करते थे एवं अपने गैंग की दूसरी टीम की सदस्य तुलसी को उस टारगेट के बारे में बताते थे।

टारगेट महिला को गैंग की सदस्य तुलसी विश्वास में ले लेती थी तथा उसके बाद गिरोह के सदस्य गंगाराम व कल्लू (जो आपस में सगे भाई है) उनके द्वारा उस टारगेट महिला को एकांत स्थान पर ले जाकर उससे टप्पेबाजी की घटना कारित की जाती थी। इस प्रकार यह गैंग अन्धों के नाम पर पैसे एकत्र करने का कार्य करता था जिससे किसी को शक ना हो उसे लखनऊ एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड नाम की पर्ची दे देते थे और अपनी टीम के अन्य सदस्यों को बताकर उस व्यक्ति के साथ टप्पेबाजी की घटना की जाती थी। पुलिस ने आरोपियों को खुर्जा गेट स्थित करेली मार्ग से गिरफ्तार किया है पकड़े गए आरोपियों के नाम गंगाराम पुत्र स्व ओमकार निवासी चमरी, कोतवाली हापुड, कल्लू राय पुत्र मोहन राय निवासी लक्ष्मी नगर गेरुआ फाटक के पास जनपद मथुरा, तुलसी राय पत्नी कल्लू राय निवासी लक्ष्मीनगर गेरुआ फाटक के पास जनपद मथुरा, राजू पुत्र स्व ओमकार निवासी चमरी थाना कोतवाली नगर जनपद हापुड, माया पत्नी राजू निवासी शामिल है पुलिस ने आरोपियों के पास से दो जोड़ी कुंडल तथा 5 हजार रुपए की नगदी बरामद की है आरोपियों पर विभिन्न स्थानों में मुकदमे पंजीकृत है।

## जंगल में गाय लेने गई महिला को सांप ने काटा

**चंदौसी।** जंगल में गाय लेने गई महिला को शनिवार की शाम सांप ने डस लिया। महिला के जानकारी देने पर परिजन ई-रिक्शा से सीएससी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे उपचार के लिए भर्ती कर लिया। कोतवाली क्षेत्र के असालतपुर जारई रोड निवासी बबली पत्नी बहादुर शनिवार की शाम सात बजे जंगल में गाय पकड़ने गई थी। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे बैठे सांप ने उसके बाएं पैर में काट लिया। सांप के काटने की सूचना उसने घर पर आकर परिजनों को दी। परिजन तत्काल उसे ई-रिक्शा से सीएससी चन्दौसी लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने उसे भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया। हालत में सुधार होने पर उसे घर भेज दिया।

## दम्पत्ति को लूटने वाला जहरखुरान को दबोचा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** जीआरपी ने चाय में नशीला पदार्थ पिलाकर आभूषण चोरी करने वाले शातिर जहरखुरान को गिरफ्तार किया है जीआरपी ने आरोपी से चोरी हुई चैन, दो कुण्डल, एक अंगूठी व 3500 रुपये नकदी बरामद किए हैं जिसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

पीडित वृद्ध दम्पत्ति देवेन्द्र सिंह पुत्र रामबहादुर सिंह व गीता पत्नी देवेन्द्र सिंह निवासीगण ग्राम भुकलारा थाना सहपाऊ जनपद हाथरस के साथ जहरखुरानी कर आभूषण चोरी की घटना की गई थी जिसका मुकदमा जीआरपी थाने में दर्ज है। घटना के खुलासे को

**▸ आरोपी के पास से बरामद किया लूटा गया सामान**

मुकदमा उपरोक्त में सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण, सर्विलाश की मदद से एवं तकनीकी साक्ष्यों की मदद से आरोपी प्रताप सिंह पुत्र गंगाराम निवासी मोहल्ला गोपालगंज थाना छतारी, जनपद बुलन्दशहर को संभल रेलवे फाटक से गिरफ्तार कर लिया जिसके पास से जीआरपी ने एक चैन, दो अदद कुण्डल, एक अँगुठी व 3500 रूपये नगद बरामद किए आरोपी के विरुद्ध विभिन्न स्थानों में संगीन अभियोग पंजीकृत हैं जीआरपी की ओर से आरोपी के विरोध वैधानिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## फाइटिंग कैंप में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** संस्कार वैली स्थित चंदौसी ताइक्वांडो एकेडमी में एडवांस निशुल्क (क्यूरिगी) फाइटिंग कैंप का आयोजन हुआ जिसमें कुल 65 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों में अंश, शिव, सूर्यांश, कनिष्क, प्रणव, रिद्धी, सिद्धि, अंशुल, आरव, मधुर, देव, आराध्या, सुदीक्षा, मिष्टी, परी, सूर्यांश, प्रियांशी, पलक, अर्जित, इवांशी, आयशा, दीक्षा, गरिमा, कनक, कीर्ति, आराध्या, नव, शनाया, प्रिंस, कृष, कृष्णा, नक्श, अनाया, दृष्टी, चीनू, शिवांश, समृद्धि, आशीष, संतराम, शिवांशु, गर्व, तुषार,आदित्य, प्रियांशु, सृष्टि, विहान, तन्मय, माधव आदि शामिल रहे सीनियर खिलाड़ी मनन, पूर्वी, देवांशी, शिवांशी, रिद्धिमा, राहुल, श्याम आदि का सहयोग रहा। संभल ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव सुरेश कुमार ने बताया कि 4 घंटे तक चले फाइटिंग कैंप में 3 साल से लेकर 25 साल तक के सभी खिलाड़ियों को तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया जिसका उद्देश्य सभी खिलाड़ियों के खेल को बार बार अभ्यास के द्वारा ज़्यादा से ज़्यादा निखारना रहा। ताकि भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं में खिलाड़ी ज़्यादा से ज्यादा पदक हासिल कर सकें।



चंदौसी फाइटिंग कैंप प्रतियोगिता के खिलाड़ी। -जागरण मोर्चा

**▸ चंदौसी ताईकमांडो एकादमी में हुआ कार्यक्रम का आयोजन**

## कथा सुन श्रद्धालु हुए भाव विभोर

**चंदौसी।** सीता रोड स्थित गीता सत्संग भवन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास प्रशांत कुमार मिश्र ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का रसपान कराया। उन्होंने महारास, कंस वध, उद्धव-गोपी संवाद और रुक्मिणी विवाह की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। व्यास जी ने कहा कि महारास जीवात्मा और परमात्मा के बीच निष्काम एवं आध्यात्मिक प्रेम का स्वरूप है।रुक्मिणी विवाह प्रसंग के दौरान बताया गया कि भगवान ने शिशुपाल व जरासंध का अहंकार चूर कर रुक्मिणी जी के प्रेम की रक्षा की। इसके बाद श्रीकृष्ण-रुक्मिणी का विधिवत विवाह संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने मंगलगीत गाकर उत्सव मनाया। इस अवसर पर मुख्य यजमान दिवाकर पाठक, यथार्थ कृष्ण, अनुपम शर्मा सहित अनेक भक्त उपस्थित रहे।

## स्थापना दिवस समारोह में पहुंचेंगे व्यापारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जिला की बैठक झुन्नीलाल धर्मशाला में आयोजित की गई। जिसमें जिलाध्यक्ष व मंडल प्रभारी प्रेम ग्रोवर ने व्यापार मंडल के स्थापना दिवस पर 3 सितंबर को लखनऊ चलने के लिए सभी सदस्यों का आह्वान किया और कहा कि व्यापार मंडल के स्थापना दिवस लखनऊ स्थित बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले स्वदेशी व्यापार कुंभ में जनपद सम्भल से अधिक से अधिक भागीदारी होनी चाहिए और बताया कि एक नोएडा में एक उद्योग व्यापार मेला का आयोजन किया जा रहा है जिसमें उत्तर प्रदेश के सभी जिलों की भी भागीदारी है इस उद्योग व्यापार मेला में सम्भल जिले के उद्योग व्यापारियों द्वारा भी स्टाल लगाए जा रहे हैं, इस सभा में स्वदेशी व्यापारी मंच के अध्यक्ष उमेश चंद्र वार्ष्णेय ने कहा कि हम सभी को 3 सितंबर के लिए अपने जिले की उपस्थिति दर्ज करानी है इस सभा में मीडिया प्रभारी रमेश ग्रेवाल को जिलाध्यक्ष व मंडल प्रभारी प्रेम ग्रोवर ने मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी मीडिया प्रभारी रमेश ग्रेवाल ने कहा कि भविष्य में संगठन के किसी कार्यों के लिए जिलाध्यक्ष प्रेम ग्रोवर व रमेश ग्रेवाल दोनों सदस्य ही अधिकृत होंगे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष उमेश चंद्र वार्ष्णेय, जिला युवा अध्यक्ष सागर गुप्ता, शाह आलम मंसूरी, चिंटू शर्मा, जयशंकर दुबे, अनुज आहूजा, धर्मेंद्र कुमार, सुशील अग्रवाल, रमेश ग्रेवाल, इरफान खान, प्रहलाद लोधी, निशु अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



चंदौसी मे व्यापार मंडल की बैठक में बोलते व्यापारी। -जागरण मोर्चा

## नाला निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण

**चंदौसी।** चंदौसी के सीता रोड पर नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे नाला निर्माण कार्य का रविवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने संयुक्त निरीक्षण किया। आगामी शिवरात्रि पर्व और सावन के द्वितीय सोमवार को देखते हुए एसडीएम आशुतोष तिवारी, पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय और सीओ विवेक जावला मौके पर पहुंचे।पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने कांवड़ियों और आम जनता के आवागमन में असुविधा न हो, इसके लिए ठेकेदार को कार्य शीघ्र पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए। इस दौरान अधिशासी अधिकारी सत्येंद्र प्रकाश, प्रभारी निरीक्षक संत कुमार, समाजसेवी अखिलेश खिलाड़ी, जलकल अभियंता कुमरपाल सिंह, मुकुल शर्मा और पंकज चौधरी सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।

**स्मरण** — क्रांति दिवस और काकोरी कांड की वर्षगांठ पर कृष्णा नगर में जुटे दोनों संगठनों के पदाधिकारी

## समिति ने समारोह पूर्वक बनाया भारत छोड़ो आंदोलन एवं काकोरी कांड दिवस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवम सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में कृष्णा नगर गली नं दो में आवास पर भारत छोड़ो आंदोलन एवं काकोरी काण्ड दिवस का 101वा वर्ष धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दोनों संगठनों के पदाधिकारी ने किया।

मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि हम देशवासी आज आजाद फिज़ा में सांस ले रहे हैं, स्वतंत्र रूप से अपना जीवन जी रहे हैं। इस आजादी के लिए हमारे देश के वीर सपूतों ने अपने लहू से सींचा है। एक लंबे समय तक देश अंग्रेजों के अधीन रहा कई आंदोलन हुए हैं जिसमें सबसे बड़ा आंदोलन था भारत छोड़ो आंदोलन। भारत की आजादी के इतिहास में 9 अगस्त 1942को भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत हुई इसकी चिंगारी पूरे देश में फैल गई। यह आंदोलन अगस्त क्रांति दिवस के नाम से भी जाना जाता है। भारत छोड़ो आंराष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने आगे कहा कि काकोरी काण्ड का 101वा वर्ष है इसने ब्रिटिश शासन की नीब हिला दी। काकोरी काण्ड उत्तर प्रदेश में लखनऊ के पास काकोरी स्टेशन पर ऐतिहासिक घटना घटित हुई। इसे हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसियेशन के क्रांतिकारियों ने ब्रिटिश शासन का सरकारी खजाना लूटकर देश को आजाद कराने के लिए हथियार खरीदने के वास्ते 9 अगस्त 1925 को अंजाम दिया गया। इसमें प्रमुख क्रांतिकारी पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, अशफ़ाक़ उल्ला खान, डॉक्टर राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी, ठाकुर रोशन सिंह, चंद्रशेखर आजाद, मन्मथ नाथ गुप्त आदि प्रमुख थे। इस घटना पर पंडित रामप्रसाद बिस्मिल अपनी आत्मकथा में लिखते हैं, जब मैं एक बार ट्रेन से लखनऊ जा रहा था तब मैंने देखा कि प्रत्येक स्टेशन पर ट्रेन रुकने पर गार्ड के पास रखे लोहे के डिब्बे में एक रुपयों की थेली रखी जा रही थी वह जनता से बसूला गया टैक्स था तब मेरे मन में ब्रिटिश सरकार के खजाना लूटने की योजना आई जिससे सभी क्रांतिकारी आर्थिक सहायता के साथ अंग्रेजों से लड़ सके। मैंने लौटते ही 7अगस्त 1925 को अचानक क्रांतिकारियों की सभा बुलाई और 9अगस्त 1925 को काकोरी काण्ड को अंजाम दिया। हमारी एक चादर धोबी की मोहर लगी उन्हें घटना स्थल पर मिली जिससे शाहजहांपुर से खोजने पर हमें गिरफ्तार कर लिया गया। मिश्रा ने आगे बताया कि 19दिसंबर 1927 को पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, डॉ राजेन्द्र लाहिड़ी, ठाकुर रोशन सिंह को गोरखपुर जेल में फांसी दे दी गई और इसी दिन अशफ़ाक़ उल्ला खान को फ़ैज़ाबाद जेल में फांसी दे दी गई। इस अवसर पर सुरेश चंद शर्मा, विजय प्रकाश अग्रवाल, हेमन्त कुमार गुप्ता, वीरेन्द्र कुमार शर्मा, वेदराम मौर्य, शिवशंकर मिश्रा, गंगा देवी, नरेश शर्मा, संजीव मिश्रा, भास्कर मिश्रा, अंशुल मिश्रा, रेखा मिश्रा, पूजा मिश्रा आदि मौजूद रहे।



चंदौसी में कटोरी कांड दिवस के कार्यक्रम पर बोलते राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र।

## ब्रज के भजनों पर थिरके श्रद्धालु

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** स्वामी भूमानन्द सेवा ट्रस्ट द्वारा रविवार को संयुक्त चिकित्सालय स्थित महामृत्युंजय मंदिर में संगीतमय सुन्दरकाण्ड के पाठ का आयोजन किया गया । जिसमें भजन सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे।

कार्यक्रम का शुभारंभ डा. योगेन्द्र प्रसाद जोशी ने विधिवत पूजन से कराया । इसके उपरान्त केजी शर्मा व राजेश शंखधार ने गणेश वन्दना, सरस्वती-वन्दना, हनुमान चालीसा व बजरंगबाण का मनोहारी वाचन किया। अनिल शर्मा व अजय सक्सेना ने सुन्दरकाण्ड की चौपाइयों का विस्तार पूर्वक वर्णन किया। मनमोहक भजनों की प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जिसमें केजी शर्मा ने - कीजो केसरी के लाल मेरा छोटा सा यह काम, अजय सक्सेना ने श्री राम-जानकी बैठे हैं मेरे सीने में सुनाकर सभी श्रद्धालुओं को मन्त्रमुग्ध कर दिया। ढोलक पर राजू शर्मा ने संगत दी । आयोजन में सर्वश्री योगेन्द्र कुमार शर्मा, आलोक दुबे, राजीव शर्मा, रमेश ग्रेवाल, कल्पना वार्ष्णेय, ब्रजेन्द्र शर्मा, नरेश चन्द्र वार्ष्णेय, राकेश चौबे, सुनेश चन्द्र शर्मा, संजीव शर्मा, सुदर्शन वार्ष्णेय, सीएन शर्मा, प्रवीण मोहन तिवारी, श्याम यादव, एससी दुबे, सच्चिदानन्द शर्मा, अमित शर्मा, टीसी शर्मा, राजकुमार सक्सेना, सुमित पाराशरी, गोविन्द वार्ष्णेय, राकेश गुप्ता, गुलशन अरोरा आदि भक्तजन उपस्थित हुये ! अन्त में आरती के उपरान्त प्रसाद वितरित किया गया।



चंदौसी मे सुंदर काण्ड का पाठ करते श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

## गीता सार



तस्मादज्ञानसम्भूतं हृत्स्थं ज्ञानासिनात्मनः।
छित्त्वैनं संशयं योगमातिष्ठोत्तिष्ठ भारत॥

**भावार्थ :** हे भरतवंशी अर्जुन! तुम हृदय में स्थित, अपने इस अज्ञानजनित संशय का, ज्ञान रूपी तलवार द्वारा छेदन करके (कर्म) योग में स्थित हो कर युद्ध के लिए खड़े हो जाओ॥

# परिवारों पर कर्ज

आरबीआई की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के अनुसार भारतीय परिवारों पर कुल कर्ज बढ़कर जीडीपी के 45.5 फीसदी पर पहुंच गया है। गैर-आवासीय खुदरा ऋण में तेज वृद्धि चिंता का विषय बनी हुई है, जबकि बैंकों का सकल एनपीए कई दशकों के सबसे निचले स्तर 1.8 फीसदी पर आ गया है। गैर-आवासीय खुदरा ऋण में वृद्धि के कारण भारतीय परिवारों पर कुल कर्ज बढ़कर जीडीपी के 45.5 फीसदी तक पहुंच गया। वहीं, गैर-आवासीय खुदरा कर्ज मार्च 2026 तक बढ़कर कुल ऋण का 58.4 फीसदी पहुंच गया। यह कर्ज आवास, कृषि और कारोबारी ऋणों की तुलना में तेजी से बढ़ रहा है। आरबीआई ने ताजा वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) में कहा कि सितंबर 2023 से भारतीय परिवारों पर कर्ज का जीडीपी में हिस्सा उनके पांच वर्ष के औसत 42.9 फीसदी से ऊपर बना हुआ है।



विशेषज्ञ परिवारों पर कर्ज में लगातार बढ़ोतरी को लेकर चिंता जताते रहे हैं। उनका मानना है कि परिवारों की आय का बड़ा हिस्सा ऐसे ऋणों की किस्त चुकाने में खर्च हो रहा है, जिनसे खरीदी गई संपत्तियों (जैसे वाहन) का मूल्य समय के साथ घटता जाता है। उभरती अर्थव्यवस्थाओं में घरेलू कर्ज के मामले में भारत चौथे स्थान पर काबिज है। थाइलैंड में परिवारों पर कर्ज जीडीपी का 87.3 फीसदी, मलयेशिया में 69.9 फीसदी और चीन में 59 फीसदी पहुंच गया है। रिपोर्ट के मुताबिक बैंकों के हाउसिंग लोन पोर्टफोलियो में बड़ा बदलाव देखा गया है। पहले 25 लाख रुपए की कर्ज सीमा से कम वाले बकाया लोन का दबदबा था, जो किफायती घरों पर फोकस को दिखाता है। हाल के वर्षों में ट्रेंड ज्यादा वैल्यू वाले सेगमेंट की ओर बढ़ा है। अब 50 लाख रुपए और उससे ज्यादा मूल्य के होम लोन का हिस्सा कुल बकाया कर्ज का 44.7 फीसदी हो गया है। भारतीय बैंकों का कुल बुरा फंसा कर्ज यानी सकल एनपीए मार्च 2026 तक घटकर 1.8 फीसदी के निचले स्तर पर आ गया है, जो कई दशकों में सबसे कम है। हालांकि ईरान संकट जैसी चुनौतियों के बीच बेसलाइन आधार पर 46 बैंकों का सकल एनपीए मार्च 2028 तक बढ़कर 1.9 फीसदी पहुंच सकता है। आरबीआई ने कहा कि मजबूत आर्थिक आधार के बावजूद अर्थव्यवस्था ऊर्जा कीमतों में उतार-चढ़ाव और आपूर्ति शृंखला में व्यवधान के प्रति संवेदनशील बनी हुई है। आयातित क्रूड पर निर्भरता इसे बाहरी झटकों के प्रति जोखिम में रखती है। अगर तेल में फिर तेजी आती है या आपूर्ति शृंखला सामान्य नहीं होती, तो रुपए में उथल-पुथल फिर बढ़ सकती है।

# इससे भारत आखिर क्या सीखे?



**संजय श्रीवास्तव**

> फ्रांस में गरमी की वजह से हजारों मौतों की पर्यावरणीय परिघटना दिल दहलाने वाली है। यूरोप में पारे की बढ़त का पारावार नहीं। उन्नत और विकसित देशों का यह संकट बताता है कि जलवायु परिवर्तन किसी महाद्वीप, संस्कृति या आर्थिक समृद्धि का भेद नहीं करता। बेशक कई सवालों को जन्म देने वाली इस घटना में हमारे लिए भी जवाब और सीख छुपी हुई है।

इमेज

फ्रांस में भीषण गर्मी के कारण डेढ़ हजार से अधिक लोगों की मौत एक गंभीर पारिस्थितिकीय आपातकाल है। साफ है कि जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणाम भविष्य की कोई अमूर्त आशंका नहीं, भयावह वर्तमान है। फ्रांस की सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी के अनुसार वास्तविक संख्या अभी और बढ़ सकती है। उनके स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि हीटवेव का प्रभाव अभी बना रह सकता है। निस्संदेह जब ठंडी जलवायु के अभ्यस्त विकसित देश प्रकृति के इस रौद्र रूप के सामने बेबस नजर आने लगें, तो मानना होगा कि पृथ्वी का तापीय संतुलन पूरी तरह से गड़बड़ा चुका है। यूरोप का लगभग 45 प्रतिशत हिस्सा इस समय तापमान के पुराने रिकॉर्ड तोड़कर नए रिकॉर्ड बनाने की स्थिति में है। स्पेन में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच चुका है, जर्मनी ने अपने इतिहास की सबसे गर्म रात दर्ज हुई, फ्रांस के पिस्सोस में 44.3 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ, जबकि ब्रिटेन, डेनमार्क, चेक गणराज्य, पोलैंड और स्विट्जरलैंड में भी दशकों पुराने रिकॉर्ड टूट गए हैं। हालांकि पहली बार नहीं है, जब यूरोप ने ऐसी त्रासदी देखी हो। 2003 की हीटवेव में फ्रांस सहित पूरे यूरोप में लगभग 70 हजार लोगों की जान गई थी, जबकि 2022 में भी लगभग 61 हजार अतिरिक्त मौतें दर्ज की गईं। अब 2026 की भीषण गर्मी बताती है कि जलवायु परिवर्तन अब भविष्य का संकट नहीं, वर्तमान का कठोर यथार्थ है। 2022 के बाद 2026 में फिर ऐसी आपदा बताती है कि शीघ्र ही यूरोप के देशों का यह वार्षिक कार्यक्रम होने वाला है। फ्रांस समेत समूचे यूरोप में रिकॉर्ड तोड़ हीटवेव जलवायु परिवर्तन की भयावह चेतावनी के साथ तमाम सवालों को जन्म देती है। समूचा यूरोप इस तरह अचानक क्यों तपने लगा? यह सबसे तेजी से गर्म होने वाला महाद्वीप क्यों बन रहा है? यहां गर्मी बढ़ाने के लिए कौन से कारक जिम्मेदार हैं? फ्रांस और दूसरे उन्नत यूरोपीय देश ऐसी गरमी के आगे इतने असहाय क्यों हैं? भारत में 43 डिग्री की गर्मी और यूरोप की 43 डिग्री की गर्मी में इतना फर्क कैसे है? यूरोप पहले भी हीटवेव झेल चुका है क्या उन्होंने अतीत से कोई सीख नहीं ली। अंतरराष्ट्रीय संस्था वर्ल्ड वेदर ऐट्रिब्यूशन ने हीटवेव को अब और अधिक तीव्र, बार-बार आने और लंबे समय तक टिकने वाली है, चेताया था। फ्रांस और दूसरे देशों ने उसके मुताबिक तैयारी क्यों नहीं की? इस हीटवेव से सीख लेकर यूरोप भविष्य में इसके बचाव के लिए क्या उपाय अपना सकता है? भारत एक गर्म देश है, भीषण गर्मी यहां जान और माल दोनों को नुकसान पहुंचाती है। क्या यूरोप जिन तरीकों को अपनायेगा, वे सब भीषण गर्मी से बचने के लिये हमारे भी काम आ सकते हैं? भारत को यूरोपीय परिघटना से क्या कुछ सीख लेनी चाहिए? विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि यूरोप वैश्विक औसत की तुलना में लगभग दोगुनी गति से गर्म हो रहा है। आखिर यूरोप ही इतना क्यों तप रहा है? इसके पीछे अनेक वैज्ञानिक कारण हैं। पहला कारण 'हीट डोम' है, जिसमें उच्च दाब का विशाल क्षेत्र गर्म हवा को एक ढक्कन की तरह अपने भीतर कैद कर लेता है। दूसरा कारण आर्कटिक के तेजी से गर्म हेने से उसकी बर्फ पिघती है और 'अल्बेडो प्रभाव' कमजोर पड़ता है, जिससे वहां की धरती अधिक ऊष्मा सोख रही है। तीसरा कारण जेट स्ट्रीम का बदलता स्वरूप है, जिसके कारण ठंडी अटलांटिक हवाएं यूरोप तक नहीं पहुंच पा रही हैं। चौथा कारण जीवाश्म ईंधनों के निरंतर उपयोग से बढ़ती ग्रीनहाउस गैसें हैं। हीटवेव से महज मौतें ही नहीं हो रहीं जंगलों में आग, बिजली ग्रिड पर दबाव, रेलवे पटरियों का फैलना, सड़कों का पिघलना, जल संकट, ग्लेशियरों का गलना, कृषि उत्पादन में गिरावट, स्कूलों का बंद होना और पर्यटन उद्योग पर भी उसके दुष्परिणाम दिख रहे हैं। फ्रांस में हजारों स्कूल बंद करने पड़े, जर्मनी में रेल सेवाएं बाधित हुईं, इटली में पो नदी का जलस्तर गिर गया, स्पेन और पुर्तगाल के जंगलों में भीषण आग लगी। अस्पतालों में हीट स्ट्रोक, हृदयाघात, श्वसन रोग और किडनी संबंधी बीमारियों के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी। मुर्दाघरों तक में शव रखने की जगह कम पड़ गई। यह दृश्य बताता है कि अत्यधिक गर्मी किसी महामारी जितनी विनाशकारी है। हम 44 डिग्री से भी ज्यादा का तापमान इसलिए झेल जा रहे हैं; क्योंकि देश का अधिकांश भाग उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में स्थित है, इसलिए हमारी जैविक अनुकूलन क्षमता अपेक्षाकृत अधिक है, यूरोपीय लोगों के पास ऐसा अनुकूलन नहीं है। फिर यूरोप की हीटवेव अत्यधिक उमसभरी होती है। उच्च आर्द्रता के कारण पसीना वाष्पित नहीं हो पाता, जिससे शरीर का आंतरिक 'कूलिंग सिस्टम' फेल हो जाता है और 'वेट-बल्ब' तापमान बढ़ने से शरीर के अंग काम करना बंद कर देते हैं। हमारे यहां पारंपरिक भवनों में वेंटिलेशन, ऊंची छतें और खुली संरचना गर्मी कम करने में मददगार हैं। जबकि यूरोपीय भवन सर्दियों के लिए डिजाइन होते हैं। मोटी दीवारें और इन्सुलेशन गर्मी को भीतर कैद कर घर को ओवन जैसा बना देते हैं। वहां घरों दफ्तरों में एयर कंडीशनर का चलन भी सीमित है। हालांकि फ्रांस और अन्य यूरोपीय देशों ने इस संकट से निपटने के लिए रेड अलर्ट, कूलिंग सेंटर, सार्वजनिक स्थानों पर मिस्टिंग स्टेशन, कामकाज के घंटों में बदलाव, स्कूलों को अस्थायी तौरपर बंद करना, अस्पतालों की अतिरिक्त तैयारी तथा कमजोर वर्गों की निगरानी जैसे अनेक कदम उठाए हैं, लेकिन ये पर्याप्त नहीं पाए गए।



## श्रीरामचरितमानस



लाग न उर उपदेसु जदपि कहेउ सिवँ बार बहु।
बोले बिहसि महेसु हरिमाया बलु जानि जियँ॥

**भावार्थ :** यद्यपि शिवजी ने बहुत बार समझाया, फिर भी सतीजी के हृदय में उनका उपदेश नहीं बैठा। तब महादेवजी मन में भगवान् की माया का बल जानकर मुस्कुराते हुए बोले॥

## मानसून फुटवियर ट्रेंड्स

# ताकि बारिश में भी बरकरार रहे स्टाइल

**नीलोफर**



बरसात का मौसम अपने आपमें राहत, हरियाली और ठंडी फुहारें लेकर आता है। लेकिन फैशन प्रेमियों के लिए यह मौसम कुछ चुनौतियां भी खड़ी करता है, खासकर फुटवियर को लेकर। बारिश में सुंदर दिखने के साथ-साथ आरामदायक और सुरक्षित रहना भी जरूरी है। यही कारण है कि मानसून फैशन में फुटवियर का महत्व बढ़ जाता है। यदि जूते और सैंडल सही न हों तो फिसलन, गीलापन और असुविधा पूरे दिन मजा खराब कर देते हैं। फैशन उद्योग इस जरूरत को समझ रहा है, इसलिए मानसून फुटवियर की उपयोगिता नये सिरे से बढ़ी है बल्कि कहना चाहिए ये स्टाइल स्टेटमेंट बनकर उभरे हैं। वाटरप्रूफ स्नीकर्स, क्लॉग्स, रबर सैंडल और क्विक ड्राई फुटवियर जैसे विकल्प युवाओं और पेशेवरों के बीच खूब मशहूर हो रही है। कुछ वर्ष पहले तक बरसात के दिनों में लोग मजबूरी में रबर की साधारण चप्पलें पहनते थे। लेकिन अब जीवनशैली बदल चुकी है। लोग ऑफिस, कॉलेज, कैफे, यात्रा और सोशल इवेंट में भी आकर्षक दिखना चाहते हैं। इसके अलावा ऑनलाइन शॉपिंग तथा वैश्विक फैशन ट्रेंड्स ने भी उपभोक्ताओं को नये विकल्पों से भी परिचित कराया है। आज के ग्राहक चाहे महिला हो या पुरुष ऐसा फुटवियर चाहते हैं, जो पानी में सुरक्षित हों, जल्दी सूख जाए, पैरों को आराम दे, साथ ही देखने में भी आकर्षक लगें। इसी मांग ने मानसून फुटवियर बाजार को नया रूप दिया है। वाटरप्रूफ स्नीकर्स आज की तारीख में युवाओं के बीच चाहे वो युवक हों या युवतियां पहली पसंद बन गए हैं। मानसून 2026 में इसीलिए वाटरप्रूफ स्नीकर्स सबसे ज्यादा ट्रेंड में है। क्योंकि पारंपरिक स्नीकर्स जहां बारिश में जल्दी खराब हो जाते हैं, वहीं ये नये वाटरप्रूफ मॉडल जो कि विशेष सामग्री और कोटिंग से बनते हैं, लंबे समय तक खराब नहीं होते। क्लॉग्स मूलरूप से आरामदायक और हल्के फुटवियर माने जाते हैं, लेकिन अब ये फैशन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं। बरसात के मौसम में इनकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है। क्योंकि इनमें पानी भरने की संभावना कम होती है और इन्हें साफ करना भी आसान होता है। रंग-बिरंगे क्लॉग्स युवाओं विशेषकर युवतियों को खूब भाते हैं। ये लंबे समय तक चलते हैं और इनके रख-रखाव की भी ज्यादा चिंता नहीं करनी पड़ती।

## तिथि विशेष

# विश्व यूएफओ दिवस

विश्व यूएफओ दिवस प्रत्येक वर्ष 2 जुलाई को मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य अज्ञात उड़न वस्तुओं (यूएफओ) और अंतरिक्ष में जीवन की संभावनाओं के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना तथा इस विषय पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से विचार करने के लिए प्रेरित करना है। 2 जुलाई की तिथि को इसलिए चुना गया क्योंकि वर्ष 1947 में अमेरिका के न्यू मैक्सिको राज्य के रोसवेल क्षेत्र में एक रहस्यमय वस्तु के गिरने की घटना सामने आई थी। इस घटना को लेकर आज भी दुनिया भर में विभिन्न मत और चर्चाएं होती रहती हैं। यूएफओ का अर्थ है अनआइडेंटिफाइड फ्लाइंग ऑब्जेक्ट, अर्थात ऐसी उड़ने वाली वस्तु जिसकी पहचान तत्काल नहीं हो सके। हालांकि हर यूएफओ का संबंध एलियन या परग्रही जीवों से हो, यह आवश्यक नहीं है। कई मामलों में बाद में पता चलता है कि वे मौसम संबंधी गुब्बारे, सैन्य विमान, प्राकृतिक घटनाएं या अन्य तकनीकी उपकरण थे। फिर भी कुछ घटनाएं आज भी रहस्य बनी हुई हैं, जिसके कारण वैज्ञानिकों और आम लोगों की जिज्ञासा बनी रहती है। विश्व यूएफओ दिवस लोगों को अफवाहों और अंधविश्वासों से दूर रहकर तथ्यों और वैज्ञानिक प्रमाणों के आधार पर सोचने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर अनेक देशों में संगोष्ठियों, चर्चाओं, वृत्तचित्रों के प्रदर्शन और खगोल विज्ञान से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। वैज्ञानिक अंतरिक्ष की खोज, अन्य ग्रहों की परिस्थितियों तथा वहां जीवन की संभावनाओं पर लगातार अनुसंधान कर रहे हैं। आधुनिक दूरबीनों और अंतरिक्ष अभियानों के माध्यम से ब्रह्मांड के अनेक रहस्यों को समझने का प्रयास जारी है।




## खेल-खिलाड़ी

# कमजोर दिलवालों को नहीं फुटबॉल विश्व कप

**सारिम अन्ना**

> उत्तरी अमेरिका में यह फुटबॉल विश्व कप हम पर विभाजित स्क्रीन की तरह थोपा गया है- 90 मिनट का रोमांचक फुटबॉल, जिसमें अलग-अलग दृष्टिकोणों से कहानियों को हजम करने का दिलचस्प निमंत्रण है। अगर इस मेले की शुरुआत से कोई अंदाजा लगाया जाये, तो इसमें राजनीति के सभी सामान्य उतार-चढ़ाव हैं, पहली बार विश्व कप खेल रहे केप वर्दे ने स्पेन को बराबरी पर रोका, बड़ी टीमों ने हर सिलिंडर पर फायर किया और अल्जीरिया को मेस्सी के हाथों 'सजा' मिली। अभी तो इस प्रतियोगिता को चलते हुए एक पखवाड़ा भी नहीं हुआ है। यह विश्व कप यथास्थिति को चुनौती दे रहा है, जो पहले 24 मैच हुए, उनमें से सिर्फ 9 बराबरी पर छूटे, 75 गोल दागे गए, एक हैट-ट्रिक, 7 डबल, 3 खुद पर ही गोल और 3 रेड काड्र्स, बता रहे हैं कि फुटबॉल को रोमांच के उस मकाम पर ले जाया गया है, जहां कमजोर दिल वालों को इससे दूर रहना चाहिए।

इमेज

पहली बार विश्व कप खेल रही कुराकाओ को जर्मनी ने 7-1 से अवश्य रौंदा, जिससे लगा कि बड़ी टीमों का दबदबा कायम रहेगा, लेकिन जब डेब्यू कर रही एक अन्य टीम केप वर्दे ने यूरोपीय चैंपियन स्पेन को गोल-रहित बराबरी पर रोका तो कहानी एकदम बदल गई, विशेषकर तब जब कांगो ने पुर्तगाल को 1-1 पर रोका, जिससे महान क्रिस्टियानो रोनाल्डो का भी चेहरा उतर गया। बहरहाल, अगर केप वर्दे व कांगो के प्रदर्शन को इस अंदाज से देखा जा सकता है कि प्रतियोगिता के एक-आयामी होने की संभावना को ठुकरा दिया गया है, तो लिओनेल मेस्सी ने फुटबॉल के आवश्यक उल्लास का पल उत्पन्न किया। अर्जेंटीना द्वारा अल्जीरिया को 3-0 से पराजित करने में मेस्सी ने अपना पहला विश्व कप हैट-ट्रिक लगाया और घोषणा कर दी कि 40 की आयु में भी उनका जादू जिंदा व बरकरार है।




फिलहाल मेस्सी 16 गोलों के साथ जर्मनी के मिरोस्लाव क्लोस विश्व कप करियर में सबसे ज्यादा गोल करने के मामले में संयुक्त रूप से पहले पायदान पर हैं, लेकिन इस अंतर के साथ कि क्लोस ने अपने 16 गोलों के लिए 4 विश्व कप में 24 मैच खेले थे, जबकि मेस्सी 6 विश्व कप में अब तक 27 मैच खेल चुके हैं। अनुमान यह है कि मेस्सी इस सिलसिले में जल्द विश्व रिकॉर्ड बना देंगे, लेकिन इससे यह आश्चर्य होता है कि मानव शरीर किन सीमाओं तक जा सकता है। मेस्सी के विपरीत रोनाल्डो का रिकॉर्ड बराबरी करने वाला छटा विश्व कप कुछ खास प्रभावी अंदाज से आरंभ नहीं हुआ। वह कुंठित हो गए जब उनकी टीम पुर्तगाल को कांगो ने 1-1 की बराबरी पर रोका। लेकिन अन्य बड़ी टीमें फायर कर रही हैं। फ्रांस के क्यलियन एम्बापे, इंग्लैंड के हैरी केन और नॉर्वे के एर्लिंग हालैंड ने दो-दो गोल किये हैं, अपनी टीमों की जीत में बड़ी भूमिका अदा की है और गोल्डन बूट की दौड़ को कड़ा व दिलचस्प कर दिया है। प्रतियोगिता में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी को गोल्डन बूट देकर सम्मानित किया जाता है। इसे बहुत बड़ी कामयाबी माना जाता है।

यह विश्व कप राजनीति से भी अछूता नहीं रहा है। दरअसल, मागा (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) विश्व कप में कोई भी चीज राजनीति से दूर प्रतीत नहीं हो रही है। इसे सबसे शिद्दत से ईरान के मामले में महसूस किया जा रहा है। ईरान की ट्रेनिंग बेस मेक्सिको में है और उसे लास एंजेल्स में न्यूजीलैण्ड के साथ 2-2 का बराबरी का मैच खेलने के मात्र 2 घंटे बाद अपनी बेस पर लौटना पड़ा? कारण? ट्रम्प प्रशासन ने टीम मेल्ली पर ट्रेवल की कड़ी पाबंदियां थोपी हुई हैं। राजनीतिक प्रदर्शन भी खेल के दौरान देखने को मिला जब कुछ ईरानी समर्थकों ने स्टैंड में बैनर डिसप्ले किये, जिन पर 'मिनाब 168' लिखा था, जिसका संदर्भ दक्षिण ईरान में लड़कियों के स्कूल पर अमेरिका हमला था जिसमें 168 बालिकाएं मारी गई थीं। कुछ ने ईरान की क्रांति से पहले के झंडे भी लहराए- जोकि वर्तमान सरकार के विरोध का प्रतीक है।

फीफा ने उत्तरी अमेरिका की जबरदस्त गर्मी को देखते हुए इस बार पानी ब्रेक भी आरंभ किया है, खिलाड़ियों को हाइड्रेट करने के उद्देश्य से। प्रत्येक हाफ में 22 मिनट के बाद यह ब्रेक होता है। लेकिन अभी तक टीमों से इस पर ठंडी प्रतिक्रिया मिली है। कुछ कोच इस विचार पर ठंडा पानी डालते हुए कहा है कि इससे खेल की गति पर कुप्रभाव पड़ रहा है, जबकि अन्य लोग इसका फायदा अतिरिक्त रणनीतिक हडल के लिए कर रहे हैं, खिलाड़ियों को महत्वपूर्ण हिदायत देने के लिए। फ्रांस के मैनेजर डिडिएर डेस चैंप्स का कहना है, "बुनियादी तौरपर हमें दो हाफ टाइम की जगह चार क्वार्टर टाइम मिल गए हैं।" ट्यूनिशिया के कोच साबरी लमौची पर इस विश्व कप की पहली गाज गिरी है। स्वीडेन से ट्यूनिशिया की पहले मैच में 1-5 से हार के बाद उन्हें तुरंत प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया। गौरतलब है कि 1998 में फ्रांस में हुए वर्ल्ड कप में भी ट्यूनिशिया ने अपने कोच हेनरिक कास्पेरजक को दो मैच बाद ही बर्खास्त कर दिया था।

## वायरल

# पालतू कुत्ते को चूमने झुकी नेत्रहीन महिला, सिर टकराया, लौटी रोशनी

न्यूजीलैंड में एक महिला के साथ एक मामूली हादसे ने मेडिकल साइंस को भी हैरान कर दिया और एक महिला की जिंदगी में 13 साल बाद दोबारा उजाला भर दिया। यह कहानी न्यूजीलैंड के ऑकलैंड की रहने वाली लिसा रीड की है। जब लिसा महज 11 साल की थीं, तब उनके दिमाग में एक ट्यूमर हो गया था। इस ट्यूमर ने उनकी आंखों की नसों को इतना दबा दिया कि उन्होंने अपनी देखने की क्षमता पूरी तरह खो दी। इसके बाद के 13 साल लिसा ने पूरी तरह अंधेरे में काटे और वह अपने हर छोटे-बड़े काम के लिए अपने गाइड डॉग पर निर्भर थीं। लेकिन नवंबर 2000 की एक रात लिसा रात को सोने से पहले अपने गाइड डॉग को गुडनाइट कहने के लिए नीचे झुकीं, तभी उनका संतुलन बिगड़ गया और उनका सिर पास रखी कॉफी टेबल से जोर से टकरा गया। सिर में दर्द होने की वजह से लिसा उस वक्त तो सो गईं, लेकिन अगली सुबह जब उनकी आंख खुली, तो वह दंग रह गईं। उन्हें धुंधला ही सही, लेकिन सामने की चीजें साफ नजर आ रही थीं।






## X का एक्सरे

राम मंदिर बनने के बाद से गृह मंत्री अमित शाह एक बार भी राम मंदिर नहीं गए। कुछ दिन पहले मुझे कुछ लोगों ने यह बात बताई। मुझे यकीन नहीं हुआ। मैंने कहा कि जो लोग भगवान राम के नाम का सबसे ज्यादा इस्तेमाल करते हैं, वे मंदिर बनने के बाद से भगवान का आशीर्वाद लेने राम मंदिर नहीं गए?



**अरविंद केजरीवाल**

अखिलेश बाबू, जमीन से जुड़ने का कोई शॉर्टकट नहीं होता, उसके लिए मेड़ पर गोड़ रगड़ना ही पड़ता है। आलस से बाहर निकलकर गांव-देहात की पगडंडियां नापिए। गैर-यादव पिछड़ों, गरीबों, दलितों, वंचितों के बीच जाकर, उनके सुख-दुख में शामिल होइए...नए उत्तर प्रदेश को देखिए और समझने का प्रयास कीजिए।



**ओमप्रकाश राजभर**

पीओके पाकिस्तान का नहीं है। हमें पाकिस्तान की जरूरत नहीं है, बल्कि पाकिस्तान को अपने अस्तित्व के लिए पीओके की जरूरत है। मौजूदा हालात ऐसे बने रहे, तो स्थानीय लोग भारत के साथ घनिष्ठ संबंध तलाश सकते हैं। ऐसा हुआ तो इस्लामाबाद को पीओके के लोगों से रुकने की भीख मांगनी पड़ेगी।



**सरदार अमन खान**

अच्छी शिक्षा ही अच्छे नागरिक, शिक्षक, अधिकारी, चिकित्सक, इंजीनियर और जनप्रतिनिधि तैयार करती है। शिक्षा केवल ज्ञान का माध्यम नहीं, बल्कि भविष्य निर्माण की आधारशिला है। नई पीढ़ी जिस भी क्षेत्र में आगे बढ़े, वह आत्मविश्वास के साथ समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी प्रभावी भूमिका निभा सके।



**योगी आदित्यनाथ**

**एक नजर**

### यूपीः अब रफ्तार पकड़ेंगे पंचायतों के रुके काम

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर फिलहाल कोई अंतिम फैसला न होने के कारण व्यवस्था का जिम्मा प्रशासकों को सौंपा गया है। चुनाव टलने की स्थिति में ग्राम, क्षेत्र और जिला पंचायतों का कामकाज सुचारू रूप से चलाने के लिए अधिकारियों की तैनाती की गई थी। हालांकि, स्पष्ट दिशा-निर्देश न होने के कारण पिछले कुछ समय से स्थानीय स्तर पर विकास कार्य पूरी तरह बाधित चल रहे थे।अब शासन स्तर पर असमंजस की स्थिति दूर होने से पंचायतों के रुके हुए निर्माण और जनहित के कार्यों को जल्द ही तेजी से कराया जा सकेगा। दिशा-निर्देश स्पष्ट होने के बाद प्रशासनिक अधिकारी अब विकास योजनाओं का बजट जारी करने और अटके हुए प्रस्तावों को मंजूरी देने के लिए स्वतंत्र होंगे। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं से जुड़े काम समय पर पूरे हो सकेंगे।

# सीएम योगी ने लखनऊ में तिरंगा यात्रा निकाली



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि भारत में रह कर लोग देश के राष्ट्रीय प्रतीकों, महापुरुषों, राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत का अपमान करें। आदित्यनाथ ने काकोरी ट्रेन कार्रवाई के 101 वर्ष पूरे होने के मौके पर लखनऊ में तिरंगा यात्रा की शुरुआत की। उन्होंने इस मौके पर एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, ''हम सभी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आभारी हैं, जिन्होंने भारत के राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान बढ़ाने के लिए कदम उठाए और इनके अपमान को संज्ञेय अपराध की श्रेणी में लाकर राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत की गरिमा बढ़ाई।'' उन्होंने कहा, ''अब ऐसा नहीं चलेगा कि लोग भारत में रहें और देश के राष्ट्रीय प्रतीकों, महापुरुषों, राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत का अपमान करें।'' योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में यह तिरंगा यात्रा पांच कालीदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास से विधान भवन तक निकाली गई जिसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और उप मुख्यमंत्रियों केशव प्रसाद मौर्य एवं बृजेश पाठक समेत हजारों लोग शामिल हुए।

मुख्यमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रध्वज भारत की सादगी, विकास, विरासत और इसकी आन, बान एवं शान का प्रतीक है। उन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और आजादी के बाद देश की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले सैनिकों को याद किया। उन्होंने कहा, ''आज काकोरी ट्रेन कार्रवाई की 101वीं वर्षगांठ है। इस अवसर पर भाजपा महान क्रांतिकारियों और स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए देशभर में तिरंगा यात्रा निकाल रही है।'' आदित्यनाथ ने राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह और अशफाक उल्लाह खान समेत स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने 1925 में काकोरी ट्रेन कार्रवाई के जरिए अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला दी थी। उन्होंने कहा, ''यह तिरंगा यात्रा उन सभी शहीदों के प्रति कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'राष्ट्र प्रथम' के मंत्र को आगे ले जाने का संकल्प है।'' मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यह वर्ष इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि देश राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ मना रहा है। उन्होंने कहा, ''हमारे युवा प्रतिभाशाली और ऊर्जा से भरपूर हैं। उनमें देश के सामने आने वाली हर चुनौती का सामना करने की क्षमता है। इस ऊर्जा को उचित मंच मिलना चाहिए, ताकि वे खुद को तैयार कर देश को आगे ले जा सकें।'' आदित्यनाथ ने कहा कि करीब 25,000 से 30,000 युवाओं के तिरंगा यात्रा में हिस्सा लेने की संभावना है। उन्होंने कहा, ''मुझे सुबह से ही इस संबंध में जानकारी मिल रही है। मुझे इस बात की खुशी है कि सुबह साढ़े आठ बजे तक 25,000 से अधिक युवा यहां एकत्र हो चुके थे और अब उनकी संख्या 30,000 को पार कर रही है।'' मुख्यमंत्री ने लोगों से 15 अगस्त पर 'हर घर तिरंगा' अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आग्रह किया।

## मडियांव में युवक की चाकू मारकर हत्या

**लखनऊ (एजेंसी)।** फैजुल्लागंज स्थित मामा कालोनी में शनिवार रात चाकूबाजी में 26 वर्षीय शुभम सोनी की हत्या कर शव को घर के बाहर फेंक दिया। परिवारजन ने देखा तो उम्मीद में अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उसकी पहले ही मौत हो चुकी थी। मां ने दोस्तों पर शराब पिलाने के बाद मारपीट और चाकू से हमला कर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर दो आरोपितों को हिरासत में लिया है। पूछताछ की जा रही है। इंस्पेक्टर मडियांव शिवानंद मिश्रा ने बताया कि मामा कालोनी निवासी शुभम सोनी ड्राइवरी करता था। उसकी मां मालती के मुताबिक, शनिवार शाम करीब सात बजे शुभम के दोस्त शिवम, सुमित और मथुरा उसे घर से बुलाकर ले गए थे। देर रात शुभम घर के बाहर अचेत अवस्था में पड़ा मिला। जानकारी होने पर परिवार के लोग उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। आरोप है कि दोस्तों ने शुभम को शराब पिलाई और इसके बाद उसके साथ मारपीट की। इसी दौरान चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी गई। इसके बाद उसे घर के बाहर लाकर छोड़ दिया गया। उसके शरीर पर चोट के निशान होने का भी दावा किया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

इंस्पेक्टर के मुताबिक, परिवारजन की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपितों से पूछताछ और घटना से जुड़े तथ्यों की जांच की जा रही है। पुलिस चाकूबाजी और मारपीट के आरोपों की भी पड़ताल कर रही है।

## विश्व आदिवासी दिवस पर खटीमा में गूंजा थारू संस्कृति का रंग

जागरण मोर्चा कार्यालय

- लोकनृत्य और परंपराओं ने बांधा समां
- भव्य आयोजन में भगवान बिरसा मुंडा को किया नमन

**खटीमा।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रविवार को खटीमा ब्लॉक सभागार थारू संस्कृति के रंगों से सराबोर नजर आया। थारू सांस्कृतिक महा संगठन उत्तराखंड के तत्वावधान में आयोजित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में थारू समाज की समृद्ध लोक संस्कृति, परंपराओं, लोकनृत्य, पारंपरिक वेशभूषा और कला का शानदार प्रदर्शन हुआ। कार्यक्रम में आदिवासी समाज के जननायक भगवान बिरसा मुंडा को शत-शत नमन करते हुए उनके संघर्ष और योगदान को याद किया गया।



अपनी संस्कृति प्रस्तुत करती थारू समाज की महिलाएं। -जागरण मोर्चा



कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी एवं अन्य। -जागरण मोर्चा

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नानकमत्ता के पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद खटीमा सहित विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे थारू समाज के कलाकारों ने एक के बाद एक मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकारों के लोकनृत्य और लोकगीतों ने सभागार में थारू संस्कृति की जीवंत तस्वीर पेश कर दी।मुख्य अतिथि प्रेम सिंह राणा ने भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को याद करते हुए कहा कि आदिवासी समाज ने देश की संस्कृति और सामाजिक विरासत को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विश्व आदिवासी दिवस जैसे आयोजन समाज की गौरवशाली परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि थारू समाज की संस्कृति केवल समाज की पहचान नहीं, बल्कि देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। लोकनृत्य, लोकगीत, पारंपरिक वेशभूषा, रीति-रिवाज और सांस्कृतिक पद्धतियों को संरक्षित रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने समाज के लोगों से अपनी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का आह्वान किया। वहीं सांसद प्रतिनिधि रविंद्र सिंह राणा ने कहा कि आधुनिक दौर में अपनी संस्कृति और परंपराओं को बचाए रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने थारू समाज के लोगों से आदिवासी संस्कृति एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण और संवर्धन में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को अपनी लोक परंपराओं, कला और रीति-रिवाजों से जोड़कर ही सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाया जा सकता है। कार्यक्रम में थारू समाज के कलाकारों ने पारंपरिक गीत, संगीत और लोकनृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। पारंपरिक परिधानों में सजे कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से थारू समाज की जीवनशैली और सांस्कृतिक विविधता को जीवंत कर दिया।आयोजन के माध्यम से थारू समाज की लोक संस्कृति, कला, परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित एवं संवर्धित करने का मजबूत संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में थारू समाज के लोग, कलाकार और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## जान बचाने वाले वीरों का हुआ सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** राज्य दर्जा मंत्री रणजीत सिंह नामधारी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम प्रधान की जान बचाने वाले दो साहसी लोगों को सम्मानित किया गया। इस दौरान घटना में क्षतिग्रस्त हुई दो साइकिलों के स्थान पर नई साइकिलें भी उपलब्ध कराई गईं। बताया गया कि ग्राम पंचायत गांगी के प्रधान निशान सिंह के साथ झनकट निवासी भूपेंद्र सिंह पुत्र रणधीर सिंह द्वारा कथित अभद्रता किए जाने की घटना के दौरान काला बूंटा निवासी अमरजीत सिंह एवं बिट्टू सिंह ने अपनी जान की परवाह किए बिना साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए ग्राम प्रधान की जान बचाई। उनके साहस, मानवता और तत्परता की सराहना करते हुए कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। वहीं, घटना के दौरान ग्राम निवासी अनदीप प्रसाद एवं लख्खी चंद की साइकिलें क्षतिग्रस्त हो गई थीं। कार्यक्रम में दोनों को नई साइकिलें उपलब्ध कराकर उनकी भरपाई की गई। इस अवसर पर पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य रामकिशन, एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष चरन सिंह राणा, ग्राम प्रधान देवरी भागीरथ सिंह राणा, व्यापार मंडल अध्यक्ष मनोहर सिंह पोखरिया, जगदीश सिंह ज्याला, ध्यान सिंह, शिवम् सिंह राणा, अनिकेत सिंह राणा, लक्ष्मण सिंह राणा, जसप्रीत सिंह, करनाईल सिंह एवं त्रिलोक सिंह ज्याला सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।



प्रधान की जान बचाने वाले साहसी लोगों का किया सम्मानित। -जागरण मोर्चा

## लायंस क्लब खटीमा द्वारा हरियाली तीज उत्सव आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** लायन्स क्लब खटीमा सेवा की ओर कृदय फार्म में हरियाली तीज उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर की ई की फुहार, तीज के गीत, झूले और महिलाओं के परंपरागत परिधानों ने कार्यक्रम में खूब रंग जमाया। कार्यक्रम में सावन की मस्ती और तीज की उमंग बिजोड़ संस्कृति का जलवा बिखेर रही थी। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण तीज क्वीन प्रतियोगिता रही। प्रतिभागियों ने रैम्प वॉक, पारंपरिक परिधान और प्रतिभा प्रदर्शन के जरिए अपने आत्मविश्वास और हुनर का शानदार घ किया। प्रतियोगिता की निर्णायक डॉ. नीलम पाण्डेय एवं डॉ. मोनिका भैसोड़ा रहीं।



तीज क्वीन का खिताब हासिल करती अर्पिता गुप्ता। -जागरण मोर्चा

प्रतियोगिता में अर्पिता गुप्ता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 'तीज क्वीन' का खिताब हासिल किया। वहीं मंजू आर्या को 'बेस्ट ड्रेस अप', कल्पना चंद को 'बेस्ट रैम्प वॉक' और पुष्पा धपोला को 'स्टाइल आइकॉन' के खिताब से नवाजा गया। गीता कापड़ी को 'चार्मिंग फेस' तथा पूनम कश्यप को 'सावन सुर कोकिला' का खिताब प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न मनोरंजक खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में नीतू सक्सेना ने बाजी मारी। महिलाओं ने गीत-संगीत, झूला और अन्य मनोरंजक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। क्लब अध्यक्ष पुष्पा राठौर सक्सेना ने हरियाली तीज हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं से जुड़ा पर्व तथा क्लब कोषाध्यक्ष केसर पारुथी ने क्लब के प्रयास को सामाजिक सरोकारों के साथ-साथ सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देने का माध्यम बताया। अतिथि के रूप में मौजूद विधायक भुवन चंद्र कापड़ी की धर्मपत्नी कविता कापड़ी ने कहा कि हरियाली तीज महिलाओं की खुशियों, उमंग और हमारी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ा पर्व है। इस तरह के आयोजन महिलाओं को एक साथ आने, अपनी प्रतिभा दिखाने और परंपरागत संस्कृति को अक्षुण रखने का अवसर देते हैं। उन्होंने लायन्स क्लब खटीमा सेवा के आयोजन की सराहना करते हुए सभी महिलाओं को तीज की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सिंकी वैश्य, रोहिणी बोरा, दिया राठौर, हेमा शाही, शाहीन अंसारी, प्रेमिता मारक, प्रीति राना, ज्योति कन्याल, कविता कन्याल, प्रीति रस्तोगी, बबीता, दीपा राय, सुनीता भट्ट, नीतू सक्सेना, साक्षी गुप्ता, वंदना झा, रुचि गहतोड़ी, निधि भारती, सलोनी वर्मा सहित क्लब की अन्य सदस्य एवं महिलाएं मौजूद रहीं। क्लब अध्यक्ष पुष्पा राठौड़ सक्सेना ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

**जनसंवाद** सरकार की नीतियों के खिलाफ एकजुटता का आह्वान

## क्रांति दिवस पर जन संवाद यात्रा का आगाज, बोले ध्यानी- अधूरे हैं शहीदों के सपने

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी एवं सहयोगी संगठनों की ओर से रविवार को अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर खटीमा शहीद स्थल से जन संवाद यात्रा का शुभारंभ किया गया। यात्रा में भारत की लोक जिम्मेदार पार्टी, उत्तराखंड जन समर्थन पार्टी, धर्म न्याय सभा, इंकलाबी मजदूर केंद्र, समाजवादी लोक मंच और महिला एकता मंच के कार्यकर्ताओं ने भागीदारी की। कार्यक्रम की शुरुआत स्वतंत्रता आंदोलन और उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलन में शहीद हुए आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद महिला एकता मंच की ललिता रावत के नेतृत्व में संविधान का सामूहिक वाचन किया गया।





शहीद स्मारक पर शहीदों को सम्मानित करते उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के पदाधिकारी।

जन संवाद सभा को संबोधित करते हुए उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष, राज्य आंदोलनकारी एवं जन संवाद यात्रा के संयोजक प्रभात ध्यानी ने अगस्त क्रांति के इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने नौ अगस्त 1942 को अंग्रेजों के अत्याचारों से मुक्ति के लिए 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' का नारा दिया था और देशवासियों से 'करो या मरो' का आह्वान किया था। इसके बाद देश की जनता स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़ी और अंततः वर्ष 1947 में अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि आज केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की धामी सरकार की जनविरोधी नीतियों से आम जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के 25 वर्ष बाद भी उत्तराखंड आंदोलन के शहीदों के सपने पूरे नहीं हुए हैं और राज्य की मूल अवधारणा के अनुरूप विकास नहीं हो पाया है। सभा में वक्ताओं ने स्थायी राजधानी गैरसैंण न बनाए जाने, मूल निवास के मुद्दे, सख्त भू-कानून, बदहाल शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था, बार-बार पेपर लीक होने से युवाओं में बढ़ती चिंता, रोजगार के अभाव, जंगली जानवरों के आतंक, औद्योगिक इकाइयों में मजदूरों के कथित शोषण, न्यूनतम वेतन नहीं मिलने, किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिलने तथा बढ़ती महंगाई जैसे मुद्दे उठाए। वक्ताओं ने केंद्र और प्रदेश सरकारों पर अपनी कथित नाकामियों को छिपाने के लिए धर्म, जाति और क्षेत्रवाद की राजनीति के जरिए समाज को बांटने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सामाजिक संवाद कमजोर हो रहा है और लोगों के बीच नफरत बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। जन संवाद यात्रा के माध्यम से संगठनों ने आम जनता, छात्रों, युवाओं, मजदूरों, किसानों, महिलाओं, सैनिकों और कर्मचारियों से एकजुट होकर जनविरोधी नीतियों का विरोध करने का आह्वान किया। सभा की अध्यक्षता पीसी तिवारी ने की। संचालन उपपा के केंद्रीय अध्यक्ष प्रभात ध्यानी, नरेश नौडियाल और दिनेश उपाध्याय ने किया। इस दौरान पीसी तिवारी, जेसी उप्रेती, ललिता रावत, रोहित रुहेला, आनंद सिंह राणा, धन सिंह नेगी, आरपी सिंह, किरण आर्या, अनिल जुयाल, कौशल्या, जगदीश ममगाई, लालमणि, प्रकाश जोशी, आसिफ, सुनील पर्नवाल, हरीश चंद्र फुलारा, चंचल सिंह खनका, भगवान सिंह, दिनेश चंद्र, शाहरुख, पूरन सिंह मनोला, रमेश सिंह नेगी, क्रांति विश्वास, कामरेड कुलवंत सिंह, कामरेड दर्शन सिंह सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## सड़क निर्माण को लेकर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** वार्ड संख्या 12 आदर्श कॉलोनी की महिलाओं ने नगर पालिका अध्यक्ष रमेश जोशी से उनके आवास पर मुलाकात की और उन्हें मार्ग निर्माण संबंधी ज्ञापन सौंपा। महिलाओं ने वार्ड वासियों की समस्याओं से अवगत कराते हुए अभिलंब मार्ग निर्माण की मांग की। नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सिंह जोशी ने कहा कि इस समय नगर के विभिन्न वार्डों में मार्ग निर्माण सहित अन्य विकास कार्य प्राथमिकता से किये जा रहे हैं। वार्ड संख्या 12 आदर्श कॉलोनी की समस्या का समाधान भी प्रमुखता से किया जाएगा। इस अवसर पर सोनिया धामी, किरण धामी, ममता समांत, विनीता सामंत, ज्योति राणा, दीपा बिष्ट, गीता बिष्ट, निर्मला पाल, सविता बोरा, कला, सरस्वती देवी, लक्ष्मी धामी, नीतू बोरा, चंद्र बोरा, उर्मिला बोरा, सहित अन्य वार्ड वासी सम्मिलित रहे।







# धनवंतरी अस्पताल में महिला की हुई मौत से अभी तक परिजनों को नहीं मिला न्याय, आज कलेक्ट्रेट में आत्मदाह की चेतावनी

## हाथ के फ्रैक्चर के ऑपरेशन के दौरान गई थी महिला की जान, परिजनों ने घर के बाहर लगाया चेतावनी फ्लेक्स; अस्पताल सील करने और डॉक्टरों की गिरफ्तारी की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिले के चर्चित धनवंतरी अस्पताल में हाथ के फ्रैक्चर के ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत का मामला अब लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी अपेक्षित कार्रवाई न होने से पीड़ित परिवार में भारी आक्रोश है। परिजनों ने प्रशासन पर मामले में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए अब खुलकर कार्रवाई की मांग उठाई है।उन्होंने आज तक का प्रशासन को समय दिया था आज कलेक्टर परिसर में आत्मदहा की चेतावनी दी ।सुनगढ़ी थाना क्षेत्र स्थित पीड़ित परिवार ने अपने घर के बाहर एक चेतावनी फ्लेक्स लगाकर प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। फ्लेक्स के जरिए परिवार ने स्पष्ट किया है कि आज तक का समय दिया था कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो वह बेहद कठोर कदम उठाने को मजबूर होगा। हालांकि, ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए प्रशासन द्वारा तत्काल परिवार से संपर्क कर उनकी शिकायत सुनना और सुरक्षा सुनिश्चित करना जरूरी है।

परिजनों द्वारा लगाए गए फ्लेक्स में आरोप लगाया गया है कि डॉक्टरों की कथित लापरवाही के कारण परिवार ने अपना सदस्य खो दिया। परिवार ने अस्पताल को तत्काल सील करने, ऑपरेशन में शामिल डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और मामले की स्वतंत्र जांच कर उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की है। परिजनों का कहना है कि महिला







हाथ में फ्रैक्चर के इलाज के लिए धनवंतरी अस्पताल पहुंची थी। परिवार के मुताबिक ऑपरेशन की प्रक्रिया शुरू होने के दौरान महिला की हालत अचानक बिगड़ गई और ओटी में ही उसकी मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन तथा ऑपरेशन में शामिल चिकित्सकों की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाते हुए जांच और कार्रवाई की मांग शुरू कर दी।

पीड़ित परिवार का आरोप है कि घटना के बाद से वह लगातार प्रशासनिक अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर लगा रहा है, लेकिन अभी तक उसे न्याय नहीं मिला। परिवार का कहना है कि अधिकारियों की ओर से जांच कमेटी गठित करने और रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया, लेकिन कई दिन गुजरने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है। परिजनों का आरोप है कि मामला गंभीर होने के बावजूद अस्पताल के खिलाफ तत्काल प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। इसी को लेकर परिवार का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन के सामने मुख्य रूप से तीन मांगें रखी हैं। इनमें धनवंतरी अस्पताल को तत्काल सील करना, मामले में दोषी पाए जाने वाले डॉक्टरों के खिलाफ जल्द से जल्द कानूनी कार्रवाई करके दोषी डॉक्टरों की गिरफ्तारी हो तथा पूरे प्रकरण की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कर उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक करना शामिल है। परिजनों का कहना है कि उन्हें केवल जांच का भरोसा नहीं, बल्कि निष्पक्ष जांच के साथ कार्रवाई का परिणाम चाहिए। परिवार ने सवाल उठाया कि यदि किसी चिकित्सकीय लापरवाही के कारण मौत हुई है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई में देरी क्यों की जा रही है।

घर के बाहर लगाया गया चेतावनी फ्लेक्स सामने आने के बाद मामला और गंभीर हो गया है। अब प्रशासन के सामने चुनौती है कि वह पीड़ित परिवार की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संवाद स्थापित करे और कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने से पहले आवश्यक कदम उठाए। मामले में यह भी महत्वपूर्ण होगा कि जांच निष्पक्ष तरीके से हो और चिकित्सकीय तथ्यों, ऑपरेशन से जुड़े दस्तावेजों तथा अन्य साक्ष्यों की विशेषज्ञ स्तर पर जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाई जाए। इससे न केवल पीड़ित परिवार को न्याय मिलने की उम्मीद मजबूत होगी, बल्कि लगाए जा रहे आरोपों की भी निष्पक्ष तरीके से पुष्टि या खंडन हो सकेगा। फिलहाल महिला की मौत के मामले में परिजनों के आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि होना बाकी है। प्रशासनिक और चिकित्सकीय जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मौत के पीछे वास्तविक कारण क्या था और किसी स्तर पर चिकित्सकीय लापरवाही हुई या नहीं। लेकिन घर के बाहर लगाए गए चेतावनी फ्लेक्स ने प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल जरूर खड़े कर दिए हैं। अब निगाहें 10 अगस्त यानी आज प्रशासन की ओर से उठाए जाने वाले कदमों पर टिकी हैं। पीड़ित परिवार कार्रवाई की मांग पर अड़ा है, जबकि क्षेत्र में भी इस मामले को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

# कांवड़ यात्रा को लेकर एएसपी व सीओ ने मंडी समिति का किया निरीक्षण

## सुरक्षा, ठहरने और यातायात व्यवस्था का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** कांवड़ यात्रा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया एवं क्षेत्राधिकारी नगर अमरनाथ वर्मा ने मंडी समिति का भ्रमण एवं स्थलीय निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कांवड़ यात्रा के मद्देनजर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। मंडी समिति में कांवड़ियों के ठहरने की व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम, आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा तथा यातायात प्रबंधन को लेकर मौके पर जानकारी





ली गई। अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों एवं पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। अधिकारियों ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखना प्राथमिकता है। संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने, भीड़ को नियंत्रित करने तथा यातायात को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधिकारियों ने कांवड़ियों के ठहरने वाले स्थानों पर मूलभूत सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था को भी परखा। साथ ही यात्रा मार्ग पर लगातार निगरानी रखने तथा किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल को पूरी तरह मुस्तैद रहने के निर्देश दिए।पुलिस प्रशासन की ओर से कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की जा रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यात्रा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

# जयकारों से गूंजा उगनपुर, भव्य कांवड़ यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

## सावन के पावन अवसर पर सैकड़ों कांवड़ियों ने निकाली यात्रा, पालिया माफी शिव मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद कछला से गंगाजल लेने हुए रवाना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** थाना गजरौला कला क्षेत्र के गांव उगनपुर में सावन के पावन अवसर पर रविवार को श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। गांव से भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और कांवड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कांवड़ियों के जयघोष, भक्ति गीतों तथा हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में भगवान शिव के प्रति गहरी आस्था और उत्साह देखने को मिला। कांवड़ यात्रा गांव उगनपुर से प्रारंभ होकर आसपास के विभिन्न गांवों से होते हुए पालिया माफी स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर पहुंची। यात्रा के दौरान कांवड़ियों ने भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाए और भक्ति गीतों के साथ आगे बढ़ते रहे। जगह-जगह ग्रामीणों ने कांवड़ियों का स्वागत किया और उनकी सेवा-सत्कार में सहयोग किया। इससे यात्रा का माहौल और भी भक्तिमय हो गया। पालिया माफी स्थित शिव मंदिर पहुंचने के बाद



श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की। मंदिर में दर्शन-पूजन कर श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और क्षेत्र में शांति की कामना की। पूजा-अर्चना के बाद सैकड़ों श्रद्धालुओं का जत्था पवित्र गंगाजल लेने के लिए कछला गंगा घाट के लिए रवाना हुआ। कांवड़ियों के जत्थे में शामिल श्रद्धालुओं में गंगाजल लाने को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया। श्रद्धालु कछला पहुंचकर पवित्र गंगाजल लेकर सोमवार को वापस लौटेंगे। इसके बाद पालिया माफी स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर में भगवान शिव का गंगाजल से विधि-विधानपूर्वक जलाभिषेक किया जाएगा। जलाभिषेक के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। यात्रा के दौरान पूरे मार्ग पर हर-हर महादेव, बम-बम भोले के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं की भक्ति और उत्साह ने वातावरण को पूरी तरह शिवमय बना दिया। ग्रामीणों ने भी कांवड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए जगह-जगह स्वागत किया। सावन के अवसर पर आयोजित इस धार्मिक यात्रा को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कांवड़ यात्रा में हरेंद्र, प्रांशु, पप्पू, अनिल, दीनदयाल, उमाशंकर, केशव शर्मा, धर्मेंद्र भोजवाल, रवि श्रीवास्तव, नरेंद्र राजपूत, अंकित वर्मा, मोहनलाल शर्मा, अरुण राना, कपिल, गुड्डू, रिंकू, सोमपाल, राजू, वेद प्रकाश, अरविंद, अमित शर्मा, अजय, मोहित, अर्जुन राजपूत, सतपाल, संजीव भोजवाल, सोनू राजपूत, शिव कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह नजर आया। यात्रा के समापन के बाद अब सभी की निगाहें सोमवार को होने वाले भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक पर टिकी हैं।

# कांवड़ मार्ग पर अचानक पहुंचे डीएम, खमरिया पुल शिविर में परखी व्यवस्थाएं

## सुरक्षा से लेकर पेयजल, स्वास्थ्य और आवागमन तक का लिया जायजा, भंडारा स्थल पर बैठकर प्रसाद ग्रहण कर सेवादारों का बढ़ाया उत्साह

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** सावन माह में कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा तथा यात्रा मार्ग पर बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने रविवार को खमरिया पुल स्थित कांवड़ शिविर का औचक स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी के अचानक शिविर पहुंचने से प्रशासनिक अमले में भी सक्रियता दिखाई दी।खमरिया पुल पर कॉवरथी सेवा दल की ओर से लगाए गए जलपान एवं भंडारा शिविर का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने कांवड़ियों के लिए की गई व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा। उन्होंने कांवड़ यात्रा मार्ग







पर सुरक्षा व्यवस्था, श्रद्धालुओं के आवागमन, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाओं और शिविर में उपलब्ध अन्य आवश्यक इंतजामों की जानकारी ली।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों और शिविर व्यवस्थापकों से व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी लेते हुए श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न होने देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा प्रशासन की प्राथमिकता है। यात्रा मार्ग पर साफ-सफाई, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाओं तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शिविर में सेवा कार्य में जुटे सेवादारों से भी बातचीत की और उनके द्वारा कांवड़ियों के लिए किए जा रहे सेवा कार्य की सराहना की। इसके बाद जिलाधिकारी स्वयं भंडारा स्थल पर बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। उनके इस सहज व्यवहार से शिविर में मौजूद सेवादारों और श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला।जिलाधिकारी ने कहा कि धार्मिक यात्रा के दौरान सेवा भाव से श्रद्धालुओं की सहायता करना सराहनीय कार्य है। प्रशासन की ओर से भी कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। खमरिया पुल स्थित शिविर में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह के निरीक्षण के दौरान सुरक्षा और सुविधा से जुड़े इंतजामों को लेकर प्रशासन की गंभीरता साफ नजर आई। कांवड़ यात्रा के बीच जिलाधिकारी के औचक निरीक्षण को व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत परखने की कवायद के रूप में देखा जा रहा है। इस अवसर पर कावार्थी सेवा दल के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल भी मौजूद रहे।



# पटका पहनाकर कांवड़ियों को किया रवाना हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा बरखेड़ा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरखेड़ा।** सावन के दूसरे सोमवार को बरखेड़ा नगर पंचायत क्षेत्र का माहौल पूरी तरह शिवमय नजर आया। भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए कछला घाट से गंगाजल लेने जा रहे शिवभक्त कांवड़ियों के जत्थों को नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम बिहारी भोजवाल ने मंगल तिलक और पटका पहनाकर सम्मानपूर्वक रवाना किया। इस दौरान नगर में जगह-जगह हर-हर महादेव, बोल बम और बम-बम भोले के जयकारे गूंजते रहे। नगर पंचायत के वार्ड नंबर सात और वार्ड नंबर दो से कांवड़ यात्रा के लिए रवाना हो रहे शिवभक्तों के बीच नगर पंचायत अध्यक्ष पहुंचे। उन्होंने कांवड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साह बढ़ाया। विधिवत पूजा-अर्चना के बाद भगवान भोलेनाथ का स्मरण किया गया और नारियल फोड़कर कांवड़ यात्रा का शुभारंभ कराया गया। इसके बाद कांवड़ियों ने गंगाजल लेने के लिए कछला घाट की ओर प्रस्थान किया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम बिहारी भोजवाल ने कहा कि सावन भगवान शिव की आराधना का विशेष पर्व है। कांवड़ यात्रा केवल धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि श्रद्धा, अनुशासन, सेवा और आपसी भाईचारे की भावना को मजबूत करने का माध्यम भी है। उन्होंने शिवभक्तों से यात्रा के दौरान अनुशासन बनाए रखने तथा एक-दूसरे का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने सभी कांवड़ियों को कछला घाट तक सुरक्षित पहुंचने और पवित्र गंगाजल लेकर सकुशल वापस लौटने की शुभकामनाएं दीं। साथ ही भगवान भोलेनाथ से क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करने का आह्वान किया। नगर पंचायत अध्यक्ष के हाथों पटका पहनकर सम्मानित किए जाने से कांवड़ियों में भी खासा उत्साह दिखाई दिया। शिवभक्तों ने पूरे जोश के साथ हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारे लगाए और कछला घाट के लिए रवाना हो गए। कांवड़ यात्रा को लेकर नगरवासियों में भी उत्साह रहा। रास्ते में लोगों ने शिवभक्तों का अभिनंदन किया और उनकी सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। सावन के दूसरे सोमवार पर निकली कांवड़ यात्रा के चलते बरखेड़ा का वातावरण देर तक भक्तिमय बना रहा। हर कदम शिव की भक्ति में, हर जुबां पर भोले का नाम कांवड़

कामयाबी

मानव-वन्यजीव संघर्ष कम करने और ग्रामीणों की आजीविका बढ़ाने में निभाई अहम भूमिका

# वन्यजीव संरक्षण में नरेश कुमार लोधी के योगदान को मिला विशिष्ट सेवा सम्मान, डब्लू डब्लू एफ-इंडिया ने किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** वन्यजीव संरक्षण, मानव-वन्यजीव संघर्ष निवारण तथा सीमावर्ती एवं वन क्षेत्रों में ग्रामीणों की आजीविका के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए नरेश कुमार लोधी को विश्व प्रकृति निधि-भारत की ओर से विशिष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान वन्यजीव संरक्षण एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उनके लंबे समय से किए जा रहे कार्यों की सराहना के रूप में प्रदान किया गया। नरेश कुमार लोधी वर्ष 2004 से जुड़कर वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने नेपाल सीमा क्षेत्र तथा जंगलों से सटे गांवों में विकास और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किए। उनके प्रयासों से एक हजार से अधिक महिलाओं एवं पुरुषों को विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जोड़ा गया, जिससे ग्रामीण परिवारों को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिली। उन्होंने युवाओं और वन विभाग के कर्मचारियों के लिए अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से वनकर्मियों को वन्यजीव संरक्षण, निगरानी तथा मानव-वन्यजीव संघर्ष की परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया गया। नरेश लोधी के मार्गदर्शन में पीलीभीत टाइगर रिजर्व, दक्षिण खीरी वन प्रभाग, अमानगढ़ टाइगर रिजर्व और रानीपुर टाइगर रिजर्व सहित विभिन्न



क्षेत्रों में एम-स्ट्राइप्स प्रणाली के सफल प्रयोग एवं प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। इससे वन्यजीवों की निगरानी और संरक्षण कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने में सहायता मिली।मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने की दिशा में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके प्रयासों से पीलीभीत टाइगर रिजर्व से 'बाघ मित्र' कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस पहल की सराहना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भी की गई। वर्तमान में 'बाघ मित्र' कार्यक्रम को देश के विभिन्न वन प्रभागों और राज्यों में अपनाया जा रहा है।वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए नरेश कुमार लोधी को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। इससे पूर्व समाज सेवा के क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वारा उन्हें राष्ट्रपति रोवर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में डब्लू डब्लू एफ-इंडिया के हेड तराई आर्क लैंडस्केप अनिल कुमार सिंह, तराई ईस्ट हेड डॉ. मुदित गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। हालांकि अपरिहार्य कारणों के चलते नरेश कुमार लोधी दिल्ली पहुंचकर पुरस्कार ग्रहण नहीं कर सके। इसके बाद पीलीभीत में मनीष सिंह ने उन्हें अपने कर-कमलों से विशिष्ट सेवा सम्मान प्रदान किया।नरेश कुमार लोधी को मिले इस सम्मान पर डब्लू डब्लू एफ-इंडिया के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि वह आगे भी वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, मानव-वन्यजीव संघर्ष निवारण और ग्रामीण आजीविका के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान जारी रखेंगे।






## एक नजर

### आला हज़रत की याद में बरेली की प्रमुख संस्थाओं के नाम रखने की मांग

**पूरनपुर।** धार्मिक गुरु वह मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के हाफिज नूर अहमद अज़हरी ने प्रेस बयान जारी कर आला हज़रत इमाम अहमद रज़ा खां की बरेली और देश के लिए सेवाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आला हज़रत किसी एक वर्ग या संस्था की नहीं, बल्कि देश की साझा विरासत हैं। अज़हरी ने भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार से उर्स-ए-रज़वी के मौके पर बरेली जंक्शन का नाम "बरेली शरीफ जंक्शन" करने की मांग की। उन्होंने बरेली एयरपोर्ट का नाम "आला हज़रत एयरपोर्ट" रखने की भी मांग उठाई। इसके अलावा बरेली से प्रयागराज तक बनने वाले एक्सप्रेस-वे का नाम आला हज़रत के नाम पर रखने की मांग की। देश में आला हज़रत के नाम से एक अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना भी की जानी चाहिए।


नूर अहमद अजहरी।

# फर्रुखाबाद के लिए रवाना हुआ कांवड़ियों का जत्था, हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजा क्षेत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय


फर्रुखाबाद के लिए रवाना हुआ जत्था। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** सावन के पावन माह में भगवान भोलेनाथ की भक्ति में डूबे कांवड़ियों का जत्था क्षेत्र से फर्रुखाबाद के लिए रवाना हुआ। कांवड़िए फर्रुखाबाद पहुंचकर गंगा नदी से पवित्र जल लेकर वापस लौटेंगे और भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। जत्थे के रवाना होने के दौरान क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

कांवड़ियों ने यात्रा शुरू करने से पहले भगवान भोलेनाथ का स्मरण किया और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके बाद कांवड़ लेकर श्रद्धालु फर्रुखाबाद की ओर रवाना हुए। इस दौरान 'हर-हर महादेव', 'बोल बम' और 'जय भोलेनाथ' के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कांवड़ियों के जयघोष से आसपास का क्षेत्र शिवमय नजर आया। जत्थे में शामिल श्रद्धालुओं ने बताया कि सावन माह में गंगा जल लाकर भगवान शिव का जलाभिषेक करने की विशेष धार्मिक मान्यता है। इसी आस्था और श्रद्धा के साथ वे गंगा जल लेने के लिए यात्रा पर निकले हैं। कांवड़िए पैदल यात्रा करते हुए निर्धारित मार्ग से फर्रुखाबाद पहुंचेंगे और गंगा जल लेकर वापस अपने क्षेत्र में लौटेंगे। कांवड़ियों के रवाना होने पर स्थानीय लोगों ने भी उनका उत्साह बढ़ाया और भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाए। जगह-जगह श्रद्धालुओं के स्वागत और सेवा के लिए लोगों में उत्साह दिखाई दिया। पूरी यात्रा के दौरान कांवड़ियों ने धार्मिक गीतों और जयकारों के साथ अपनी यात्रा शुरू की। सावन के महीने में कांवड़ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह रहता है। घुंघचाई क्षेत्र से रवाना हुआ यह जत्था भी इसी धार्मिक आस्था और श्रद्धा का प्रतीक है। कांवड़ियों के रवाना होने से क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना हुआ है और चारों ओर हर-हर महादेव के जयकारे सुनाई दे रहे हैं।

## फरार हुई छात्रा को पुलिस ने किया बरामद

**पूरनपुर।** परिवार की गैरमौजूदगी में युवक के साथ फरार हुई छात्रा को पुलिस ने बरामद कर लिया। घुंघचाई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि 27 जुलाई को बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी युवक उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया था।

आरोप था कि इस कार्य में युवक के परिवार के लोगों ने भी सहयोग किया था। घर में रखी नकदी और कीमती माल जेवर भी ले गई थी। पुलिस ने युवक सहित पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। छात्रा को बरामद करने के लिए पुलिस टीम लगी हुई थी। शनिवार की देरशाम मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फरार छात्रा को बरामद कर लिया। छात्रा अन्य कंही जाने की फिराक में थी। लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने उसको पकड लिया। इसके बाद उसको थाने लाया गया।

## संक्षेप समाचार

### समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक हुई संपन्न



सपा कार्यालय पर मासिक बैठक करते समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता।

**बीसलपुर।** समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी कार्यालय पर हुई मासिक बैठक मे संगठन को मजबूत बनाने का निर्णय लिया गया ।बैठक में बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने, पीडीए जन पंचायत कार्यक्रमों का आयोजन करने तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष शैलेश शर्मा ने की तथा संचालन महासचिव यासीन अंसारी द्वारा किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से हरिपाल सिंह लोधी, राम प्रताप गंगवार, मीनाक्षी गंगवार, मो0 वलीउल्ला, डॉ. दुष्यंत गंगवार, अकरम अंसारी, मो0 आरिफ सिद्दीकी, मुक्तदिर हयात खान, गंगादीन, चरन सिंह यादव, हरिपाल नायक, रामपाल भारती, महबूब मंसूरी, अभिषेक गंगवार, जीवेन्द्र गंगवार, कुलदीप मिश्रा, मो0 अकील सिद्दीकी, भानु यादव एडवोकेट, अविनाश गंगवार, लाजपत गंगवार, विवेक गंगवार, देवेंद्र गंगवार, मुफस्सिल हसन अंसारी, कमालुद्दीन अंसारी, मंजूर हसन, फुलदाज खान, प्रियांशु गंगवार एवं मोहम्मद सानूर सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### घर में घुसकर मां-बेटी से मारपीट और गाली-गलौज, दो पर मुकदमा दर्ज

**बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पकड़िया मंगली में घर के बाहर बैठी महिला और उसकी बेटी के साथ गाली-गलौज व मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। क्षेत्र के ग्राम पकड़िया मंगली निवासी रेखा देवी पत्नी नरेश चन्द ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गत 19 जुलाई को वह अपने घर के बाहर बैठी थीं। इसी दौरान गांगूपुर निवासी मुनेन्द्र और रामप्रकाश उर्फ आकाश वहां आ पहुंचे और बेवजह गाली-गलौज करने लगे। महिला द्वारा विरोध करने पर दोनों आरोपी जबरन उनके घर में घुस आए और रेखा देवी तथा उनकी बेटी संजना के साथ मारपीट की। मारपीट में पीड़ित महिला के हाथ में चोट आई है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर मुनेन्द्र और रामप्रकाश उर्फ आकाश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक जितेन्द्र सिंह को सौंपी गई है।

### पुष्प वर्षा कर कांवड़ियों का किया स्वागत


कावड़ियों पर पुष्प वर्षा करते हुए मुसेली ग्राम प्रधान मोहम्मद इश्तियाक अल्वी।

**बीसलपुर।** मीरपुर बाहनपुर चौराहा पर मुसेली ग्राम प्रधान मोहम्मद इश्तियाक अल्वी ने पुष्प वर्षा कर कांवड़ियों का भव्य स्वागत किया। इस दौरान शिवभक्तों के विश्राम और थकान मिटाने के लिए विशेष जलपान की व्यवस्था भी की गई सभी कांवड़ियों को फल, ठंडा पानी, और नाश्ता कराया गया। इस मौके पर महंत राकेश मिश्रा, पोशाकी लाल भोले, दयाराम भोले, राम सेवक भोले, पप्पू भोले, नंदकिशोर भोले, सौरभ भोले, सचिन भोले, शिवम भोले, अतुल भोले, सहित तमाम भोले मौजूद रहें।

### हजारा से छोटी काशी गोला को श्रद्धालुओं का जत्था रवाना




**पूरनपुर।** शारदा पार इलाके में सावन माह के दौरान भगवान शिव की आराधना के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह है। रविवार को हजारा, सिद्धनगर शास्त्रीनगर गांव के कांवड़ियों का समूह भीरा के शारदा तट के लिए ट्रेक्टर ट्रॉली से गाने बाजे के साथ धूमधाम से रवाना हुआ। ये श्रद्धालु शारदा के घाट से गंगाजल भरकर खीरी जिले के गोला गोकर्णनाथ स्थित छोटी काशी पहुंचेंगे और भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। सैकड़ों श्रद्धालु आशीष यादव, राजू यादव के ट्रैक्टर-ट्रॉली से शारदा घाट के लिए निकले। इस जत्थे में अरविन्द यादव, आशीष यादव, राजू यादव, पुनीत यादव, रजत रघुवंशी, डब्ल्यू, राजिंदर, बंटी, मंटू, राम भरोसे समेत अन्य श्रद्धालु शामिल हैं। गांवों के श्रद्धालु भीरा के शारदा घाट पहुंचकर गंगाजल भरेंगे और आगे की यात्रा शुरू करेंगे। इन कांवड़ियों का लक्ष्य सोमवार को छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक करना है। सावन माह में कांवड़ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

## लाठी-डंडों से युवक की पिटाई, जान से मारने की धमकी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** युवक के साथ लाठी-डंडों से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि विवाद के दौरान आरोपियों ने युवक को घेरकर उसके साथ जमकर मारपीट की। मारपीट में युवक के शरीर पर कई चोटें आईं। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

घटना 19 जून 2026 की है। गांव कल्यानपुर निवासी नाजिया ने बताया कि उनका पुत्र सिराज गांव से घर वापस लौट रहा था। आरोप है कि गांव निवासी रहीस, अनीश, नफीस, लईक, अंसार और हनीफ ने उसको घेर लिया। इसके बाद जान से मारने की नीयत से लाठी डंडे से हमला कर दिया। आरोप है कि सिराज के सिर पर कई वार किए। शरीर के अन्य जगहों पर भी चोटे आई है। आस पास के लोगों ने पहुंच कर युवक को छुडाया। इस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। घटना से एक दिन पहले भी विवाद हुआ था। घटना के बाद पीड़ित घायल अवस्था में कोतवाली पहुंचा और पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। पुलिस ने युवक का मेडिकल परीक्षण भी कराया। मेडिकल कराने के बाद पीड़ित को उम्मीद थी कि पुलिस आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करेगी, लेकिन आरोप है कि इसके बावजूद पुलिस ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। कार्रवाई ना होने से परेशान महिला ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय में दिए गए प्रार्थना पत्र में पीड़ित ने बताया कि उसके साथ लाठी-डंडों से मारपीट की गई और बाद में आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी

# तेज कटान से किसानों की जमीन फसल नदी में समाई

## चंदिया में बढ़ रहा कटान, बचाव कार्य कराने की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय


कटान को देखतीं महिलाओं का दल। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव चंदिया हजारा में शारदा नदी का कटान लगातार तेजी पकड़ता जा रहा है। नदी की तेज धार और उफनती लहरों के चलते नदी किनारे की कृषि भूमि तेजी से कटकर पानी में समा रही है।

कटान की चपेट में आने से कई किसानों की जमीन और खेतों में खड़ी फसलें नदी में समा चुकी हैं। लगातार हो रहे कटान को लेकर ग्रामीणों और किसानों में चिंता बढ़ती जा रही है। रविवार को पंचायत सदस्य के नेतृत्व में एक दल ने चंदिया हजारा के कटान प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। दल ने मौके पर पहुंचकर नदी के किनारे हो रहे कटान की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सामने आया कि शारदा नदी की तेज लहरें लगातार किनारे की मिट्टी को काट रही हैं। कई स्थानों पर नदी का कटाव काफी तेजी से हो रहा है, जिसके चलते किसानों की कृषि भूमि पर खतरा मंडरा रहा है, ग्रामीणों के अनुसार शारदा नदी का पानी लगातार किनारे की ओर कटान कर रहा है। नदी की धार जहां पहुंच रही है, वहां जमीन का बड़ा हिस्सा धीरे-धीरे कटकर नदी में समाता जा रहा है। किसानों का कहना है कि उन्होंने बड़ी मेहनत और लागत लगाकर खेतों में फसल तैयार की थी, लेकिन कटान के चलते उनकी मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि इसी तरह कटान जारी रहा तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। नदी के लगातार नजदीक आते जाने से खेतों के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण इलाकों पर भी खतरा बढ़ने की आशंका है। किसानों ने बताया कि नदी का कटान लगातार बढ़ रहा है और समय रहते इसे रोकने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो बड़ी मात्रा में कृषि भूमि नदी में समा सकती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से कटान प्रभावित क्षेत्र में तत्काल राहत और बचाव कार्य शुरू कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि नदी के कटान को रोकने के लिए मजबूत सुरक्षा व्यवस्था किए जाने की जरूरत है। नदी के किनारे बचाव कार्य कराकर कटान को नियंत्रित किया जाए, ताकि किसानों की बची हुई जमीन और फसलों को सुरक्षित किया जा सके। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से मौके का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई कराने की मांग भी की है।

# 455 ग्राम अफीम के साथ दो युवक सवार गिरफ्तार, बाइक-नकदी और दो मोबाइल बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय


पकडी गई अफीम के आरोपी। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** कोतवाली पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खुटार रोड पर बाइक सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों के कब्जे से कुल 455 ग्राम अफीम बरामद कर जेल भेजा है।

रविवार को पूरनपुर कोतवाली पुलिस को मुखबिर की जरिए सूचना मिली कि दो युवक खुटार रोड पर मजार तिराहे के पास खडे हैं। और उनके पास मादक पदार्थ है। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर वाइक सवार भगाने लगे, इस पर पुलिस ने घेरावंदी करते हुए दोनों को दवोच लिया। पूंछताछ करने पर पकडे गए दोनों आरोपियों ने अपना नाम जीशान खां व दूसरे ने अपना नाम दिलशाद रजा निवासी नगर के मोहल्ला खानकहा वताया।

दोनों के पास कुल 455 ग्राम अफीम, एक वाइक व 1900 सौ रुपये की नकदी व दो मोबाइल फोन बरामद किए। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वह आने जाने वाले ट्रक चालकों व अन्य लोगों को अफीम बेचते थे। पुलिस अब अफीम कहां से लाई गई थी और इसे कहां सप्लाई किया जाना था, इस संबंध में जानकारी कर रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इसके बाद उनको जेल भेज दिया गया। कोतवाल पवन पांडे ने बताया अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया था। कार्रवाई करते हुए दोनों को जेल भेज दिया गया है।

## घर पर बैठी महिला को पीटा, दो पर मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर।** घर पर बैठी महिला को पीटकर धमकी दी। पुलिस ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव अभयपुर माधोपुर निवासी शिखा सिंह ने बताया कि सात अगस्त को वह अपने घर के पास बैठी थी। तभी घुंघचाई क्षेत्र के गांव भगवंतापुर कालाबोझ निवासी सतनाम सिंह व इटोरिया ता. अजीतपुर बिल्हा निवासी कुलदीप सिंह उसके पास पहुंचे और गाली गलौच करना शुरु कर दिया। विरोध करने पर लात घूंसो से मारा पीटा। शोर मचाने पर दोनों जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग निकले, आरोप है कि इससे पहले भी उसके पति को कई बार जान से मारने की धमकी दे चुके हैं। मामले की तहरीर घुंघचाई पुलिस को दी गई। पुलिस ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने वताया कि विवेचना शुरू कर दी गई है।

## बरेली-बीसलपुर मार्ग पर कछला घाट से लौट रहे 12 वर्षीय कांवड़ श्रद्धालु की दुर्घटना में मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर-पीलीभीत।** बरेली-बीसलपुर मार्ग पर कामुआ मोड़ के पास हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 12 वर्षीय बालक की असमय मृत्यु हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम बसारा निवासी ललित (12) पुत्र वीरपाल मिश्रा गांव के अन्य श्रद्धालुओं के साथ कछला घाट से पवित्र जल लेकर बाऊली धाम बसारा लौट रहा था। इस दुखद घटना से परिजनों में कोहराम मचा है और संपूर्ण क्षेत्र में शोक की लहर है। प्रत्यक्षदर्शियों व स्थानीय सूत्रों के अनुसार, श्रद्धालु ट्रॉली के माध्यम से अपने गंतव्य की ओर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान कामुआ मोड़ के समीप अचानक संतुलन बिगड़ जाने के कारण बालक ट्रॉली से नीचे गिर गया और वाहन के पहिये की चपेट में आ गया। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि बालक की मौके पर ही जान चली गई। घटना के तुरंत बाद साथ चल रहे श्रद्धालुओं ने डायल 112 के माध्यम से पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही थाना बिथरी चैनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया।


मृतक बालक।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, शव को कब्जे में लेकर नियमानुसार आवश्यक वैधानिक व पंचनामा की कार्रवाई पूरी की गई। आवश्यक औपचारिकताओं के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया, जिसके बाद गमगीन माहौल में बालक का अंतिम संस्कार संपन्न हुआ।

**अभियान** — विधायक ने प्रतिष्ठानों पर तिरंगा लगाने की अपील की

# पूरनपुर में हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय


दुकानों पर झंडा वितरित करते विधायक और व्यापारी। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** नगर के स्टेशन चौराहा पर व्यापार मंडल की ओर से हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ किया गया। भाजपा विधायक वावूराम पासबान ने व्यापार मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी के साथ संयुक्त रुप से उनके प्रतिष्ठान से अभियान की शुरुआत हुई।

इस दौरान विधायक वावूराम पासबान व व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और अन्य गणमान्य लोगों ने नगर की दुकान-दुकान पहुंच कर व्यापारियों को तिरंगा झंडा वितरित कर सभी से अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर तिरंगा लगाने की अपील की। दुकानों पर पहुंचकर व्यापारियों से मुलाकात की। उन्हें तिरंगा झंडा सौंपते हुए अपने प्रतिष्ठानों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा लगाने की अपील की गई। भाजपा विधायक वावूराम पासबान ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य लोगों में राष्ट्रभक्ति की भावना को और मजबूत करना है। व्यापारियों ने भी अभियान में उत्साहपूर्वक भागीदारी करते हुए अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर तिरंगा लगाने की जिम्मेदारी ली। इस दौरान नगर के लोगों में भी अभियान को लेकर उत्साह देखने को मिला। व्यापार मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी ने नगर के सभी व्यापारियों और नागरिकों से अपील की कि वह अभियान से जुड़कर अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा लगाएं तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। अभियान के दौरान नगर में देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, जाहिद खान, जिला कार्यकारिणी सदस्य अशोक खंडेलवाल, गौरव पांडेय, विजय पाल विक्की, यूके बैटरी उमर खान सहित अन्य सम्मानित लोग मौजूद रहे। सभी ने अभियान में भाग लेते हुए लोगों से राष्ट्रध्वज के सम्मान और हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की अपील की।

## 15 अगस्त को घुंघचाई क्षेत्र में निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

**घुंघचाई/पूरनपुर।** क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को वाइक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस भव्य आयोजन को लेकर क्षेत्र में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। घुंघचाई क्षेत्र के गांव गुलडिया भूपसिंह निवासी समाजसेवी वीर प्रताप सिंह ने बताया कि 15 अगस्त को वाइक तिरंगा यात्रा का शुभारंभ पिपरिया मजरा गांव से सुवह सात बजे से होगा। यह तिरंगा यात्रा वाइक से निकाली जाएगी। इसके बाद वाइक यात्रा सिकरहना, गुलडिया भूपसिंह, विलंदपुर अशोक, बलरामपुर, कसगंजा, लुटिहाई, सिमरिया, कैशोपुर, जितौरिया और पुन्नापुर सहित कई गांवों से होकर गुजरेगी। यात्रा का समापन गुलडिया भूसिंह के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में किया जाएगा।

# टूटी सड़क, गंदगी और जलभराव से ग्रामीण बेहाल बारिश होते ही सड़क पर भर जाता है दो फीट तक पानी

जागरण मोर्चा कार्यालय


टूटी पड़ी सड़क। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** टूटी सड़कों, गंदगी और जलभराव की समस्या ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। गांव की कई सड़कें लंबे समय से जर्जर हालत में हैं। जगह-जगह सड़क टूटने और गड्ढे होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव खंजनपुर में जर्जर सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं। इसके साथ ही नालियां गंदगी से पटी पडी हुईं हैं। जलभराव बना हुआ है। रास्तों से गुजरने में परेशानी होती है। जबकि बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से स्थिति और खराब हो जाती है। दोपहिया वाहन चालकों को विशेष सावधानी बरतनी पड़ती है। कई बार वाहन फिसलने की स्थिति भी बन जाती है, ग्रामीणों का कहना है कि गांव के विकास के लिए सड़क और जलनिकासी जैसी मूलभूत सुविधाओं का दुरुस्त होना बेहद जरूरी है। सडकों से आवागमन में काफी दिक्कतो का सामना करना पड रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों को हो रहीं हैं। आए दिन वाहन भी गड्ढो में फंसकर पलट रहे है। बरसात के दिनो में कई फुट पानी सडक पर भर जाता है। आरोप है सफाई कर्मचारी एक बार आता है और फिर गायब हो जाता है। लंबे समय से समस्या बनी रहने के बावजूद इसका स्थायी समाधान नहीं हो सका है। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों और ग्राम पंचायत से गांव की टूटी सड़कों की मरम्मत कराने, जलभराव वाले स्थानों पर जलनिकासी की व्यवस्था कराने और नियमित साफ-सफाई कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो बरसात के दिनों में लोगों की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं।

# कनाडा ओपन: अलेक्जेंड्रोवा ने सबालेंका को हराकर किया बड़ा उलटफेर, क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** कनाडा ओपन में बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। रूस की 19वीं रैंकिंग वाली खिलाड़ी एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा ने दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी और चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन आर्यना सबालेंका को तीन सेट तक चले रोमांचक मुकाबले में 7-6(3), 4-6, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। यह मुकाबला दो घंटे 29 मिनट तक चला। अलेक्जेंड्रोवा की दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी के खिलाफ यह तीसरी जीत है। इससे पहले वह मियामी 2024 में इगा स्वियातेक और दोहा 2025 में सबालेंका को हरा चुकी हैं।

अंतिम-16 के इस मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। पहले सेट में अलेक्जेंड्रोवा और सबालेंका ने एक-दूसरे की सर्विस तीन-तीन बार तोड़ी। इसके बाद अलेक्जेंड्रोवा ने टाई-ब्रेकर में 7-3 से जीत दर्ज करते हुए पहला सेट अपने नाम किया। सबालेंका ने दूसरे सेट में वापसी की। उन्होंने सेट में मिले एकमात्र ब्रेक प्वाइंट का फायदा उठाया और 6-4 से सेट जीतकर मुकाबला बराबरी पर ला दिया।



तीसरे सेट में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर जारी रही। दोनों ने कई मौकों पर एक-दूसरे की सर्विस तोड़ी। हालांकि, निर्णायक पलों में अलेक्जेंड्रोवा ने धैर्य बनाए रखा और सबालेंका को 5-4 के स्कोर पर मैच में बने रहने के लिए सर्विस करनी पड़ी। सबालेंका ने दो ब्रेक प्वाइंट और मैच प्वाइंट बचाए, लेकिन तीसरे मैच प्वाइंट पर अलेक्जेंड्रोवा ने मुकाबला अपने नाम कर लिया। उन्होंने 7-6(3), 4-6, 6-4 से जीत दर्ज की। यह अलेक्जेंड्रोवा का छठा डब्ल्यूटीए 1000 क्वार्टर फाइनल होगा। दोहा 2025 के बाद वह पहली बार इस स्तर तक पहुंची हैं।

एक अन्य मुकाबले में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने अमांडा अनिसिमोवा को 6-2, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले शनिवार को दो बार की एनबीओ चैंपियन जेसिका पेगुला को 15वीं वरीय डायना श्नाइडर ने सीधे सेटों में 6-3, 6-3 से हराकर बड़ा उलटफेर किया था।

वहीं, इगा स्वियातेक ने शुरूआती झटके से उबरते हुए मार्टा कोस्त्युक को 3-6, 6-1, 6-2 से मात दी। पहले सेट में स्वियातेक अपनी सर्विस को बचाने में नाकाम रहीं और कोस्त्युक ने उनके चारों सर्विस गेम में ब्रेक हासिल किया। हालांकि, इसके बाद स्वियातेक ने शानदार वापसी करते हुए लगातार दो सेट जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। पेगुला, सबालेंका और मीरा आंद्रीवा के टूनामेंट से बाहर होने के बाद ड्रॉ में शीर्ष पांच वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों में अब केवल नंबर दो एलेना रायबाकिना और नंबर चार कोको गॉफ ही बची हैं।

## अंडर 20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप: बसंत कुमार ने हाई जंप में सिल्वर मेडल जीतकर रचा इतिहास, शाहनवाज को ब्रॉन्ज

**एजेंसी न्यूज**

**यूजीन।** यूजीन में जारी अंडर-20 वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत ने एक ही दिन दो और पदक जीतकर इतिहास रच दिया। बसंत कुमार मेघवाल ने हाई जंप में सिल्वर और शाहनवाज खान ने लॉन्ग जंप में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। इसके साथ भारत ने चैंपियनशिप में अपने सर्वाधिक तीन पदकों के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। इससे पहले आशीष यादव ने जैवलिन थ्रो में सिल्वर जीता था।

बसंत कुमार मेघवाल ने ओरेगन के यूजीन में हो रही अंडर 20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की हाई जंप में सिल्वर मेडल जीतकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने 2.21 मीटर की अपनी पर्सनल बेस्ट जंप की बराबरी की। राजस्थान के गंगानगर के रहने वाले 19 साल के बसंत, किसी भी विश्व स्तर इवेंट में हाई जंप में मेडल जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं।

बसंत ने पहले 2.06 मीटर, फिर 2.12 मीटर और 2.17 मीटर की ऊंचाई पार की। इसके बाद 2.21 मीटर की शानदार जंप ने पोडियम पर उनकी जगह पक्की कर दी। टॉप तीन एथलीटों ने 2.21 मीटर की ऊंचाई पार की, लेकिन 'काउंटबैक' नियम के आधार पर बसंत ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया। अल्जीरिया के यूनिस अयाची ने गोल्ड मेडल जीता, जबकि ब्रिटेन के ओटिस पूल ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया।

वहीं, शाहनवाज खान ने पुरुषों की लॉन्ग जंप में 7.84 मीटर की बेस्ट जंप के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता। यह किसी भारतीय पुरुष लॉन्ग जंपर द्वारा जीता गया पहला विश्व स्तरीय मेडल भी है। शुरूआत में पीछे रहने के बाद, शाहनवाज ने तीसरे राउंड में 7.84 मीटर की जबरदस्त जंप लगाई और फिर पांचवें राउंड में 7.83 मीटर की जंप के साथ दुनिया के बेहतरीन एथलीटों के बीच अपनी जगह और पोडियम पर अपना स्थान बनाया। इटली के इनजोली ने 7.97 मीटर की बेस्ट जंप के साथ गोल्ड मेडल जीता, जबकि ऑस्ट्रेलिया के मैकग्रोडर (7.96 मीटर) ने सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया।

शुक्रवार को जैवलिन थ्रो में आशीष यादव के सिल्वर मेडल के बाद, यह इस चैंपियनशिप में भारत का तीसरा मेडल है। इसके साथ ही, भारतीयों ने 2021 की अंडर 20 वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने अब तक के सबसे अच्छे प्रदर्शन (कुल तीन मेडल) की बराबरी कर ली है। इवेंट खत्म होने में अभी एक दिन बाकी है और भारत के पास टूनामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा मेडल जीतने का रिकॉर्ड कायम करने का सुनहरा मौका है।

इससे पहले, भारत की महिलाओं की 4400 मीटर रिले टीम - जिसमें भूमिका नेहते, तहुरा खातून, तनु चौधरी और थिया अरुमुगम शामिल थीं ने अपनी हीट में टॉप तीन में जगह बनाकर फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। उन्होंने 3:39.53 का समय लिया, जबकि अमेरिका (3:32.66) और ऑस्ट्रेलिया (3:33.68 - सीजन का सर्वश्रेष्ठ) उनसे आगे रहे।

भूमिका ने निडर होकर शानदार शुरूआत (55.81) की। तहुरा ने भारत की उम्मीदें बनाए रखीं (54.54), जबकि तनु ने तीसरे चरण में जबरदस्त दौड़ (53.87) लगाकर टीम को आगे बढ़ाया और थिया अरुमुगम ने दबाव के बावजूद रेस पूरी की (55.31)। शनिवार को आशीष ने जैवलिन थ्रो इवेंट में सिल्वर मेडल जीतकर भारत के लिए मेडल का खाता खोला था। उत्तर प्रदेश के 19 वर्षीय आशीष यादव 2016 में नीरज चोपड़ा के बाद इस चैंपियनशिप में मेडल जीतने वाले भारत के पहले थ्रोअर बने।

## रूसी तेल पर अमेरिकी टैरिफ की नई धमकी
### भारत में फिर महंगा होगा ईंधन!

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** भारत की ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता के सामने एक नया संकट खड़ा हो गया है। अमेरिका द्वारा रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की ताजा धमकी ने भारतीय अर्थव्यवस्था की चिंताएं बढ़ा दी हैं। केयरएज रेटिंग्स की एक नई रिपोर्ट के अनुसार, यदि यह धमकी हकीकत में बदलती है, तो भारत में कच्चे तेल की कीमतें आसमान छू सकती हैं, जिससे चालू खाता घाटा (सीएडी) और महंगाई का दबाव बेहद गंभीर रूप ले सकता है। यह स्थिति ऐसे समय में आई है जब भारत अपनी तेल जरूरतों के लिए रूसी कच्चे तेल पर निर्भरता काफी बढ़ा चुका है और अकेले जुलाई के महीने में देश के कुल आयात में रूसी तेल की हिस्सेदारी लगभग 50 फीसदी दर्ज की गई थी।

केयरएज रेटिंग्स के मुख्य रेटिंग अधिकारी सचिन गुप्ता के अनुसार, यदि भारत रूसी कच्चे तेल पर अपनी निर्भरता को तुरंत कम करने के लिए मजबूर होता है, तो इसका असर वैश्विक स्तर पर तेल की आपूर्ति और कीमतों पर सीधा पड़ेगा। यदि अमेरिका इस 100% टैरिफ को लागू कर देता है और भारत तथा चीन रूसी तेल से खुद को अलग नहीं कर पाते हैं, तो भारतीय अर्थव्यवस्था के बाहरी और घरेलू दोनों आर्थिक संकेतक बुरी तरह प्रभावित होंगे।

इस खतरे के पीछे केवल अमेरिकी टैरिफ ही नहीं, बल्कि वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव भी एक बड़ी वजह है। वर्तमान में ईरान संघर्ष और होर्मुज जलडमरूमध्य में जारी व्यवधानों के कारण पहले से ही वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति अनिश्चित बनी हुई है। यदि ऐसी स्थिति में भारत और चीन रूसी तेल का आयात काफी कम या बंद कर देते हैं, तो वैश्विक तेल आपूर्ति का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा सीधे तौर पर प्रभावित हो सकता है। सचिन गुप्ता का अनुमान है कि इस दोहरे संकट के चलते कच्चे तेल की कीमतें .100 डॉलर प्रति बैरल के पार जा सकती हैं। बदतर स्थिति में यह 110 डॉलर प्रति बैरल से 120 डॉलर प्रति बैरल तक भी पहुंच सकती हैं।

**दोगुना चालू खाता घाटा:** यदि कच्चे तेल की कीमत 110 डॉलर से 120 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को छूती है, तो केवल ऊंचे तेल बिलों के कारण भारत का चालू खाता घाटा पिछले साल के मुकाबले आसानी से दोगुना हो सकता है।

**महंगाई का तगड़ा झटका:** कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने पर सरकार को आखिरकार ईंधन पंपों पर बढ़े हुए दाम आम उपभोक्ताओं पर डालने होंगे। इससे देश में महंगाई बढ़ेगी और घरेलू मांग पर नकारात्मक असर पड़ेगा।

**तेल कंपनियों पर दबाव:** भारत सरकार करीब 100 से 105 डॉलर प्रति बैरल तक की कीमतों को तो संभाल सकती है, लेकिन 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाते ही देश की सरकारी तेल विपणन कंपनियों (डटउ२) पर वित्तीय दबाव बहुत अधिक बढ़ जाएगा।

इन विपरीत परिस्थितियों के बीच राहत की बात यह है कि भारत ने अतीत में भी कच्चे तेल के स्रोतों में लचीलापन दिखाया है। देश ने जरूरत के अनुसार नए देशों से कच्चे तेल की खरीद करने की अपनी क्षमता साबित की है और आगे भी देश की ऊर्जा सुरक्षा को ही प्राथमिकता दी जाएगी। केयरएज की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के लिए असली चुनौती वैकल्पिक कच्चे तेल की उपलब्धता सुनिश्चित करना नहीं होगी, बल्कि मुख्य चुनौती यह होगी कि इस वैकल्पिक आपूर्ति को किस कीमत पर हासिल

## शहरी सहकारी बैंक: अमित शाह ने दिया बदलाव का मंत्र
### आरबीआई ने भी बढ़ाये हाथ; कैसे मझेगी बैंकिंग की धार

**एजेन्सी न्यूज**

**मुंबई।** 'शहरी सहकारी बैंकों को बदलते बैंकिंग दौर के साथ कदम मिलाने के लिए अब तकनीक, पारदर्शिता और आधुनिक ग्राहक सेवाओं पर तेजी से काम करना होगा।' केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मुंबई में नेशनल अर्बन को-ऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनयूसीएफडीसी) के नए कार्यालय के उद्घाटन के दौरान यह बात कही।

अमित शाह ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के दौर में वही संस्थाएं आगे बढ़ पाएंगी, जो समय के साथ खुद को बदलेंगी। ऐसे में शहरी सहकारी बैंकों के लिए तकनीक और पारदर्शिता अब विकल्प नहीं, बल्कि जरूरत बन चुकी है।

अमित शाह ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और शहरी सहकारी बैंकों के बीच आपसी सोच में बदलाव की जरूरत बताई। उन्होंने अपने पांच साल के अनुभव का जिक्र करते हुए कहा कि जब भी सहकारिता क्षेत्र ने आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की कोशिश की, आरबीआई ने सहयोग किया।

उन्होंने बताया कि आरबीआई ने शहरी सहकारी बैंकों के लिए



शाखाएं खोलने से जुड़े नियमों को आसान किया है। इसके चलते बैंक अब डोरस्टेप बैंकिंग, डिमांड ड्राफ्ट और लाइफ सर्टिफिकेट जैसी सेवाएं भी उपलब्ध करा रहे हैं।

अमित शाह के मुताबिक, छह लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की जमा राशि वाले इस क्षेत्र के लिए आरबीआई ने एक विशेष नोडल अधिकारी भी नियुक्त किया है। वहीं, आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की ओर से घोषित ह्यऑन-टैपह्ल लाइसेंसिंग व्यवस्था से करीब दो दशक से रुका शहरी सहकारी बैंकों का विस्तार फिर शुरू होने की उम्मीद है।

अमित शाह ने बताया कि देश में करीब 1,400 शहरी सहकारी बैंक हैं। इनमें से 690 बैंक अब तक एनयूसीएफडीसी के सदस्य बन चुके हैं।

उन्होंने बाकी बैंकों से भी एक साल के भीतर इससे जुड़ने की अपील की। उन्होंने एनयूसीएफडीसी से सदस्यता शुल्क कम करने पर भी विचार करने को कहा, ताकि ज्यादा से ज्यादा शहरी सहकारी बैंक इस व्यवस्था का हिस्सा बन सकें।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
*नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क करें
7579849555, 9627739857, 9997745413







जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।